सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-141 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 नवम्बर 2024
09 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## पटाखों पर बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को लगाई कड़ी फटकार

# सालभर पटाखे बैन करने पर फैसला लें

- कोई धर्म प्रदूषण फैलाने को बढ़ावा नहीं देता
- दिल्ली सरकार को 25 नवंबर की मिली डेडलाइन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें। दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट के सामने कहा था कि हम पटाखा बैन को पूरे साल लागू करने का फैसला सभी संबंधित विभागों से सलाह के बाद लेंगे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली पुलिस से कहा, दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधों को गंभीरता से लागू नहीं किया।


कोर्ट ने कहा कि दिल्ली पुलिस कमिश्नर पटाखों पर बैन लगाने के लिए स्पेशल सेल बनाएं। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने का फैसला करे। पिछली सुनवाई में पूछा था- पुलिस ने क्या कदम उठाए सुप्रीम कोर्ट ने पटाखा बैन पर पिछली सुनवाई के दौरान भी पुलिस एक्शन पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस से पूछा था कि किस तरह से पटाखों पर प्रतिबंध लागू किया गया।

### साफ हवा में सांस लेना मौलिक अधिकार

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोई भी धर्म ऐसी किसी गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता है, जिससे प्रदूषण फैलता हो। अगर इस तरह से पटाखे जलाए जाते हैं, तो इससे नागरिकों के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार पर भी असर पड़ता है। प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीना मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने पटाखों पर बैन को लागू करने के तरीके पर असंतोष जताया। बेंच ने कहा कि दिल्ली सरकार के 14 अक्टूबर को लगाए गए प्रतिबंध आदेश को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। दिल्ली पुलिस को सभी लाइसेंसधारकों को सूचित करना चाहिए था कि वे पटाखों की बिक्री तुरंत बंद कर दें।

### बैन लागू करने के लिए थाना प्रभारी जिम्मेदार

कोर्ट ने कहा- दिल्ली पुलिस तुरंत उन संस्थाओं को भी जानकारी दे जो ऑनलाइन पटाखे बेचते हैं। वे राजधानी दिल्ली की सीमाओं के भीतर पटाखों को बेचना बंद कर दें। पुलिस कमिश्नर निश्चित करें कि पटाखों पर बैन पूरे साल लागू करने के लिए सभी लोकल पुलिस स्टेशनों के थाना प्रभारी जिम्मेदार होंगे।



# जिरीबाम में 11 उग्रवादी ढेर

- मणिपुर में सीआरपीएफ का बड़ा एक्शन
- एक जवान घायल



**इम्फाल।** मणिपुर में सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ ने जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को मार गिराया है। वहीं इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान के भी घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया गया है।

सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया था, जिसके बाद ये मुठभेड़ हुई है। वहीं इससे पहले मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में पिछले तीन दिनों के भीतर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कई हथियार, गोला-बारूद और आईईडी जब्त किए हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोमफाई गांव से सटे जंगल में एक अभियान के दौरान एक .303 राइफल, दो नौ एमएम पिस्तौल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक .22 राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया। कांगपोकपी जिले के एस चौंगौबंग और माओहिंग के बीच संयुक्त टीम की तरफ से एक अन्य अभियान में एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक प्वाइंट 303 राइफल, दो एसबीबीएल बंदूकें, दो 0.22 पिस्तौल, दो इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, ग्रेनेड, गोला-बारूद भी जब्त किया गया। असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने रविवार को काकचिंग जिले के उटांगपोकपी के सामान्य क्षेत्र में हथियार और गोला-बारूद बरामद करने के लिए एक खुफिया-आधारित अभियान शुरू किया।

# प्रतियोगी छात्रों पर पुलिस ने भांजी लाठियां, मची भगदड़



- पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा दो दिन कराने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन की तैयारी के मद्देनजर जिला प्रशासन और आयोग प्रशासन में खलबली मच गई है। इसको देखते हुए सोमवार को सुबह से ही भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। आयोग की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई है और पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आयोग की तरफ बढ़ रहे प्रतियोगी छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। इससे छात्रों की भीड़ में भगदड़ मच गई। पूरे जिले की फोर्स को मौके पर बुला ली गई है। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने छात्रों के ऊपर बल प्रयोग करना पड़ा। छात्रों में भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्राएं भी आंदोलन में पहुंची थीं।

# संजीव खन्ना बने भारत के 51वें चीफ जस्टिस

- राष्ट्रपति भवन में ली पद की शपथ
- न्यायमूर्ति खन्ना 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में हुए थे पदोन्नत



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समारोह की अध्यक्षता की और न्यायमूर्ति खन्ना को पद की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति खन्ना ने अंग्रेजी में, ईश्वर के नाम पर, भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली और यह सुनिश्चित किया कि वह बिना किसी भय या पक्षपात, स्नेह या दुर्भावना के अपने कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और कई अन्य केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। इस मौके पर विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य न्यायाधीश के पद पर मनोनीत संजीव खन्ना को बधाई दी। बता दें, निवर्तमान सीजेआई धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ रविवार को सेवानिवृत्त हुए, जिससे न्यायमूर्ति खन्ना के लिए रास्ता बना, जो मुख्य न्यायाधीश के रूप में छह महीने का कार्यकाल पूरा करेंगे। भारत सरकार ने हाल ही में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की औपचारिक अधिसूचना जारी की थी, जो 11 नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। अपने अंतिम कार्य दिवस पर, भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अपने कार्यकाल को याद करते हुए भावुक हो गए और कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है। शुक्रवार को अपने भावपूर्ण विदाई भाषण में, सीजेआई चंद्रचूड़ ने पिछली पंक्ति में बैठने वाले एक लॉ छात्र से लेकर सुप्रीम कोर्ट की अध्यक्षता करने तक की अपनी यात्रा भी साझा की।

### 45 केस की सुनवाई की

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में अपने पहले दिन 45 मामलों की सुनवाई की और वकीलों के साथ-साथ बार नेताओं को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से शपथ दिलाए जाने के बाद सीजेआई संजीव खन्ना दोपहर के समय सीजेआई के पवित्र न्यायालय में दाखिल हुए।

# हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है : पीएम मोदी

- विकसित भारत बनने की पहली शर्त रखी



**वडताल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत बनने की पहली शर्त, हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। पीएम मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात में खेड़ा जिले के वडताल में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये कोई बाहर वाला काम नहीं आयेगा, हमें ही करना पड़ेगा। पीएम मोदी ने आज वडताल धाम में द्विशताब्दी समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा, भगवान स्वामीनारायण से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है, कि इस परंपरा से मेरा संबंध कितना गहरा है। हमारे राकेश जी बैठे हैं वहां, उनसे मेरा नाता कैसा है, कितना पुराना है, वह कभी आपको बताएंगे। ये रिश्ता आत्मिक भी है, आध्यात्मिक भी है और सामाजिक भी है। जब मैं गुजरात में था, तब संतों का सानिध्य और सत्संग मेरे लिये सहज उपलब्ध रहता था। वह मेरे लिये एक सौभाग्य की पल होते थे और मैं भी उस पल को जी भर के जीता था। स्वामीनारायण भगवान की कृपा से आज भी किसी न किसी के रूप में प्रत्यक्ष नहीं तो परोक्ष रूप से वो क्रम तो चलता ही रहता है।

# दिल्ली में एक्यूआई 350 पार

- कूड़ा जलने से प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.138% रही
- स्मॉग की चादर छाने से सांस लेने में दिक्कत




**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब है। यह रविवार के तुलना में 16 सूचकांक अधिक है।

दिन भर स्मॉग की चादर छाने से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन महसूस की। सुबह स्मॉग और धुंध की वजह से दृश्यता में गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग एयरपोर्ट में सुबह सात बजे दृश्यता 700 मीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं, पालम में सुबह साढ़े सात बजे के बीच दृश्यता 1000 मीटर रही। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक वेंटिलेशन इंडेक्स 7000 घनमीटर प्रति सेकंड रहा। वहीं, 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 6000 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में पराली से होने वाली वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 15.313 फीसदी रही। जबकि ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 12.122 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.138 फीसदी रही। सीपीसीबी के अनुसार बृहस्पतिवार तक वायु प्रदूषण की यही स्थिति रहने वाली है। इसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। ऐसे में लोगों को बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक मंगलवार को हवा की दिशा बदलेगी।

## इस्राइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक ने की इस्तीफे की पेशकश

**पूर्व रक्षा मंत्री ने की थी नियुक्ति**



**तेल अवीव।** कई मोर्चे पर युद्ध लड़ रहे इस्राइल में आंतरिक कलह भी शुरू हो गई है। पीएम नेतन्याहू की तरफ से रक्षा मंत्री को अचानक पद से हटाने के बाद अब इस्राइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक इयाल जमीर ने अपने पद से इस्तीफा देने का अनुरोध किया है। इस मामले में इस्राइली रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इयाल जमीर ने आज सुबह नए रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज से पहली कार्य बैठक के लिए मुलाकात की। इस बैठक के दौरान उन्होंने ने जल्द ही अपना पद छोड़ने का अनुरोध किया है।

**रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज ने नहीं मंजूर किया इस्तीफा**

मंत्रालय का कहना है कि रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज के अनुरोध पर, इस बात पर सहमति बनी कि इस समय महानिदेशक अपने पद पर बने रहेंगे। बता दें कि इयाल जमीर को पिछले साल पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नियुक्त किया था। पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विवादास्पद तरीके से बर्खास्त कर दिया था।

## चुनाव प्रचार — राजद, झामुमो व कांग्रेस पर बरसे मुख्यमंत्री


# एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे : योगी

- राजद, झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार विकास नहीं विनाश के दूत
- भाजपा की सरकार बनने पर हुसैनाबाद का नाम बदलकर रामनगर करेंगे : सीएम



**पलामू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम बंटे थे तो अयोध्या, काशी व मथुरा में अपमान झेलना पड़ा। बहन-बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ का अपमान झेलना पड़ा। बंटे थे तो कटे थे, इसलिए अब कहने आया हूं कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। योगी सोमवार को पलामू के हुसैनाबाद, पांकी एवं मेदिनीनगर व गढ़वा के श्री बंशीधर नगर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब ये राम मंदिर का निर्माण नहीं कर सकते, भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान नहीं दे सकते, बाबा साहेब को सम्मान नहीं दे सकते, बेटियों की रक्षा नहीं कर सकते, बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को देश से बाहर नहीं कर सकते, देश को सुरक्षा नहीं दे सकते, गरीबों का कल्याण नहीं कर सकते तो फिर इन्हें चुने क्यों? कहा कि इनको एक सिरे से खारिज करने की आवश्यकता है। यह सरकार घुसपैठिये, रोहिंग्या व पत्थरबाजों की हितैषी है। लव जिहाद के नाम पर बांग्लादेशी घुसपैठिये इस प्रकार कोहराम मचा रहे हैं कि उच्च न्यायालय को भी चिंता करनी पड़ी। झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण राज्य है। यहां देवघर है, जहां लोग कांवड़ यात्रा लेकर आते हैं। अगर कांग्रेस, झामुमो व राजद की चले तो यह कांवड़ यात्रा पर भी रोक लगा दें। पहले यूपी में कांवड़ यात्रा नहीं होने देते थे। अब यूपी में कांवड़ यात्रा होती है। शंख, घंटा और डीजे भी बजते हैं। माफिया से निपटने के लिए जज्बा चाहिए। हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राजद, झामुमो व कांग्रेस की गठबंधन सरकार विकास नहीं विनाश के दूत हैं। इसने पांच साल तक राज्य का विकास नहीं होने दिया। उन्होंने झारखंड के बालू, खनिज, जंगल सहित स्वाभिमान को भी बेचा है। इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। बालू, कोयला, भूमि घोटाला आदि इसके उदाहरण हैं, इसलिए झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी तो विकास की गाड़ी तेजी से चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर हुसैनाबाद का नाम बदलकर रामनगर करेंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, आलोक कुमार चौरसिया व भानू प्रताप शाही को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सुरक्षा, विकास, सम्मान के लिए काम करती है।

# आईजीआरएस सन्दर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जायः जिलाधिकारी

## डीएम ने की आईजीआरएस की गहन समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में अफसरों के साथ आईजीआरएस प्रकरणों की गहन समीक्षा की। निर्देश दिए कि जनशिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता लाएं। लापरवाही होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि मिलेगी बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्रतिदिन कोई भी संदर्भ डिफाल्टर न होने दें। अगर किसी भी अधिकारी का संदर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई होगी। निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न होने पर जिले का रैंक प्रभावित होती है। सभी अधिकारी स्वयं भलि-भांति परीक्षण कर समयबद्धता के साथ सन्दर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। निस्तारण की कार्रवाई से फरियादी का संतुष्ट होना जरूरी है। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए डीएम ने ज़िला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वयं मौके पर जाकर फरियादी से वार्ताकर प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करे। अधिकारी पीड़ित और परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। जनशिकायतों और समस्याओं से जुड़े आवेदन का संतोषप्रद निस्तारण किया जाये। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिस स्तर पर शिकायत लंबित है या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, तो उसका कारण जानकर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए एडीएम संजय कुमार सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों समस्त एसडीएम को निर्देश दिया कि अपने संबंधित आइजीआरएस पोर्टल की स्वयं मॉनिटरिंग करें, जो शिकायतें आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही हैं, उसका निस्तारण समय सीमा के अंदर गुणवत्तायुक्त कराएं। शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर उन्हें संतुष्ट भी करें।

## डीसीएम से बाइक टकराने से दो लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** फरधान क्षेत्र में लखीमपुर-बेहजम मार्ग पर डीसीएम से बाइक टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। हादसा सोमवार सुबह घने कोहरे की वजह से हुआ। फरधान थाना क्षेत्र नीमगांव के गांव परसेहरा कलां निवासी 30 वर्षीय शमशाद अपने भाई लुकमान को दवा दिलाने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनके साथ 37 वर्षीय रिजवान भी थे। शमशाद के भाई रुखसार अहमद ने बताया कि तीनों को लखीमपुर से लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़नी थी। लखीमपुर-बेहजम मार्ग पर अंदापुर गांव के पास उनकी बाइक सड़क पर खड़ी डीसीएम से टकरा गई।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा अ0सं0 114/2006 धारा 323/504/506 भादवि0 से संबंधित वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र शीतला सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

## बंदूक लोड करते समय चली गोली, दुकान पर बैठे सराफा व्यापारी के पेट में जा लगे छर्रे

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में सोमवार सुबह सुरक्षा कर्मी की बंदूक से गोली चल गई, जिसके छर्रे दुकान पर बैठे सराफा व्यापारी के पेट में जा लगे। इससे वह घायल हो गए। सीएचसी में उनका उपचार कराया गया जानकारी के मुताबिक बैंक का सुरक्षा कर्मी सोमवार सुबह अपनी बंदूक लोड कर रहा था, तभी फायर हो गया। इससे सड़क की दूसरी तरफ दुकान पर बैठे सराफा व्यापारी एवं उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार सोनी के पेट में छर्रे लग गए। घटना से अफरातफरी मच गई बैंक प्रबंधक ने अपनी कार से घायल शिवकुमार सोनी का सीएचसी ले जाकर इलाज कराया। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राममोहन सोनी, पवन गुप्ता और घायल शिवकुमार सोनी, उनके परिजनों ने पुलिस की शिकायत की। पुलिस ने सुरक्षाकर्मी को हिरासत में लिया है बैंक प्रबंधक उमेश कुमार ने बताया कि सुरक्षा गार्ड सुनील कुमार जो कि सेवानिवृत्त सैनिक हैं। अप्रैल 2022 से बैंक में सुरक्षा गार्ड हैं। रोज की भांति वह सोमवार सुबह बंदूक साफ कर लोड कर रहे थे। इस दौरान से फायर हो गया है।

## बहुचर्चित पुष्पेंद्र हत्याकांडः बेटे के सदमे में मां ने तोड़ दम, शव लेकर परिजन पहुंचे एस एस पी ऑफिस



**बरेली।** पुष्पेंद्र की हत्या के बाद अब मां नरेनो देवी पति बाबू राम ने भी दम तोड़ दिया। नरेनो देवी का शव लेकर परिवार वाले एसएसपी कार्यालय पहुंचे। हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे पुष्पेंद्र की पत्नी संगिता गंगवार ने बताया कि बेटे के गम में मां नरेनो देवी ने बीती रात तम तोड़ दिया। देवर की करीब तीन साल पहले हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने पति पुष्पेंद्र की हत्या कर दी। पुष्पेंद्र के परिवार वालों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर फरार चल रहे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। बता दें, पुष्पेंद्र हत्याकांड के तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में तीनों ने कुबूल किया कि पुष्पेंद्र उनके खिलाफ चल रहे दो मुकदमों में गवाह थे। इनमें से विनोद की हत्या के केस में सजा होने के डर से उन्होंने हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल के घर में बैठकर पुष्पेंद्र की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद रविवार को ही तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चंदपुर का भीमसेन उर्फ गुड्डू, खरदाह के गंगेश और अवधेश शामिल हैं। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह के मुताबिक तीनों को रविवार को गांव रावल के पास दबिश देकर दबोचा गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पुष्पेंद्र के भाई विनोद की हत्या में पवन, हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल और उसका भाई अर्जुन नामजद थे, जिनमें से पवन पहले से जेल में है। एक दूसरे केस में सिपिन उर्फ राजू, संतोष और गौरव के विरुद्ध भी पुष्पेंद्र की गवाही होनी थी।

## लावारिस अवस्था में मिली बच्ची को परिजनों को किया सुपुर्द

सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस ने लावारिस अवस्था में मिली एक बच्ची के परिजनों को तलाश कर परिजनो के सुपुर्द किया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

थाना नानौता प्रभारी सचिन पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व महिला उपनिरीक्षक अवनी उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगभग 10.30 बजे भारी अड्डे के पास से दो वर्ष की एक बच्ची, जो अपने माता-पिता का नाम नही बात रही थी, लावारिस अवस्था मे मिली। श्री पूनिया ने बताया कि पुलिस टीम ने परिजनों को मात्र एक घण्टे की अल्पअवधि के अन्दर तलाश कर लावारिस बच्ची को उनके सुपुर्द कर लिया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# मौलाना तौकीर रजा की मुसलमानों से अपील...24 नवंबर को चलो दिल्ली

*अवधनामा संवाददाता*




**बरेली।** जयपुर में हए तहफ्फुज-ए-औकाफ कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने लोगों से दिल्ली रामलीला ग्राउंड पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जलसे और धरने तो होते रहते हैं, लेकिन अगर सरकार से अपनी बात मनवानी है तो सारे मुसलमान एक जुट होकर 24 नवंबर को दिल्ली का घेराव करें। पैगंबर-ए-इस्लाम व इस्लाम से जुड़े प्रतीकों पर होने वाली गलत टिप्पणियों के खिलाफ प्रदर्शन की बात उन्होंने कही है। रविवार को जयपुर में हुए कार्यक्रम का वीडियो आईएमसी की तरफ से जारी किया गया है। जिसमें मौलाना ने कहा कि 25 नवंबर से संसद का सत्र शुरू हो रहा है, दिल्ली में वह 24 नवंबर को तहफ्फुज-ए-नामूसे रिसाल कॉन्फ्रेंस करने जा रहे हैं। लिहाजा सरकार से अगर अपनी बात मनवानी है तो रामलीला ग्राउंड पहुंचे। वहां खड़े होकर बात मनवाने की कोशिश करेंगे तो संसद तक आवाज पहुंचेगी। संसद के इसी सत्र में ईश निंदा के खिलाफ बिल भी पास कराया जाएगा। मौलाना ने कहा दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में हम तिरंगा लेकर आएंगे। लेकिन अगर हमारी मांगे नहीं मानी गईं तो 15 दिन बाद फिर आएंगे लेकिन अपने तरीके से आएंगे। उन्होंने तहफ्फुज-ए-औकाफ कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए कहा कि जहां तक औकाफ की बात है किसी के बाप में हिम्मत नहीं जो हमारी संपत्ति पर कब्जा कर सके। आज की सरकार ज्यादा बेईमान मौलाना ने कहा कि सरकार तो हमेशा बेईमान रही है, लेकिन आज की सरकार हमेशा बेईमान है। हमारे मामलों पर नजर रखी जाती है, लेकिन अपने मंदिर में जाकर नहीं देखते जहां मंदिर के प्रसाद गाय की चर्बी मिलाई जा रही है। मंगलवार को मौलाना करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस आई एम सी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया के रामलीला मैदान देहली में नामूस ए रिसालत के लिए 24 को कार्यक्रम रखा गया है इसकी विस्तृत जानकारी का ऐलान आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान 12 नवंबर को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर करेंगे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सहारनपुर। थाना कोतवाली नकुड़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना नकुड़ प्रभी अविनाश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सत्येन्द्र शर्मा, शिवम चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खाताखेड़ी से गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी नासिर पुत्र इमरान निवासी ग्राम धलापड़ा थाना सरसावा को गिरफ्तार कर लिया। श्री गौतम ने बताया कि इसी मामले में तीन आरोपियों आलम उर्फ आलमगीर, जहाँगीर व सौरन सिह को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# रामनगर या लालकुआं से मुंबई तक छह महीने में दौड़ेगी हाईस्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल द्वारा स्लीपर कोच वाली सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन रामनगर या लालकुआं से मुंबई तक चलाई जाएगी। सेमी हाईस्पीड ट्रेनों के लिए जरूरी ट्रैक को बदलने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। किच्छा में ट्रैक की मजबूती का काम भी इसी योजना का हिस्सा है। इज्जतनगर मंडल को वंदे भारत ट्रेन पहले ही मिल गई थी, लेकिन वाशिंग लाइन की दिक्कत और ट्रेन की स्पीड के अनुसार ट्रैक की मजबूती नहीं होने से इनका संचालन कुछ दिनों के लिए टल गया था। अगले छह महीने में ट्रैक बदलकर वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू कर दिए जाने की उम्मीद है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार काठगोदाम स्टेशन की वाशिंग लाइन में ट्रेन को खड़ी




करने के लिए जगह की कमी है। ऐसे में लालकुआं या रामनगर से मुंबई के लिए वंदे भारत स्लीपर चल सकती है। इसकी तैयारियां जारी हैं। वर्तमान में इज्जतनगर मंडल में रेलवे ट्रैक की क्षमता 110 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेनों को दौड़ाने की है। लेकिन वंदे भारत ट्रेनों की गति इससे कहीं तेज होती है। मंडल में कई जगह रेल लाइन और सड़क पास-पास हैं। इससे वन्य जीवों के हाई स्पीड ट्रेनों सी चपेट में आकर हताहत होने या बड़े हादसे की वजह बनने का खतरा भी है। इसे रोकने के लिए रेलवे ट्रैक के दोनों किनारों पर फैंसिंग भी कराई जाएगी। इसका टेंडर भी हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन का रूट भी लगभग तय हो गया है। रुद्रपुर या लालकुआं से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, कासगंज, मथुरा होते हुए मुंबई तक चलाई जा सकती है। किच्छा में बीसीएम से पत्थरों को साफ करने का काम कई दिनों से काम चल रहा है। चार घंटे के ब्लॉक में हर रोज 400 मीटर काम हो रहा था लेकिन रविवार की रात एक और मशीन मंगाकर 700 मीटर तक काम पूरा किया गया। बीसीएम डिरेल होने से तीन दिन काम प्रभावित रहा तो अब एक मशीन और मंगा ली गई है। गोरखपुर से एक और मशीन यहां पहुंच जाने से अब पांच मशीनों के जरिए पत्थरों की सफाई का काम बहुत तेजी से कराया जाएगा।

मंडल में कई जगह पुरानी पटरी पड़ी हैं जो 52 और 60 किलो की हैं, जबकि 52 किलो की रेल पटरी पर हाईस्पीड ट्रेनें नहीं चलाई जा सकती हैं। भोजीपुरा-मैलानी रूट पर 60 किग्रा की पटरी डाली गई है। इसके अलावा कई अन्य सेक्शनों में भी पटरियां बदली जा चुकी हैं। पुरानी रेल पटरियों की नीलामी के बजाय इनका उपयोग रेलवे ट्रैक की मजबूत फैंसिंग बनाने में किया जा रहा है। इसी तरह लकड़ी के बेकार स्लीपरों से रुद्रपुर स्टेशन पर सड़क बनाई गई है जो मजबूती में सीसी रोड से भी ज्यादा बेहतर हैं।

# मासूम बच्ची का अपहरण करने वाले दो महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



सहारनपुर। मण्डी कोतवाली पुलिस ने ढाई वर्ष की मासूम बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा कर दो महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष मासूम बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि विगत् 08 नवम्बर को शादाब पुत्र फैजान निकट सुमैया मस्जिद खाताखेडी, थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की ढाई वर्ष की बच्ची का अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री मांगलिक ने बताया कि थाना मण्डी प्रभारी नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, अतुल कुमार, महिला हैड कांस्टेबल अर्चना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य व पूछताछ के बाद सही जानकारी मिलने पर आजाद कॉलोनी थाना मण्डी से आरोपी दोनों महिला अभियुक्ता नेहा अंसारी पुत्री इलियास व उजुम पत्नि सलमान निवासीगण आजाद कालोनी गली नं0 12 थाना मण्डी को मय अपहृत बच्ची फबिया उम्र 2.5 वर्ष के सहित गिरफ्तार कर लिया। श्री मांगलिक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिला अभियुक्ता ने जानकारी दी कि हम दोनों खाताखेडी में पानी की टंकी के पास भीख मांग रही थी कि गली में यह बच्ची दिखाई दी, तो हम इस बच्ची को उठाकर अपने घर ले आयी, हम इस बच्ची को कही बाहर अच्छे रुपये में बेचने की फिराक में थे, लेकिन अभी कहीं बात नहीं बनी थी, यदि ये बच्ची नही बिक पाती, तो ये इसे अपने साथ ही भीख मांगने के काम में लगा लेती। पुलिस ने दोनों महिला अभियुक्ता का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया एचटीसी ने अपना स्थापना दिवस

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी ने अपना सांतवा स्थापना दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। राधा-कृष्ण की आलौकिक झांकियां दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही।

अम्बाला रोड स्थित एक सभागार में एचटीसी के पदाधिकारियों द्वारा संगठन का सातवां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा, विभा स्कॉट, महेंद्र तनेजा, इंदरजीत सिंह बत्रा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एचटीसी कोर कमेटी और संरक्षकों ने केक काटकर प्रोग्राम की शुरुआत की। गणेश वंदना एवं बाल नृत्य द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट करने वाले चाचा चंपक, गुत्थी के किरदारों को दर्शकों ने खूब सराहा। ब्लूज बैंड, उदित के लाइव गीतों व भांगड़ा डांस का सभी ने आनंद लिया। हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी को गोयल परिवार ने दिल्ली रोड पर उनके सेवा कार्य को देखते हुए 200 गज का एक प्लॉट डोनेट किया। साथ ही एचटीसी परिवार के सीनियर मेंबर्स द्वारा एचटीसी की टीशर्ट भी लांच की गई। इस दौरान राधा-कृष्ण की आलौकिक झाकियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। संस्थापक अध्यक्ष परम बत्रा ने गोयल परिवार को सम्मान स्वरूप ट्रॉफी और शाल भेंट की। जनरल सेक्रेटरी कार्तिक खुराना और कोषाध्यक्ष विजय दत्ता ने विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अंकित अरोड़ा, उदय बनर्जी, विशाल नारंग, काजल खुराना, नमन सचदेवा, विनय आहूजा, देवेंद्र सचदेवा, रमनदीप सिंह, तरणदीप सिंह, जीएस चुग, निधि पाल, तान्या शर्मा, जाहन्वी, शिवांगी बब्बर, विक्की खुराना, विक्की लूथरा, डॉ. मनप्रीत बत्रा, सक्षम सेतिया, अनिल गगनेजा, हरप्रीत सिंह गोगिया, दीपक, प्रवीन चोपड़ा, मानी बावा आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 महिलाओं को किया सम्मानित

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति (फेज 05) के अन्तर्गत प्रचलित अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता कार्यक्रम कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की ख्याति प्राप्त महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाईन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति (फेज 05 ) के अन्तर्गत प्रचलित अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु जागरूकता कार्यक्रम कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की ख्याति प्राप्त 11 महिलाओं को अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा.अर्चना द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक एवं पुलिस अधीक्षक यातायात व नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सिद्धार्थ वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी महिला थाना, सहारनपुर, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ, सहारनपुर एवं अन्य महिला अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# रंगमंच परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का किया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रंग यात्रा नाट्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में रंगमंच परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रंग मंच एवं कलाकारों को प्रोत्साहित किए जाने पर बल दिया गया।

दुर्गा विहार स्थित एक विद्यालय में आयोजित परिचर्चा एवं सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के रंगमंच में सहारनपुर की रंग संस्थाओं का योगदान विषय पर आयोजित परिचर्चा में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.वीरेंद्र आजम ने कहा कि सहारनपुर रंगमंच का अपना इतिहास है। सहारनपुर कला के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। आज रंग कर्मियों को निर्देशन व अभिनय के साथ-साथ सामयिक विषय पर भी नाट्य लेखन की शुरुआत करने की आवश्यकता है, ताकि सहारनपुर रंग कर्मियों द्वारा लिखित नाटक उत्तर प्रदेश व देश में कार्य करें और संस्थान द्वारा उन्हें आगे बढ़ाया जा सकें। वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश शर्मा ने कहा कि जहां सहारनपुर रंगमंच ने बाल नाट्य कार्यशालाओं में बच्चों में रंगमंच की के प्रति सोच पैदा की है इसी का परिणाम है कि आज रगमंच के क्षेत्र में देश में प्रदेश में सहारनपुर का नाम लिया जाता है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य योगेश दहिया ने कहा कि जनपद के कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से जनपद के रंगमंच को देश-प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का काम किया। रंग यात्रा के निदेशक रवींद्र तेजान ने कहा कि हमारा प्रयास सहारनपुर रंगमंच के समस्त रंग कर्मियों एवं साहित्यकारों के साथ इस प्रकार से परिचर्चा जारी रखी जाएगी ताकि उत्तर प्रदेश एवं पूरे देश में सहारनपुर का नाम आगे बढ़ सकें इसके लिए हम सब लोगों को आपस में मिलजुल कर एक दूसरे को सहयोग करने की जरूरत है। इस अवसर पर इप्टा के सतनाम, अदाकार ग्रुप से जावेद निसार, नवांकुर संस्था प्रशांत राजन, विरद कला केंद्र ट्रस्ट से राहुल त्रिपाठी, पहल रंगमच संस्था से इश्तियाक अंसारी, अभिनय मित्र संस्था से गगनदीप ने अपने विचार व्यक्त कर अपनी संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यो को विस्तार से बताया। इस अवसर



पर रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले संस्थाओं के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम को उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम के किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नही है। अपने समस्त कृत्यों का सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आमिना पत्नी चुन्ना**
**नि0 ग्राम राजापुर निकट**
**चावला बाग**
**कोतवाली सदर**
**जिला लखीमपुर खीरी।**

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम को उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम के किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नही है। अपने समस्त कृत्यों का सलीम तथा पुत्रवधु वासरूल पत्नी सलीम स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**चुन्ना पुत्र मो0 जान**
**नि0 ग्राम राजापुर निकट**
**चावला बाग**
**कोतवाली सदर**
**जिला लखीमपुर खीरी।**

# द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन द्वारा वकार रिज़्वी की स्मृति में चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित रईस मज़िल में आयोजित चिकित्सा शिविर में अवधनामा न्यूज पेपर के संस्थापक वकार रिज़्वी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डा. रानू सिंह (कम्युनिटी न्यूट्रिशनिस्ट, चीफ प्रोग्राम ऑफिसर - कम्युनिटी न्यूट्रिशन कोर ग्रुप, आईएपीएन इंडिया) और विशिष्ट अतिथि के रूप में जमाल अहमद (चार्टर्ड अकाउंटेंट) और तसदीक फातिमा (अवधनामा न्यूज पेपर की चेयरपर्सन) मौजूद रहीं। शिविर में लगभग 305 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया और उन्हें दवाएं प्रदान की गई। मुख्य अतिथि डा. रानू सिंह ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर लोगों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। इस चिकित्सा शिविर में डा. उज्मा अली, डा. मारिया परवीन, डा. जियाउल्लाह, डा. जोया जमील, डा. रोजी जमील, डा. सबा आफरीन, डा. फैज अहमद मंसूरी, डा. तंज़ीम बानो और डा. अनीकेत चौधरी सहित कई चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।द एमएसजी फाउंडेशन अब तक 88 चिकित्सा शिविर आयोजित कर चुका है और 15068 मरीजों को लाभ पहुंचा चुका है। वही इस मौके पर थे द एमएसजी फाउंडेशन की पूरी टीम भी मौजूद रही। द मदद सहयोग गाइडेंस के संस्थापक मोहम्मद सादिक ने कार्यक्रम उपरांत लोगों को धन्यवाद किया।

**शिविर में लगभग 305 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया**

## हाईटेंशन से झुलसे युवक की उपचार के दौरान मृत्यु

**उरई (जालौन)।** एक युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। युवक खेत में धान की फसल कटवा रहा था और हार्वेस्टर की टंकी पर बैठा था तभी वहां झूल रहे एचटी लाइन के तार में प्रवाहित करंट का झटका खाकर वह नीचे आ गिरा। तत्काल उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी संतोष पटेल चचेड़ा गांव के पास खेत बंटाई पर लिए थे। रविवार की सुबह संतोष का बेटा अवनीश उर्फ दामोदर पटेल (28) खेत पर हार्वेस्टर से धान की फसल कटवा रहा था। युवक हार्वेस्टर पर चढ़ कर टंकी देख रहा था तभी ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया और झटका खाकर नीचे जमीन पर आ गिरा। वहां मौजूद उसके चाचा शिवकुमार ने उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया।

# गंगोत्री पैरामेडिकल एवं मेदांता के द्वारा आयोजित की गई केयर कनेक्ट कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** पैरामेडिकल संस्थान गंगोत्री पैरामेडिकल में मेदांता अस्पताल लखनऊ के सहयोग से आयोजित एन एच केयर कनेक्ट प्रोग्राम के तहत कार्यशाला के प्रथम मॉड्यूल का प्रशिक्षण मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक डॉक्टर शक्तिधर वाजपेई और मेदांता अस्पताल लखनऊ की ज्योति सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस कार्यशाला में मेदांता अस्पताल लखनऊ की टीम का नेतृत्व ज्योति सिंह ने किया जिसमें मुख्य रूप से गिरजेश कुमार, मेदांता अस्पताल लखनऊ के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव प्रभात मिश्रा उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों के द्वारा ट्रेनी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के बारे में नई-नई तकनीक व मेदांता अस्पताल लखनऊ में होने वाले चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। आए हुए प्रशिक्षकों को संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी आयुष द्विवेदी के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया और बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य संस्थान के छात्र-छात्राओं का कौशल व सर्वांगीण विकास करना है, जिससे उन्हें नए-नए आधुनिक चिकित्सकीय कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर संस्थान की ओर से क्षमा शुक्ला, अंजली शर्मा, रेखा आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के संरक्षक डॉक्टर शक्तिधर वाजपेई ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व आगे होने वाले अन्य मॉड्यूल की ट्रेनिंग के बारे में अवगत कराया।

## लखनऊ के पं बेअदब लखनवी व रामराज भारती को साहित्य सेवा के लिए बदायूं में किया गया सम्मानित



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** के बी हिन्दी सेवा न्यास एवं डॉ मिथिलेश दीक्षित साहित्य - संस्कृति सेवा न्यास, बाबू कुटीर ब्रह्मपुरी, पिन्दारा रोड, बिसौली, बदायूं के संयुक्त तत्वावधान में 10वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह 2024 का आयोजन बदायूं स्थित आर के इण्टरनैशनल स्कूल में किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज सेवी और साहित्यकार अशोक खुराना ने की। कानपुर के गीतकार हरि लाल मिन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि डॉ मो. अरशद खान, मुरादाबाद के बाल साहित्यकार डॉ राकेश चक्र, नागपुर के राम कृष्ण सहस्त्रबुबुद्धे, व बिहार के हबीब रहे। संरक्षक डॉ सत्यप्रकाश मिश्र, शान्ति कुमार स्याल, आनन्द कुमार दूबे, सुग्रीव वार्ष्णेय अमन की उपस्थिति में लखनऊ के डॉ रामराज भारती फतेहपुरी को भूषण श्री सम्मान व 1100/ का नकद पुरस्कार व पण्डित बेअदब लखनवी को राम अवतार त्यागी स्मृति सम्मान, डॉ प्रेम लता त्रिपाठी को महाश्वेता देवी स्मृति सम्मान, उपमा आर्य सहर सपना पाराशरी स्मृति सम्मान, विनीता त्रिपाठी चंचल ज्ञानेश्वरी दुवे स्मृति सम्मान व दीनबंधु आर्य सरल को अनिल अग्रवाल स्मृति व प्रत्येक को विभूषण श्री सम्मान व 2100/ की नकद धनराशि प्रदान की गई। इसी के साथ डॉ सतीश चंद्र शर्मा की बाल साहित्य पर काव्य कृति आओ पूछें दादू से, पत्रिका नये क्षितिज, दोहा विशेषांक नये क्षितिजका लोकार्पण भी हुआ।

# फर्रुखाबाद कला साधक संगम में अद्भुत शंख प्रदर्शनी हेतु पुरवार दम्पत्ति सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** कला साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के कानपुर बुन्देलखण्ड प्रान्त (पूर्वी उत्तर प्रदेश) के त्रिदिवसीय कला साधक संगम में उरई के डा हरी मोहन पुरवार व श्रीमती सन्ध्या पुरवार को सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान उनके द्वारा संग्रहीत एवं प्रदर्शित अद्भुत शंख प्रदर्शित करने हेतु अमतपुर के विधायक श्री सुशील कुमार शाक्य व बिरजू महाराज कत्थक संस्थान की ऊपाध्यक्षा श्रीमती मिथिलेश तिवारी द्वारा शाल ऊढाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे अद्भुत शंख हमने इससे पूर्व कभी भी नही देखे। पुरवार दम्पति द्वारा लगाई गई अद्भुत शंख वीथिका का उद्घाटन मुख्य अतिथि, राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ के उपाध्यक्ष श्री गिरीश चन्द्र मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वीथिका में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश जी, श्री शंकर जी,माता कालीजी, माँ कामाख्या मैय्या,, श्री विष्णु के चारों आयुध( शंख, चक्र, गदा, पद्म) एवं उनके दस अवतारों के प्रतिरोपित शंखों का प्रदर्शन किया गया। इस प्रकार का प्रदर्शन विश्व पटल पर प्रथम बार किया गया था। इनके अतिरिक्त छत्रपति शिवाजी महाराज, माँ गंगा के उद्गम स्थल गोमुख ,श्री राम लक्ष्मण सीता,श्री हनुमन्त लाल जी,की छवि के समीचीन शंखों को भी प्रदर्शित किया गया। भगवान भाष्कर के आभार मण्डल युक्त सूर्य शंख (नौटिलस शैल) आकर्षण का केन्द्र रहा। मोती युक्त सीप ने सभी को आश्चर्य चकित किया। इस वीथिका का आवलोकन कला साधक संगम में विभिन्न स्थानों से पधारे कला साधकों के साथ साथ फर्रुखाबाद के एक हजार से अधिक विद्वतजनों द्वारा किया गया। इस कला साधक संगम में आयोजित विचार संगोष्ठी में डा0 हरी मोहन पुरवार ने लोक एवं विरासत और उसके संरक्षण पर अपने सारगर्भित विचार रखे जिन्हें श्रोताओ द्वारा उन्मुक्त कण्ठ से सराहा गया।

## लॉरेंस गैंग का सदस्य बताकर कपड़ा व्यवसाई को धमकी

**कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे के एक कपड़ा व्यवसायी से फोन पर लारेंस गैंग का सदस्य बताकर जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। धमकी देने वाला बदमाश खुद को लारेंस गैंग का सदस्य बताते हुए बोल रहा हैं पुलिस प्रशासन कोई बचा नहीं पाएगा तुम्हारी सुपारी मिल गई है..टपका दूंगा। बचना हो तो बच लो.. सोशल मीडिया पर धमकी भरा ऑडियो वॉयरल हो रहा है। पुलिस इस मामले में अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। इस घटना से व्यापारी का परिवार सहमा हुआ है। कस्बा निवासी दीपक रौनियार पुत्र रामनरेश कस्बे के मेन मार्केट में कपड़े की दुकान चलाता है। चार नवंबर को उसके फोन पर अनजान नंबर से काल आई। फोन उठाते ही दूसरी ओर से भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लारेंस गैंग का सदस्य बताकर जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद शनिवार शाम से रात 11 बजे के आसपास अलग-अलग नंबरों से फोन आने लगे और फोन करने वाला जान से मारने धमकी दे रहे थे। फोन करने वाले ने कहा कि चाहे तू किसी से शिकायत कर लो लेकिन तुम बच नहीं पाओगे। इसके बाद पीड़ित ने सुबह पुलिस की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर फोन करने वाले नंबरों का लोकेशन और अन्य चीजों की जांच की जा रही है। एक-दो नंबरों के जांच में पश्चिम बंगाल का नंबर बताया जा रहा जो स्पैम नंबर है।

## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद श्री जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एंव थाना-नबाबगंज पुलिस बल द्वारा छ्वत्रऋ शिकायत निस्तारण के क्रम में ग्राम- कड़ौली में दबिश दी गयी। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, आनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फरुखाबाद की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में शिक्षक भवन में किया गया। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक के उपरांत आठ सूत्रीय मांग पत्र बीएसए गौतम प्रसाद को दिया। शिक्षकों के मूल अभिलेख वापस करने की तिथि शीघ्र दी जाएगी। अन्य मांगों का निस्तारण शीघ्र करने का आश्वासन बीएसए ने दिया। निलंबित कायमगंज ब्लाक अध्यक्ष निर्देश गंगवार को जल्द ही बहाल किए जाने का आश्वासन भी बीएसए ने दिया। इस अवसर पर राजेश कुमार, राकेश यादव, अश्विनी चतुर्वेदी, सुशील माथुर, अमित मिश्रा, बलवीर सिंह, विकास गंगवार, उपदेश गंगवार ,शिवमोहन, केपी सिंह, बादशाह, मुन्ना लाल यादव, लक्ष्मी देवी, अर्चना सिंह, राजीव कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्युत पोल से टकराए बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित जगदीशपुर गांव के समीप एक बाईक सवार की बिजली पोल से टकराने से मौत हो गई। अभय चौहान पुत्र अमेरिका चौहान उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी अवरही कृतपुरा थाना कप्तानगंज सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे घर से किसी कम से पिपराइच की तरफ जा रहा था जैसे ही जगदीशपुर गांव के पास पहुंचा था कि उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। अभय चौहान बुरी तरह घायल हो गया और मौके पर उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# शव वाहन पर लगा ब्रेक हटा, फिर से मिला 60 हजार डीजल का बजट

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** जिला अस्पताल में गरीब और असहाय लोगों की मौत के बाद उनके शव को उनके घरों तक शव वाहन से पहचाने के साथ ही लावारिस शव को मर्चरी हाउस से पोस्टमार्टम हाउस और उसके पश्चात शमशान घाट तक पहुंच कर उसका अंतिम संस्कार कराया जाता था। लेकिन पिछले दिनों इसके बजट की कमी के कारण शव वाहन को कई दिनों तक खड़ा कर दिया गया था। जिसके कारण लावारिस शव को निजी संसाधन से श्मशान घाट तक लाकर उसका अंतिम संस्कार किया जा रहा था। लेकिन अब एक बार फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रयास से शव वाहन चलाने के लिए बजट विभाग को प्राप्त हो गया है। इसके बाद शव वाहन पर लगा ब्रेक अब हट जाएगा और लावारिश शव का अंतिम संस्कार निर्वाध गति से चलता रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि शव वाहन चलाने के लिए शासन से 60000 का बजट मिलता है। और उसके खत्म हो जाने के बाद दोबारा डिमांड करने पर पैसा प्राप्त होता है।

जब उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पद संभाला उसके कुछ ही दिनों बाद शव वाहन के बजट में कमी आ गई थी। इसके बाद उन्होंने विभाग के प्रशासनिक अधिकारी और अकाउंटेंट से इस संबंध में नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद पता चला कि शव वाहन चलाने के लिए शासन के तरफ से 60000 मिलता है और ड्राइवर के वेतन के लिए प्रतिमाह 10000 और 10 से 15 हजार रूपए शव वाहन के मेंटेनेंस के लिए आता है। ऐसे में डीजल के मद में आए हुए 60000 रुपया खत्म हो गया था। जिसके चलते शव वाहन को ब्रेक लगा दिया गया था और अगला बजट के लिए विभाग को पत्र भेजा गया था और शासन ने इसे संज्ञान लेते हुए 60000 के अगला बजट भेज दिया है। इस बार अप्रैल से नवंबर के महीने में ही 60000 का बजट जो विभाग से मिला था वह खत्म हो गया और इसलिए विभाग ने इसके मद में दोबारा बजट भेजा है। जबकि पिछले साल मात्र 24000 का बजट ही खर्च हो पाया था शेष बजट विभाग को वापस करना पड़ा था।

## समाजवादी छात्र सभा ने उप्र पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 समीक/सहायक समीक्षा ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज समाजवादी राष्ट्रीय छात्र सभा द्वारा लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज को प्रेषित एक ज्ञापन जनपद के सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह को सौंपा गया, जिसमें उत्तर प्रदेश पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा व समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को पूर्व की भांति आयोजित करने के संदर्भ में मांग की गई। इस ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग की गई की परीक्षा की अलग-अलग पालियों के प्रश्न पत्रों में प्रश्नों की प्रकृति सरल व कठिन के पहचान की कोई प्रक्रिया नहीं है, इस अंतर को नॉर्मलाइजेशन से भरा नहीं जा सकता है। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया लागू होने से उपयुक्त परीक्षा परिणाम में भी व्यापक विसंगति आ जाएगी। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण व विवादित रही है, पूर्व में भी या विभिन्न परीक्षा परिणाम में व्यापक विसंगति उत्पन्न की गई है। स्केलिंग प्रक्रिया पूर्ण में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार व विधिक विवाद का प्रमुख कारण रहे हैं जिसकी सीबीआई जांच अभी भी विचाराधीन है। परीक्षा परिणाम में विसंगति विधिक विवाद का कारण बनेगी और न्यायिक विलंबिता के कारण परीक्षा प्रक्रिया तय समय में पूर्ण नहीं हो पाएगी, इसका व्यय भार छात्रों पर पड़ेगा। इसी प्रकार नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया भी भ्रष्टाचार के लिए लूपहोल बनेगी व गलत परंपरा को जन्म देगी। उपर्युक्त विषयक परीक्षाओं के प्रकाशित विज्ञापनों में परिवर्तन भी न्याय संगत व वैध नहीं हैं लोक सेवा आयोग द्वारा एक बार स्पेलिंग की प्रक्रिया का उन्मूलन कर पुनः उसी को लागू करने करना कहीं से भी उचित व तर्कसंगत नहीं है। लोकसेवा आयोग द्वारा मजबूत इच्छा शक्ति से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाकर परीक्षाओं को पूर्व की भांति आयोजित कराया जाए उक्त परीक्षाओं को पूर्व की भांति आयोजित कराया जाए।

## आप सांसद राघव चड्ढा पत्नी अभिनेत्री परिणीती जगदगुरु शंकराचार्य का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**वाराणसी अवधनामा संवाददाता।** आप के राज्यसभा सांसद श्री राघव चड्ढा ने सपत्नीक अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा व परिवार सहित केदारघाटी स्थित श्रीविद्यामठ पहुंचे। वहां पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती '1008' जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया । यह जानकारी परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के जुड़ा कोडरी निवासी हरिराम मौर्या की पुत्री शीला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया उनकी शादी संतकबीर नगर जनपद के खलीलाबाद कोतवाली के गांव अचकवापुर निवासी इंद्रेश मौर्या से 2021में हुई है। शादी में उन्होंने जो मांग किया उसे पिता ने पूरा किया। शादी के बाद से ससुराल के लोग दहेज के लिए उत्पीड़न कर रहे है। सात नवंबर को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति इंद्रेश मौर्या,सास गुजराती देवी, जेठ रामेश्वर, जेठानी विन्द्रावती, ननद संगीता, ननदोई सागर व नितेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है।

# डीएपी उर्वरक पर निर्भर न रहें किसान, डीएपी से इतर गुणवत्तायुक्त एवं सस्ते विकल्प उपलब्ध

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा नैनो डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में सीडीओ, सभी बीडीओ एवं कृषि विभाग के जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के मध्य डीएपी से इतर अन्य फास्फेटिक उर्वरकों जैसे- एनपी, एनपीके, एनपीकेएस, सुपर फॉस्फेट एवं नैनो (तरल) डीएपी का प्रचार-प्रसार कर इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक करें। उन्होंने बताया कि डीएपी-डाई-अमोनियम फॉस्फेट एक फास्फेटिक रासायनिक उर्वरक है, जिसमें 46 प्रतिशत फॉस्फोरस और 18 प्रतिशत नाइट्रोजन पोषक तत्व मुख्य रूप से पाया जाता है। किसी भी फसल को अपना जीवन चक्र पूरा करने के लिए 17 आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। डीएपी मिट्टी में जल्दी गतिशील नहीं होता एवं पौधों को धीरे-धीरे उपलब्ध होता है। यदि फसल को सही समय पर फॉस्फोरस पोषक तत्व नही प्राप्त होता है तो इसकी कमी से फसल पर बुरा प्रभाव पड़ता है एवं फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन भी प्रभावित होती है। उन्होंने डीएपी के विकल्प के रूप में बताया कि एनपी, एनपीके, एनपीकेएस, सुपर फॉस्फेट ये सभी फास्फेटिक उर्वरक मिट्टी में डीएपी की तरह ही कार्य करते हैं एवं फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नैनो (तरल) डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग के प्रति अधिकाधिक किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ये ऐसे खाद हैं जिससे किसानों पर अधिक आर्थिक बोझ भी नहीं पडता है और फसलों का उत्पादन अच्छा होता है, साथ ही मृदा का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है।

# अलीगढ़ में भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज होने के विरोध में कोतवाली घेरी

अवधनामा संवाददाता

> पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय के द्वारा बताया गया थाना कोतवाली नगर का एक प्रकरण संज्ञान में जिस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर एक युवक द्वारा तहरीर दी गई जिसके आधार पर थाना कोतवाली नगर पर अब मुकदमा पंजीकृत किया गया था. आज इनके प्रतिवादीगण आज थाना कोतवाली नगर पर लगभग 60-70 की संख्या में आये थे। उनका अपना पक्ष रखने के लिए जिनको समझा बुझाकर थाने से घर भेज दिया है।

**अलीगढ़।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहीं दूसरी ओर डबल इंजन की सरकार में भाजपाइयों को अपनी ही सरकार में प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अलीगढ़ में दर्जनों भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों की सह पर झूठा मुकदमा लिखवाने का आरोप लगाया है। भाजपाइयों ने जब कोतवाली नगर थाने का घेराव शुरू किया तो मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं थे। काफी देर बाद प्रदर्शनकारियों ने आश्वासन पर धरना समाप्त किया।

दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के थाना कोतवाली नगर का है जहां विनय वार्ष्णेय नाम के भाजपा नेता के साथ सुरक्षा की दृष्टि से एक सुरक्षा कर्मी भी तैनात किया गया है। भाजपा नेता पर रंगदारी व चौथ मांगने का आरोप एक युवक ने लगाया था. जिस पर पुलिस ने विनय वार्ष्णेय पर ही मुकदमा लिख दिया गया। जिससे आक्रोशित भाजपा नेताओं ने थाने का घेराव किया और अधिकारियों की सह पर झूठा मुकदमा लिखने का आरोप लगाया। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने बताया गया पिछले 28 तारीख को मेरे ऑफिस के नीचे एक अक्सीडेंट हुआ। जिसमें एक लड़का बुरी तरह से घायल हो गया, जब मेरे गनर और मैंने उससे हालचाल जानना चाहा तो वह भड़क गया और कहने लगा कि तुम मेरा हाल चाल क्यों पूछ रहे तो तुम यहां के चौकी के सिपाही हो और मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ा. भाजपा नेता ने बताया कि मुझे पूरा विश्वास है कि षड्यंत्र रचा गया था. मेरे गनर को बातों में लगवाकर मेरे ऊपर वो अटैक करवाना चाहते थे। फिर उसके 1 घंटे बाद ही यहाँ पर वो एक तहरीर लेकर आए जिसमें कहा गया कि मैंने लात मारकर उस गाड़ी को गिरा दिया और गाड़ी को गिराकर मैंने मारा, मेरे गन्नर ने मारा, बटों से मारा, उसके बाद में 940 रुपये मेरे गनर ने उसकी जेब से लूट लिए गए. ये मेरे ऊपर आरोप लगे. आरोप लगने के बाद में जब पुलिस ने उस वीडियो को संज्ञान लिया. वीडियो देखी मेरे ऑफिस की उस वीडियो में सारी चीजें क्लियर हो गई कि मैंने ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया था.

## प्रेमिका के घर में घुस प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला के घर में प्रेमी घुसे होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। और खूब घुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस शिकायत मिलने पर कारवाई करने की बात कर रही हैं। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के एक महिला का रिश्तेदारी जिला संत कबीरनगर में है। महिला का उसी गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अक्सर चुपके से युवक महिला के घर आता जाता था। जिसको लेकर पड़ोस के लोग परेशान हो चुके थे। रविवार को रात्रि में 10 बजे महिला घर में अकेली थी। उसी दौरान उसका प्रेमी घर में घुस आया। जिसकी भनक ग्रामीणों को लग गई। और उसे महिला के कमरे में पकड़ लिया। और खूब पिटाई करने के बाद 112 पर फोन कर पुलिस बुला लिया। और उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को देर शाम तक कोई तहरीर नहीं मिली है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

## वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में स्मार्ट लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थी : डॉ. राजेंद्र



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बदलते और प्रतिस्पर्धी दौर में आवश्यक है कि विद्यार्थी स्मार्ट लक्ष्य निर्धारित करें। करियर से जुड़ा लक्ष्य स्पष्ट, सटीक और यथार्थवादी होने के साथ मापन योग्य भी होना चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन का एक अध्ययन कार्यक्रम तैयार कर अपना नियमित मूल्यांकन भी बहुत जरूरी है ताकि अपनी कमियों को मजबूती में बदला जा सके। यह बातें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में काय चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कही। डॉ. राजेंद्र महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के छठवें दिन विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किबीएएमएस के विद्यार्थियों को सबसे पहले अपना स्पष्ट उद्देश्य तय करना चाहिए। यह जानना आवश्यक है कि वे आयुर्वेद के किस क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं, जैसे कि रोग निदान या अनुसंधान। उन्होंने कहा कि छात्र आयुर्वेद और अपने विषय से जुड़े मोटिवेशनल वीडियो, किताबें, और सफल चिकित्सकों की जीवनी को पढ़ें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक है इसलिए योग, ध्यानवऔर नियमित व्यायाम को अपने दिनचर्या में शामिल करें।

# एक मुश्त समाधान योजना पर आरटीओ की बैठक, बकाया कर जमा करने के लिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश शासन की एक मुश्त समाधान योजना के तहत अयोध्या में राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आरटीओ प्रशासन ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को योजना के लाभ को अधिकतम वाहन स्वामियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। यह बैठक अयोध्या संभाग के सभी जनपदों के परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई, जिसमें ट्रांसपोर्ट यूनियनों, जैसे ट्रक, बस, टैम्पो, ई-रिक्शा के पदाधिकारियों और व्यावसायिक वाहनों के डीलरों को भी शामिल किया गया। बैठक में आरटीओ प्रशासन ने एक मुश्त समाधान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योजना के तहत 6 नवम्बर 2024 से 3 माह की अवधि के भीतर आवेदन करने पर बकाया कर पर लगाए गए जुर्माने (पैनल्टी) पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। वाहन स्वामी या उनके विधिक वारिस इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिनके मामले कोर्ट, उप परिवहन आयुक्त या ट्रिब्यूनल में लंबित हैं, वे अपने मामले को वापस लेने का प्रमाण प्रस्तुत कर आवेदन कर सकते हैं। आरटीओ ने बताया कि हल्के और तिपहिया वाहनों के लिए आवेदन शुल्क 200 रुपये और अन्य बड़े वाहनों के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। वाहन स्वामी को बकाया कर की कुल राशि एकमुश्त जमा करनी होगी।बैठक में आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह ने कहा कि अयोध्या संभाग के अधिकारियों के साथ कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसमें सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत लक्ष्य सौंपे गए हैं। इसके अंतर्गत डोर-टू-डोर नाकिंग, बकायेदारों से संपर्क, प्रचार-प्रसार और योजना की जानकारी देने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, दर्पण पोर्टल पर लम्बित मामलों, अनफिट और बिना परमिट की गाड़ियों पर कार्रवाई, और सरकारी वाहनों के नियमानुसार निस्तारण के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में एआरटीओ प्रशासन सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, पीटीओ बाराबंकी और आरआई अयोध्या सहित ट्रक, बस, ई-रिक्शा और टैम्पो यूनियन पदाधिकारी व वाहन स्वामियों ने हिस्सा लिया और योजना के तहत शीघ्र बकाया कर जमा करने का आश्वासन दिया।

# अयोध्या में पंच कोसी परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** देवउठनी एकादशी लगते ही अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा का आगाज हो गया है। मुहूर्त के अनुसार सोमवार को दिन में 1 बजकर 54 मिनट से पंच कोसी परिक्रमा प्रारंभ हुई। पहले से मौजूद श्रद्धालुओं ने मार्ग को चूमकर श्रीराम का जयघोष कर परिक्रमा की शुरुआत की। दिन ढलने के साथ ही आस्था का ज्वार बढ़ गया। शाम छह बजे के बाद शहरी श्रद्धालुओं की आस्था हिलोरे मारने लगी। इसके बाद बड़ी संख्या में घरों में चूल्हा चौका संभालने वाली महिलाएं भी राम का नाम लेते हुए परिक्रमा करने पहुंच गईं। ऑफिस के कर्मचारी रहे हो या फिर शहर के कारोबारी। सभी रात 10 बजे के बाद पंचकोसी परिक्रमा करते दिखाई पड़े। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महिला व पुरुष कर्मियों के अलावा सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मचारी मेले पर निगाह रखे हुए थे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली बार 14 कोसी परिक्रमा हुई तो सभी पुराने रिकार्ड टूट गए। परिक्रमा की 22 घंटे की अवधि के 15 घंटे 14 कोसी मार्ग पर तिल रखने तक कि जगह नहीं थी। अयोध्या हनुमान गढ़ी में 24



घंटे में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया था। अब पंचकोसी परिक्रमा शुरू हो गई है। 12 नवंबर को 11 बजकर 38 मिनट तक मुहूर्त का समापन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। यहां लगा है अस्थाई स्वास्थ्य शिविर पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, चूड़ामणि चौराहा, उदया चौराहा, चक्रतीर्थ, ब्रह्मकुंड और झुनकी घाट पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। पंचकोसी परिक्रमा के दौरान 14 स्थानों पर एंबुलेंस तैनात रहीं। इनमें पक्का घाट, पुराना सरयू पुल, कंट्रोल रूम, नया घाट पुलिस चौकी, हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, हलकारा का पुरवा, चूड़ामणि चौराहा, उदया चौराहा, चक्रतीर्थ, झुनकी घाट, बूथ नंबर चार, कनक भवन, श्रृंगार हाट बैरियर, श्रीराम जन्मभूमि के साथ हनुमानगढ़ी पर एंबुलेंस तैयार हालत में खड़ी रहेंगी। इन जगहों पर क्या-क्या हैं नागरिक सुविधाएं सम्पूर्ण परिक्रमा पथ पर पांच स्थानों उदया चौराहा, बह्मकुण्ड, हनुमान गुफा, परमा एकेडमी, मोहबरा बाजार पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विश्राम स्थल व कैम्प की व्यवस्था की गयी है। समस्त विश्राम स्थल पर श्रद्धालुओं के मोबाइल टॉयलेट, पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था की गयी है। स्थायी शौचालयों के अतिरिक्त मोबाइल टॉयलेट लगाए गए हैं।शुद्ध पेयजल के लिए सम्पूर्ण परिक्रमा पथ पर टैंकर की व्यवस्था की गयी है। परिक्रमा मार्ग पर आयोजित भण्डारा स्थलों पर सफाई मित्रों की ड्यूटी लगायी गई है। परिक्रमा पथ पर सफाई व्यवस्था के लिए सेक्टर वार सफाई मित्र लगाए गए हैं। संपूर्ण परिक्रमा पथ पर पर्याप्त संख्या में पथ प्रकाश के लिए प्रकाश बिन्दु स्थापित किए गये हैं। संपूर्ण परिक्रमा पथ पर व्यवस्थाओं के सम्यक पर्यवेक्षण के लिए वरिष्ठ पर्यावक्षणीय अधिकारी/जोनल अधिकारी व सेक्टर प्रभारी की ड्यूटी लगायी गयी है। क्या है पंचकोसी परिक्रमा का महत्व देवउठनी एकादशी तिथि के दिन से अयोध्या में पांच कोस की परिक्रमा शुरू होती है। पंच कोसी की परिक्रमा अयोध्या धाम के क्षेत्र में होती है, जो लगभग 10 से 15 किलोमीटर की होती है।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने विवाह हेतु एक लाख एक हजार रुपए का सहयोग दिया

**अयोध्य।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में शनिवार को एक विशेष आयोजन हुआ, जिसमें परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने ब्राह्मण समाज की एक सुयोग्य कन्या के विवाह हेतु मिल्कीपुर विधानसभा के ग्राम सभा सारी मजरा पूरे मिश्र में 1,01,000 रुपए का अमूल्य सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर परिषद के यशस्वी राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी, पंडित धर्म दत्त पाठक, आचार्य राधेश्याम मिश्र, राष्ट्रीय महामंत्री जयप्रकाश तिवारी, काशीनाथ तिवारी, रमाकांत तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, जिला अध्यक्ष विनय तिवारी, बिन्नू कुचेरा बाजार सदस्य घनश्याम मिश्र, जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र कुमार शर्मा, और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में कन्या के नाना, पंडित भोलानाथ शास्त्री, जिन्होंने बीकापुर से इस विवाह का आयोजन किया था।

## भरत मिलाप यात्रा में राम भरत मिलन देखकर भाव विभोर हुए भरतकुंड वासी

**अयोध्या।** भरतकुंड महोत्सव के चौथे दिन राम कुंड से लेकर के भरत जी की तपोस्थली तक विशाल भरत मिलाप यात्रा निकाली गई। जलालपुर से शाहगंज मार्ग पर पुहपी बाजार के बगल स्थित राम कुंड पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। माना जाता है कि इसी रामकुंड स्थान पर लंका से वापस आते समय भगवान श्री रामचंद्र जी और उनके सहयोगियों को लेकर पुष्पक विमान यही उतरा था बाद में भगवान श्री राम नंदीग्राम आकर के भरत जी से मिलते हैं। इसी त्रेता युगीन पौराणिक घटना को जीवंत करने हेतु भरतकुंड महोत्सव प्रतिवर्ष इस भरत मिलाप यात्रा का आयोजन करता है। रामकुंड कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शैलेंद्र पांडे मोनू और संतोष पांडे सुबह से ही तैयारी में जुटे थे आसपास की तमाम गांव की जनता वह इकट्ठा हो गई । भरतकुंड महोत्सव न्यास के अध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार पांडे, मुख्य व्यवस्थापक रामकृष्ण पांडे तथा संस्थापक सचिव अंबरीश चंद्र पांडे अपनी पूरी टीम लेकर के रामकुंड पहुंचे। इस स्थान पर भगवान राम लखन जानकी हनुमान आदि के विग्रह की पूजा अर्चना के बाद भगवान श्री राम और उनके सहयोगी रथ पर बैठकर नंदीग्राम भरत कुंड के लिए निकले साथ में भरतकुंड महोत्सव द्वारा आमंत्रित जनसमूह तथा रामकुंड के आसपास के गांव के भारी संख्या में निवासी गाजे बाजे के साथ इस यात्रा में भरतकुंड के लिए निकले। डीजे की धुन, भांगड़े की थाप और मध्य प्रदेश के कलाकारों द्वारा राई नृत्य, छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य पूरी यात्रा में आकर्षण का केंद्र बना रहा। रास्ते में कई जगह ग्राम निवासियों ने फूलों की वर्षा कर माल्यार्पण कर इस यात्रा का स्वागत किया। पूरे रास्ते लोग भगवान राम और महात्मा भरत के जयकारे लगाते हुए झूमते नाचते हुए भरतकुंड पहुंचे। भरत जी के प्राचीन मंदिर पर मंदिर के महंत हनुमान दास और मंदिर प्रशासक अरविंद दास जी ने यात्रा का स्वागत किया तथा आरती उतारी।

# आगनबडी केंद्रों पर हर बच्चे को सीखने, बढने और फलने-फूलने का अवसर मिलताः प्रीति सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** आंगनवाड़ी केन्द्रों को मज़बूत बनाने के लिए सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे 24 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ ईसीसीई की महत्वता एवं बच्चों के विकास के प्रमुख डोमेन पर राकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। रॉकेट लर्निंग संस्था की जिला समन्वयक प्रीति सिंह ने ट्रेनिंग मे शामिल आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि शिक्षा जन्म से ही शुरू हो जाती है, और आप लोग एक उज्जवल भविष्य की नींव रखने वाले गुमनाम नायक हैं। बच्चो का समर्पण, रचनात्मकता और सहानुभूति यह सुनिश्चित करती है कि हर बच्चे को सीखने, बढने और फलने-फूलने का अवसर मिले। हमने जो भी कहानियाँ साझा की हैं, उनमें इन महिलाओं के अपने समुदायों और उनके द्वारा पाले गए बच्चों के जीवन पर पडने वाले अविश्वसनीय प्रभाव को दर्शाया गया है। ट्रेनिंग मे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा मॉड्यूल की ट्रेनिंग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को काफी रुचिकर लगी। ट्रेनिंग मे बाल्यावस्था शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनको अनुभव कराया गया। इस ट्रेनिंग में तकनीकी प्रशिक्षण द्वारा ऑडियो विसुअल विडियो, मोबाइल के इस्तेमाल और डाटा कलेक्शन की भी जानकारी दी गयी जिससे अपने केन्द्रों में बच्चों को सिखाने में कर सकें। इस मौके पर सुप्रवाइजर निहारिका, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, सुधा राय, गुड्डी देवी, प्रमिला श्रीवास्तव, सुनीता देवी, जुलेखा बानो, गीता



देवी, मिथलेश श्रीवास्तव, स्वेतलता श्रीवास्तव, सुमन गुप्ता, सरोज गुप्ता, नीलम यादव सहित दो दर्जन कार्यकत्री मौजूद रही।

## अज्ञात वाहन ने अधेड़ को मारी टक्कर, मौत

मसौली बाराबंकी। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसौली ओवरब्रिज पर बीती रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से मरे एक अधेड का क्षतविक्षत शव मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की शीनख्त नही हो सकी है। सोमवार की भोर ओवरब्रिज से गुजर रहे लोगो ने देखा कि अयोध्या से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर एक क्षतविक्षत शव पड़ा हुआ है जिसकी सूचना सफदरगंज पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त की कोशिश की परन्तु पहचान नही हो सकी लोगो के मुताबिक मृतक कूड़ा बीनने का कार्य करता है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# राजनीति में सादगी व शुचिता के पर्याय थे मार्कण्डेय चंद : राजनाथ



*अवधनामा संवाददाता*

**बारांबकी।** प्रखर समाजवादी नेता और पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री मार्कण्डेय चंद की 10वीं पुण्यतिथि सोमवार को गांधी भवन में स्मृति सभा आयोजित हुई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांधीवादी अध्येता राजनाथ शर्मा ने कहा कि मार्कण्डेय चंद दूरदर्शी सोच के नेता थे। उनके जैसी सादगी व राजनीति में शुचिता अब कम ही देखने को मिलती है। वह संबंधों का निर्वाह करने में आगे रहते थे। विकास के प्रति उनकी सोच ने ही उन्हें महान बनाया। ऐसे नेताओं के पदचिन्हों पर चलने से ही समाज में समरसता आएगी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि मार्कण्डेय चंद प्रभावशाली राजनेता थे। वह कई बार विधायक और मंत्री रहे। उनकी राजनीति में समाजवादी विचारधारा की झलक दिखाई पड़ती थी। वह पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर और जॉर्ज फर्नांडिस के निकटम मित्रों में रहे। वे गांव-गरीब व किसान के हित में आजीवन कार्य करते रहे। उनकी सोच में अंतिम व्यक्ति का जीवन परिवर्तन ही विकास था। उनके बेटे सीपी चंद ने अपने पिता की सियासत को आगे बढ़ाते हुए राजनीति में अलग पहचान बनाई है। मार्कण्डेय चंद की तरह उनका भी गांधी ट्रस्ट की गतिविधियों और गांधी जयंती के कार्यक्रमों में विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहता है।

# जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी के लिटरेरी क्लब द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस एवं देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने कहा कि भारत में हर वर्ष 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के सम्मान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते है। एक विद्वान दूरदर्शी और शिक्षाविद के रूप में आज भी लोग उनसे और वर्षो में अर्जित उनकी उपलब्धियों से प्रेरित है। हम इस दिन को भारत की शिक्षा प्रणाली के विकास में उनके योगदान का सम्मान करते है। उन्होंने आल इंडिया कौंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन आई आई टी खरगपुर की स्थापना की तथा उनके मार्गदर्शन में इंडियन कौंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स साहित्य अकादमी आदि संस्थानों की स्थापना का श्रेय भी उनको जाता है। लिटरेरी क्लब के कोर्डिनेटर और इंग्लिश डिपार्टमेंट के हेड डॉ सय्यद काज़िम मेहँदी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के आज़ाद होने के बाद अबुल कलाम आज़ाद को हालात बेहतर करने में तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ा। एक स्वतंत्रता सेनानी होने के नाते वे मानते थे कि हर किसी को अपनी भलाई और अच्छे नागरिक बनने के लिए बुनियादी शिक्षा का अधिकार है।

इस अवसर पर भारत में शिक्षा के महत्व और अबुल कलाम आज़ाद का भारत की शिक्षा प्रणाली में भूमिका शीर्षक पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अंत में मिस जुवेरिआ द्वारा उपस्थित शिक्षकगण एवं समस्त विधाथियों का हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया।

## महिला श्रद्धालु से अवैध धन की मांग,छेड़छाड़ व अभद्रता, मुख्यमंत्री से की गई शिकायत

**अयोध्या।** रामनगरी में परिक्रमा करने आई एक महिला श्रद्धालु से धन की मांग के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ किए जाने की घटना सामने आई है।पीड़ित महिला श्रद्धालु द्वारा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई है।देर शाम तक पीड़ित महिला श्रद्धालु की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की बात सामने आई है।पीड़ित महिला श्रद्धालु ने बताया कि यदि उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई तो कार्रवाई कराने के लिए वह उच्चाधिकारियों के साथ साथ मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएगी।जानकारी के मुताबिक किया यह मामला रामनगरी में नयाघाट स्थित अति प्राचीन सुरसर मंदिर का है।पीड़ित महिला श्रद्धालु साधना चतुर्वेदी के मुताबिक वह जनपद सिद्धार्थनगर की रहने वाली है। शनिवार को अपने साथ में आए सहयोगियों के साथ अपने गुरु स्थान सुरसर मंदिर में आकर रात रुकी थी और यहां से निकलकर चौदह कोसी परिक्रमा की शुरुआत की थी।रविवार को जब वह चौदह कोसी परिक्रमा करके वापस लौटी तो शाम करीब साढ़े आठ बजे खुद को मंदिर का कर्मचारी बताने वाला भोला जायसवाल मंदिर की यज्ञशाला में उसके पास आकर मंदिर में रुकने के एवज पांच हजार रुपए की मांग करने लगा।जब उसने बताया कि वो और उसके साथ आए लोग मंदिर के पुराने भक्त हैं तथा प्रतिवर्ष चौदह कोसी/पंचकोसी परिक्रमा में आकर यहां रूकते है और अपनी क्षमता के अनुरूप दान स्वरूप आर्थिक सहयोग देकर वापस चले जाते है तो इस पर वह भड़क गया और प्रार्थिनी को अश्लील गालियां देते हुए अभद्रता व छेड़छाड़ करने लगा।स्वयं को अकेला पाकर जब उसने अपने सहयोगियों को आवाज दी तो मौके पर पहुंचे उसके साथियों ने इस घटना को देखा और पुलिस में शिकायत करने की बात कहने लगे।इस पर वह व्यक्ति पीड़ित महिला श्रद्धालु को पुलिस में शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।पीड़ित महिला श्रद्धालु ने बताया कि हम सभी लोग श्रद्धालु हैं प्रतिवर्ष प्रभु श्री राम की नगरी में आकर परिक्रमा, स्नान व पूजा पाठ करते हैं।

# पराली जलाने पर होगी कार्यवाही, कंबाईन होगा सीज

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने सोमवार को पराली जलाने की घटनाओं को लेकर एसडीएम, बीडीओ और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। जिसमें उन्होंने पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को लेखपालों को सक्रिय करते हुए पराली जलाने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जो भी कंबाइन मशीन बिना पराली प्रबन्धन प्रणाली के चल रही हैं, उन्हें तत्काल सीज किया जाए। इसके अलावा पराली जलाने वालों पर नियमानुसार जुर्माना अर्थदंड की भी कार्यवाही करें। कहा कि पराली जलने से न सिर्फ पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो रहा है, बल्कि लोक व्यवस्था के लिए समस्या भी समस्या उत्पन्न हो रहा है।

उन्होंने उपनिदेशक कृषि को सचल दल को क्षेत्रों में प्रभावी तरीके से सक्रिय करने हेतु कड़ा निर्देश दिया।

इससे पूर्व जिला कृषि अधिकारी ने बताया फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की प्रभावी रोकथाम किये जाने हेतु सैटेलाइट से निगरानी की जा रही है। इसमें 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिये रू 2500. 02 से 05 एकड़ क्षेत्र के लिये रू 5000 और 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिये रू0 15000 तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली के निर्देश हैं।

## प्रेमिका को लेकर प्रेमी हुआ फरार केस दर्ज

**ठूठीबारी( महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से प्रेमी द्वारा प्रेमिका को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक लड़के का बगल के गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था बताया जाता है 9 नवंबर को को प्रेमी अपने प्रेमिका को लेकर फरार हो गया। बताया जाता है की 16 अक्टूबर2024 को प्रेमिका का भाई किसी काम से ठूठीबारी गया था वापस आते समय नौवाबारी गांव समीप रास्ते में प्रेमी किसी बात को लेकर अपने प्रेमिका के भाई की बुरी तरह से पिटाई भी कर दी थी मामले में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस 6 नवंबर को मुकदमा दर्ज है।

# किसानों के लिए हर संभव प्रयास के लिए मैं तैयार हूं : प्रेम सागर पटेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** किसानों के हित के लिए हर संभव प्रयास के लिए पूरी तरह से हर समय मैं तैयार हूं और आगे भी इसके लिए पूरी तरह से तत्पर रहूंगा। उक्त उद्गार सहकारी गन्ना विकास समिति सिसवा परिसर में सोमवार को नव नर्वाचित संचालक मंडल के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रेम सागर पटेल ने व्यक्त की। इस दौरान सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल ने सहकारी गन्ना विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय राव को कर्तव्य निष्ठा का शपथ दिलाने के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति के पास पर्याप्त धन है। जिसका उपयोग रचनात्मक कार्यों में गन्ना विकास समिति कर सकती है। सहकारी गन्ना समिति इसके लिए उसके संविधान के अनुसार पूरा अधिकार प्राप्त है। श्री पटेल ने कहा कि गन्ना विकास समिति अपने माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान कर सकती है। समिति द्वारा प्रस्ताव पारित कर इस दिशा में किए जाने वाले प्रत्येक कार्यों में उनका पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इस दिशा में सिसवा सहकारी गन्ना विकास समिति रोल माडल बन सकता है। सड़क आदि का निर्माण करना सरकार की अन्य योजनाओं से भी हो जाएगा। इसी के साथ उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरी है। किसी भी कीमत पर किसानों का नुकसान नही होने दिया जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय राव ने अन्य संचालक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाया। इस दौरान जितेंद्र बहादुर सिंह, घनश्याम शुक्ला, चंद्रशेखर उर्फ लल्ले सिंह आदि ने गड़ौरा चीनी मिल पर गन्ना किसानों के बकाया मूल्य के भुगतान कराए जाने साथ ही गन्ना किसानों की अन्य समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, गीता देवी, सुमन सिंह, राम ललित सिंह, दयाशंकर सिंह, इंदल प्रसाद गुप्ता, रमाशंकर, अखिलेश, श्रीराम, राजदेव, अशोक पटेल , राजेश्वर तिवारी, मंहथ संकर्षण रामानुज दास, बच्चन लाल गौड़, बृजेश पांडेय, धीरज तिवारी, राज कुमार यादव, सुधीर सिंह, विपिन तिवारी सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**सिसवा बाजार(महराजगंज)** नगर में नवनिर्वाचित स्वर्णकार संघ इकाई गठन के बाद मनोनीत पदाधिकारियों को कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि कुशीनगर जनपद अंतर्गत हाटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। स्वर्णकार संघ द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर नव नियुक्त नगर अध्यक्ष दिनेश सोनी एवं उनकी टीम को हाटा विधानसभा के विधायक मोहन वर्मा ने पद और गोपनीयता के पालन करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। उन्होंने ने कहा कि नये पदाधिकारियों को पूर्व के लोगों से समझ बूझकर तथा उनके साथ समानजस्य बना कर उनके कुशल मार्गदर्शन व अनुभव का अनुसरण करते हुये सामाज हित में कार्य करना होगा। वही प्रसिद्ध भजन गायक अनीस सोनी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुये संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को एकजुटता से मिलकर कार्य करने तथा संगठन हित को ध्यान में रखते हुए उसके नियमों का अनुपालन करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट गोविन्द सोनी ने किया। इस दौरान गोपाल सोनी, शिवजी सोनी, सभासद जितेंद्र वर्मा, मनोज मधुर सोनी, राजन सोनी, मनोज सोनी, वैष्णो सोनी, सतीश कुमार सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 104 केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे अभ्यर्थी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिसमें जनपद में 104 विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी हुई हैं। इन केंद्रों के संबंध में 14 नवंबर तक आपत्ति मांगी गई हैं। जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित करीब 279 से अधिक माध्यमिक विद्यालयों ने अपने विद्यालय के संसाधनों का डाटा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया था।

जिसमें से परिषद द्वारा जांच पड़ताल के बाद 104 विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों का निर्धारण करते हुए उसकी सूची ऑनलाइन अपलोड कर सार्वजनिक कर दिया है। इसमें परीक्षा केंद्र व परीक्षा केंद्र पर बच्चों की संख्या आदि का विवरण को अपलोड किया गया है। जारी सूची में दस राजकीय विद्यालय, 34 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय व 60 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं। पिछले वर्ष कुल 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

लेकिन इस बार छह परीक्षा केंद्र कम हो गए हैं। ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों की सूची के अलावा परीक्षा केंद्रों की सूची को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चस्पा भी कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों के इस सूची को जनपदीय कमेटी भी अवलोकन करेगी और जरूरी संशोधन का प्रस्ताव देगी। ऑनलाइन प्रक्रिया से निर्धारित परीक्षा केंद्रों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति या शिकायत हो तो वह साक्ष्यों सहित अपनी आपत्ति, शिकायत, प्रत्यावेदन को आनलाइन माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर14 नवंबर तक शाम पांच बजे तक कर सकते हैं। इसके अलावा आफलाइन भी आपत्तिया या शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

### परीक्षा केंद्र की अनंतिम सूची जारी हुआ हैं

इसपर किसी को आपत्ति या शिकायत हो तो वह 14 नवंबर तक ऑनलाइन कर सकते हैं। जिसका निस्तारण जनपदीय समिति करेगी। अंतिम निर्णय परिषद का होगा।

# गुरु का दर्जा भगवान से भी बड़ा होता है : कन्हैया पासवान



**उसका सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की मौजूदगी में सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों को खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने माल्यार्पण, बैज लगाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कन्हैया पासवान ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले प्रधानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कन्हैया पासवान ने संबोधित करते हुए कहा गुरु का दर्जा भगवान से भी बड़ा होता है इसलिए समस्त शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। कहा कि विद्यालयों के सर्वांगीण विकास में ग्राम प्रधान व शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, बच्चे प्राइमरी स्कूलों में कच्चे घड़े के समान जाते हैं, बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नवाचार का भी ज्ञान दें। बीईओ ने मिशन कायकल्प व डीबीटी के माध्यम से निःशुल्क ड्रेस, जूता मोजा, बैग, स्वेटर व स्टेशनरी वितरण की विस्तृत जानकारी दी। एआरपी गुलाम जिलानी द्वारा निपुण लक्ष्यों की संप्राप्ति के सूत्रों से अवगत कराया। कार्यक्रम में बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, ईओ अभिनव श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष श्रीश प्रताप यादव, विपिन सिंह, हरिशंकर सिंह, घनश्याम राय, शिव कुमार शुक्ला, शिवपाल सिंह, रामसेवक गुप्ता, मनोज कुमार, विकास रस्तोगी, नीरज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्र, पीईजी बर्डपुर एवं बी पैक्स हरिवंशपुर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र, पी.ई.जी. बर्डपुर एवं राजकीय धान क्रय केन्द्र बी पैक्स हरिवंशपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने नमी मापक यंत्र से चेक किया। किसान पंजीकरण की स्थिति खराब पाया गया जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानो का पंजीकरण और सत्यापन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो के धान का तौल करके समय से भुगतान करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन केन्द्र प्रभारी 30 किसानो से सम्पर्क करे। किसानो से वार्ता कर उन्हें प्रेरित करे कि धान को क्रय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करे तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करे। इसके साथ ही किसान पंजिका को देखा गया। इसके साथ ही निर्देश दिया कि अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई हेतु भेजना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ, प्रबन्धक पीसीएफ व एआरको आपरेटिव को निर्देश दिया कि सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को आदेश निर्गत करे कि किसानों से सम्पर्क कर लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय करना सुनिश्चित करे। सभी क्रय केन्द्रों पर णान खरीद की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाये जिससे किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ त्रिपाठी, प्रबन्धक पीसीएफ विजय कुमार पाल, एआरकोआपरेटिव राजेश सिंह, क्रय केन्द्र प्रभारी बर्डपुर आनन्द कुमार, क्रय केन्द्र प्रभारी हरिवंशपुर विनोद कुमार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# शोहरतगढ़, बढ़नी नगर विकास को लेकर विधायक ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात



अवधनामा संवाददाता

**नगर पंचायत बढ़नी व शोहरतगढ़ को मिलेगी विकास परियोजनाओं की नई सौगात : विनय वर्मा**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़, बढ़नी नगर विकास को लेकर विधानसभा शोहरतगढ़ के क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा ने नगर विकास एवं उर्जा मंत्री से मुलाकात की।

उन्होंने अपाने विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के सर्वांगीण विकास हेतु लखनऊ में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के मंत्री एके शर्मा से मुलाक़ात के दौरान कई सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए बताया कि नगर विकास विभाग से जल्द ही नगर पंचायत शोहरतगढ़ व नगर पंचायत बढ़नी को कई करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने का आश्वासन की खबर सुखद है। विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता-जनार्दन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

# एसपी ने की फेरबदल दो उप निरीक्षक बने थाना प्रभारी व दो को मिली चौकी की जिम्मेदारी



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनायें रखने के लिए तीन उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। चौकी प्रभारी बढ़नी अनूप कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष मोहाना बनाया और थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी का तबादला स्वॉट टीम में किया। वहीं चौकी प्रभारी सकारपार सभाशंकर यादव थानाध्यक्ष कठेला समय माता बनायें गयें और थानाध्यक्ष कठेला समय माता रोहित कुमार उपाध्याय का तबादला अपराध शाखा में किया। वहीं थाना बांसी के उप निरीक्षक अमला यादव को चौकी प्रभारी बढ़नी तैनाती मिली। वहीं अमित शाही को थाना सिद्धार्थनगर से प्रभारी चौकी सकारपार तैनाती मिली है।

**अनूप कुमार मिश्र थाना मोहाना व शभाशंकर यादव बने कठेला समय माता के थाना प्रभारी**

# हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा के लिए 92 केंद्र प्रस्तावित

## बोर्ड परीक्षा में इस बार 4560 परीक्षार्थी अधिक देंगे परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**प्रस्तावित सूची पर आपत्ति 14 नवंबर तक ही हो सकेगा**



**सिद्धार्थनगर।** इंटरमीडिएट और हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई। यदि अनंतिम सूची पर फाइनल मुहर लगती है तो इस बार 92 केंद्रों पर कुल 64 हजार 910 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। बीते साल की बोर्ड परीक्षा के हिसाब से इस बार 4560 परीक्षार्थी अधिक हो गए हैं।

जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद के 221 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसमें 28 राजकीय, 48 अशासकीय व 155 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय शामिल है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि रविवार की शाम बोर्ड से 92 केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस पर 14 नवंबर तक आपत्ति मांगी गई है। आपत्ति आने के बाद उसका निस्तारण जनपदीय कमेटी करेगी। इसके बाद सूचनाएं बोर्ड को भेज दी जाएगी। फिर से वहां से अंतिम सूची जारी की जाएगी। बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के कुल 64 हजार 910 छात्र-छात्राओं का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसमें हाईस्कूल में 35, 951 तो इंटरमीडिएट में 28, 959 छात्र-छात्रा शामिल है। विद्यालयों में परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां पर कोर्स नहीं पूरा हुआ है। वहां पर अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पूरा कराया जा रहा है। बताते चले कि बोर्ड परीक्षा 2024 में कुल 114 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 60350 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इस बार 4560 छात्र-छात्रा अधिक हैं, ऊपर से बोर्ड की ओर से जारी प्रस्तावित सूची में 22 केंद्र के रूप में कॉलेजों को कम कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइड पर जिले के सभी 221 विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को अपलोड किया गयाा है, जिसमें मानक के आधार पर सूची जारी की गई है।

**पिछली बार केंद्र बने कॉलेज भी नहीं**

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए रविवार शाम जारी प्रस्तावित केंद्रों की सूची में उन विद्यालयों के भी नाम गायब हैं, जिन पर परीक्षा संपन्न हुई थी। इससे साफ है कि पिछले वर्ष परीक्षा केंद्र बने कॉलेज इस बार भी मानक पर खरा ही उतरे होंगे, पर वंचित कर दिया गया है।

> बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन 92 परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। इस बार प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों में 22 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र के रूप में शामिल नहीं किया गया है। परीक्षा केंद्रों एवं छात्र आवंटन में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा शिकायत हो तो निर्धारित प्रारूप पर अपना प्रत्यावेदन 14 नवंबर तक परिषद की वेबसाइट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत कर दें।
>
> **सोमारू प्रधान, डीआईओएस**

# मसरूर एजुकेशनल सोसाईटी के बैनर तले टीचर बनाम शायर कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मसरूर एजूकेशनल सोसायटी के बैनर तले प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सेंट रोज़ पब्लिक स्कूल ठाकुरगंज में अजादार हुसैन साजिद व मोहम्मदाबाद स्थित फखरूद्दीन अली मेमोरियल पी जी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुंतजिर कायमी को ,टीचर बनाम शायर अवार्ड 2024, से सम्मानित किये जाने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

विगत दिनों लखनऊ में आयोजित साहित्य सम्मान समारोह में साजिद जलालपूरी व मुंतजिर कायमी के अलावा मोहम्मद अदील मंसूरी, हुजैल अहमद लालपूरी को इरा यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अब्बास अली मेंहदी ने प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान से नवाजा था। उर्दू साहित्य को समृद्ध करने में अहम योगदान देने वाले नगर के जाफराबाद निवासी साजिद जलालपूरी व मुंतजिर कायमी को अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर वयोवृद्ध शायर जाहिद जाफरी,अंसर जलालपूरी, इब्ने अली जाफरी, डॉ सरदार मेंहदी, मोहम्मद सुहैल अख्तर, मेंहदी रज़ा, अहसन रज़ा मीसम आदि ने खुशी जताई है।

# आज विद्युत आपूर्ति दस से तीन बजे तक रहेगी बाधित

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विद्युत वितरण खंड जलालपुर के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने हेतु 33/11 विद्युत उपकेंद्र कर्बला कासिमपुर तथा 33 /11 विद्युत उपकेंद्र कल्याणपुर पर 33 के वी लाइन का कार्य होना है जिसके तहत 12 नवंबर दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक तथा विद्युत उपकेंद्र कर्बला क्षेत्र में 13 नवंबर दिन बुधवार को 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी जिसके कारण उक्त विद्युत उपकेंद्रों से पोषित सभी फिडरो के आपूर्ति उक्त अवधि में बंद रहेंगी।

# सम्मान समारोह : साहित्य एक ऐसी शक्ति है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के इटवा में सिद्धार्थ तथागत कला साहित्य संस्थान इटवा द्वारा आयोजित बीती रात अंतरराष्ट्रीय तथागत सम्मान समारोह और हिंदी लेखन की दिशा और दशा विषयक विचार गोष्ठी में देश भर के प्रतिष्ठित हिंदी विद्वान शामिल हुए। इस विशेष अवसर पर नागालैंड, काठमांडू, दार्जलिंग और भारत के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके महत्व पर चर्चा की।

मुख्य अतिथि, नालंदा बिहार के आयकर आयुक्त गोरखपुर, अमलेंदु नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में साहित्य के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷साहित्य एक ऐसी शक्ति है जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है और उसे संवेदनाओं से भर देती है। आजकल अपराधों की बढ़ोतरी के पीछे एक कारण यह भी है कि युवा साहित्य से दूर हो रहे हैं। यदि हम उन्हें साहित्य से जोड़ें, तो अपराध पर काबू पाया जा सकता है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, सिवान बिहार, प्रतिभा चौहान ने हिंदी विषयक विचार गोष्ठी के आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हिंदी भाषा के प्रचार और विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सांसद काठमांडू, नेपाल, डॉ. रेखा यादव ने भारत और नेपाल के साहित्य पर चर्चा की, जबकि पूर्व चेयरमैन मिरिक दार्जलिंग, डॉ. कमला ने साहित्य के उद्देश्य को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अगर युवा संवेदनशील होंगे, तो न केवल अपराध कम होगा, बल्कि समाज और देश की प्रगति भी होगी। गोष्ठी के आयोजक डॉ. भास्कर शर्मा ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो पूरी दुनिया को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। इस दौरान डा. रघुवीर शर्मा, अमृता राणा, सकिला गुरुड, मजजुला, दीप प्रधान और अन्य प्रतिष्ठित विद्वान उपस्थित थे। अंत में डॉ. भास्कर शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भारत नेपाल की लघुकथाएं संपादक राजेंद्र परदेसी,डॉ कमला तमांग और डॉ सूर्य प्रसाद लकोजू, प्रतिभा चौहान की कविता संग्रह युद्ध में जीवन और नेपाल की सांसद और साहित्यकार डॉ रेखा यादव निर्झर की कविता संग्रह सुस्तरी का लोकार्पण भी हुआ। समारोह में प्रो. डॉ. हंसराज कुशवाहा, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर 4ह्व रतनसेन डिग्री कॉलेज बांसी सिद्धार्थनगर प्रसिद्ध गजलकार, समीक्षक और संपादक पंकज पाण्डेय, बिहार; श्री लक्ष्मण पाण्डेय, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर, मनोज सिदार्थ, जयकिशोर गौतम,हरिश्चंद्र, राम अवतार प्रजापति,गोविंद मौर्या, मौलाना मुज्जमिल हुसैन आदि सम्मलित हुए। कार्यक्रम का संचालन गृह मंत्रालय में राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक डॉ रघुवीर शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव संतोष कुमार ने किया।

- **हिंदी एक सूत्र में जोड़ने वाली भाषा : डॉ. भास्कर शर्मा**
- **युवाओं को संवेदनशील बनाता है साहित्य**

# एसपी ने निरीक्षक कोतवाली लोटन को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** राजेश कुमार गुप्ता द्वारा प्र0नि0 थाना लोटन के रूप में कार्यरत रहते हुए अल्प अवधि में निम्नलिखित उल्लेखनीय कार्य किये गये- थाना लोटन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 110/24 धारा 87/137(2) बीएनएस बढ़ोत्तरी धारा 65(1) बीएनएस के प्रकरण में सतत् दृष्टिगोचरता रखते हुए एवं मुखबीरों से लगातार सम्पर्क बनाकर विपक्षी को दिनांक 23.09.2024 को गिरफ्तार किया गया।

थाना लोटन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/24 धारा 116 (5)/61 (2) बीएनएस के प्रकरण में बैंक से 1071019/- रूपया फाड करके लेकर चले गये कैशियर सावन कुमार सिंह पुत्र शशि रंजन सिंह कैशियर बैंक आफ बड़ौदा शाखा ठोठरी बाजार,को दिनांक 28.09.2024 को 1045370/- रूपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मु0अ0सं0 108/24 धारा 87/137 (2) बीएनएस बढ़ोत्तरी धारा 65(1) बीएनएस के प्रकरण में लगातार फरार चल रहे वॉछित अभियुक्त को सतत् दृष्टिगोचरता रखते हुए एवं मुखबीरों से सम्पर्क कर विपक्षी को दिनांक 14.10.2024 को गिरफ्तार किया गया। उसके अतिरिक्त थाना प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता द्वारा अपने थाना क्षेत्र लोटन में दशहरा, धनतेरस, दीपावली एवं छठ त्यौहार में लगातार भ्रमणशील रहकर समस्त त्यौहारों/ दुर्गा प्रतिमा/लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन शान्तिपूर्वक एवं सकुशल सम्पन्न कराया गया ।जिनकी की सतर्कता से क्षेत्र में अपराध नियन्त्रण में रहा तथा कानून व्यवस्था स्थापित रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरी0 राजेश कुमार गुप्ता को उक्त सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# बरगला कर धर्म परिवर्तन कराने का हुआ पर्दाफाश, दो हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीदापुर के गौरा बाजार से सटा हुआ हरिजन डीह टोले में रविवार को एक धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चर्चा है कि कि उक्त गांव में पिछले कई वर्षों से मिशनरी द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर लोगों को बरगला कर धर्म परिवर्तन कराए जाने हेतु कार्य किया जा रहा था, जिसमे दूर दूर से महिलाएं एव पुरुष आते थे। जिससे कुछ अनपढ़ और नासमझ लोग इन धर्मगुरुओं की बातों में आकर लोग इन्हीं को अपना परमेश्वर मानने लगे थे। इसी तरह पूर्व की भांति रविवार को भी दोपहर बाद यह सिलसिला पुनः इस गांव में शुरू हुआ, जिसकी सूचना तत्काल विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को हुई, जिस पर विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने तुरंत चिल्हिया थाना को फोन कर उक्त मामले की जानकारी दी, जिसके पश्चात पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने चले आई। वही सोमवार को चिल्हिया थाने की पुलिस गांव पहुचकर मामले की जाँच कर रही है। इस सम्बंध में विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील मणि त्रिपाठी ने बताया कि कई दिनों से ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिल रही थी, इसी कड़ी में रविवार को सूचना मिली जिस पर हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं ने पहुँच कर पुलिस का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन का प्रयास रहेगा कि जिन लोगो को धर्म परिवर्तन कराया गया है उनकी घर वापसी हो। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताक्ष कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। धर्म परिवर्तन करा रहे मिशनरी का विरोध एवं कार्यवाही करवाने में मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के शोहरतगढ़ कार्यकारी तहसील अध्यक्ष राकेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष बर्डपुर अर्जुन मद्धेशिया, नगर कोसाध्यक्ष बर्डपुर सत्य प्रकाश मद्धेशिया, नगर उपाध्यक्ष बर्डपुर राम गोपाल गुप्ता, नगर संरक्षक बर्डपुर शाश्वत मिश्रा, बर्डपुर नगर मीडिया प्रभारी अजय चौधरी, सदस्य गण करण चौधरी, विशाल पाण्डेय, बलराज गुप्ता, मनोज, सुरेश गुप्ता, मोहित गुप्ता, आदित्य सिंह, सौरभ रस्तोगी, आशुतोश श्रीवास्तव विराट यादव, गुलाब जायसवाल, मनोज कन्नौजिया, करन चौधरी, मनीष जायसवाल, अमरीश सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी पीड़ित पर बना रहा है मुकदमा वापस लेने का दबाव

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जमानत पर जेल से छूट कर आये दुष्कर्म आरोपी के द्वारा दुष्कर्म पीड़िता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए उस की हत्या करने की धमकी देने व पीड़िता का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त राजू कुमार पुत्र तुलसी निवासी चौदह प्राश को जैतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने चौदह प्राश निवासी राजकुमार पुत्र तुलसी के विरुद्ध विगत माह शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था। अब आरोपी जमानत पर छूट कर घर आया था।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी उस पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने और समझौता करने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने जब बिना शादी किये समझौता न करने की बात की तो आरोपी ने पीड़िता को गाली गलौज देते हुए धमकी दिया कि यदि समझौता नहीं किया तो तुम्हे उठवा कर तुम्हारी हत्या करवा दूंगा। इतना ही नहीं आरोपी ने उस का अश्लील वीडियो भी सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

# रतन कॉलेज के वरिष्ठ सहायक आचार्य को अन्तर्राष्ट्रीय तथागत विशिष्ट सृजन सम्मान से किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. हंसराज कुशवाहा को किया गया सम्मानित**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तथागत कला साहित्य संस्थान, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 10 नवम्बर 2024, दिन-रविवार को 9 वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय तथागत सृजन सम्मान समारोह एवं वर्तमान हिन्दी लेखन की दिशा एवं दशा विषय पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं आयकर आयुक्त गोरखपुर अमलेन्दु नाथ मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं जिला न्यायाधीश, सिवान, बिहार प्रतिभा चौहान, वरिष्ठ साहित्यकार एवं सांसद काठमांडू, नेपाल डॉ. रेखा यादव, पूर्व चैयरमैन, मिरिक, दार्जिलिंग डॉ. कमला तमांङ एवं रतन सेन डिग्री कॉलेज, बाँसी, सिद्धार्थनगर के सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हंसराज कुशवाहा रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न साहित्यकारों द्वारा लिखित पुस्तकों का लोकार्पण किया गया, जिसमें डॉ. राजेंद्र परदेसी की पुस्तक 'चयनित कथाहरू' एवं डॉ. रेखा यादव की पुस्तक 'धीरे से' प्रमुख रहीं। इसमें डॉ. हंसराज कुशवाहा द्वारा स्वरचित काव्य रचना 'कैसे कहें हम पत्रकारिता?' का भी लोकार्पण किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय समारोह में डॉ. कुशवाहा को कला, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय अवदान हेतु 'अन्तर्राष्ट्रीय तथागत विशिष्ट सृजन सम्मान' से सम्मानित किया गया। डॉ. कुशवाहा को उनके समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इससे पूर्व भी भागीरथ अवार्ड जैसे सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. कुशवाहा को यह सम्मान मिलने पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजेंद्र परदेसी, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. भास्कर शर्मा, डॉ. रेखा यादव सांसद, काठमांडू ने, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक डॉ. रघुवीर शर्मा, साहित्य अकादमी की सदस्य अमृता राणा ने, पश्चिम बंगाल की साहित्यकार बेबी कारफरमा एवं अशोक रोका ने, नेपाल के साहित्यकार आकाश अधिकारी एवं दिवाकर भट्टराई ने, दार्जिलिंग की अमला सुब्बा एवं पवित्र राई ने, सिक्किम की लुइस विष्ट एवं ललित लोहार ने, बिहार के पंकज कुमार, रतन सेन डिग्री कॉलेज के डॉ.अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ. विकास सिंह, डॉ. मनीष कुमार भारती, पुस्तकालयाध्यक्ष राजेश शर्मा, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. मनोज कुमार सोनकर, वचनेश मौर्य, गोविंद मौर्य आदि ने बधाइयाँ दी।

## जनगणना के आसार

सरकार की ओर से कोई घोषणा तो हुई नहीं है पर मीडिया और दूसरे माध्यमों से जनगणना होने की खबर आ रही है। जनगणना से देश के आर्थिक सामाजिक स्थिति को ज्ञान होता है। उसी के आधार पर योजनायें बनती है। यह हर दस साल में होता रहा है। पूर्व में जनगणना 2021 में हो जानी चाहिये थी। पर कोविड ने कई चीजों में उलट फेर कर दी। जनगणना में देरी से कई समस्यायें पैदा हो रही है। नये आंकडे उपलब्ध न होने से जटिलतायें भी पैदा हो रही है। ताजे आकड़े न होने से फन्ड आदि का निर्धारण 2011 के आकड़ों के आधार पर हो रही है जो पुराने पड़ चुके है। इस बार की जनगणना में परिसीमन बड़ा मुद्दा होगा। लोकसभा के परिसीमन की प्रक्रिया 2002 में किये गये संशोधन की वजह से टली हुई है। 2020 के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही नया परिसीमन हो सकता है। नियमित जनगणना हुई होती तो परिसीमन का काम 2021 जनगणना के मिले आकड़ों के आधार पर होता बदले हालात में अब यह 2027 में हो सकता है। निचोड़ निकलता है कि 2029 को लोक सभा चुनाव नये परिसीमन के आधार पर होगा।

इस हाल ने दक्षिण के राज्यों को डरा दिया है। एक बेकार का विवाद पैदा का दिया है। क्षेत्र निर्धारण का मुख्य आधार जनसंख्या रही है। माना जा रहा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में उत्तर भारत के राज्यों की संख्या काफी बढ़ जायेगा। इससे राष्ट्रीय राजनीति में दक्षिण राज्यों का दबदबा कम हो जायेगा। लोगो की नजर सरकार पर है कि साउथ के आशंकाओं का निराकरण सरकार किस तरह करती है।

जाति जनगणना का सवाल भी इस बार जनगणना से जुड़ा हुआ है। विपक्षी दलों के इस मांग को एनडीए से जुड़े कई दलो की सहमति भी मिल रही है। अब इस मसले पर सरकार अपने नज़रिया किस हद तक और कितना बदलती है लोगो की नजर लगी हुई है। महिलाओं के लिये एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था भी इसी जनगणना के बाद लागू होनी है।

इन सब परिप्रेक्ष में आबादी के कई तबकों की कई सारी उम्मीदे और आशंकायें भी जुड़ी हुई है। इन सब को लेकर सरकार की मुशकिले बढ़ती जा रही है। कई चुनौतियां सामने आकर खड़ी हो रही है। सरकार इन सबको निपटाने में लगी है। आने वाला लोकसभा चुनाव भी उसके सामने खड़ा है। सरकार के विशेषज्ञ सब निपटाने में लगे हुये है। भारतीय नौकरशाही कार्य सक्षम और प्रतिशित है।

## पक्षी विज्ञानी सालिम अली

सालिम अली का पूरा नाम मोइजुद्दीन अब्दुल अली था सालिम अली ने अपनी पूरी जिंदगी पर्यावरण को समझने व उसे नष्ट होने से बचाने में लगा दी। मनुष्य हमेशा पशु पक्षियों से श्रेष्ठ होने का दावा करते हैं पर नजर तेज होने में बाज, सीधे पन में गाय, तेज दौड़ने बाघ और शारीरिक बलशाली होने के लिए शेर की उपमा देते हैं पर मनुष्य की बुद्धि इतनी परिष्कृत है फिर भी वह पर्यावरण के प्रदूषण से अपने आवास को नहीं बचा सका। सालिम अली ने अपनी आराम की जिंदगी त्याग कर सारी जिंदगी पर्यावरण को बचाने में लगा दी। सालिम अली खुद कभी बहुत बड़े शिकारी बनना चाहते थे बाद में उनकी रुचि प्राकृतिक पर्यावरण में व जीवित पक्षियों में हो गई और उन्होंने पक्षियों के लिए इतना कार्य किया कि इन्हें बर्डमैन आफ इंडिया या पक्षियों का मसीहा कहा जाता है। वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारत में व्यवस्थित रूप से पक्षी सर्वेक्षण का आयोजन किया। पक्षियों पर लिखी उनकी किताबों ने? भारत के पक्षी विज्ञान के विकास में काफी सहायता की।



सालिम अली का जन्म 12 नवंबर 1896 में मुंबई के खेतावाड़ी स्थान पर एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था । वह अपने माता पिता की नवीं संतान थे अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे थे पर दुखद यह रहा इनके जन्म के 1 वर्ष बाद पिता मोइनुद्दीन का निधन हो गया तथा 3 वर्ष बाद माता जीनत -अननीसा का निधन हो गया। इनका पालन-पोषण इनके मामा अमरुद्दीन और संतान हीन मामी हमीदा बेगम ने किया। इनका सारा बचपन चिड़ियों की खोज में ही गुजरा। एक दिन सालिम ने खेल-खेल में अपनी खिलौना बंदूक से पीले रंग की गौरैया को मार दिया गौरया की गर्दन पर पीले धब्बे को देखकर उन्हें जानने की इच्छा हुई। वहा मुंबई की नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिव डब्लू एस एस मिलार्ड के पास ले गए यह सचिव से यह मुलाकात उनके जीवन का मोड़ साबित हुई उन्होंने इसे सुनहरी कंठ गौरैया बताया । सालिम को पहली बार पक्षियों की इतनी सारी प्रजाति होने की जानकारी मिली वहीं से उनका झुकाव पक्षियों की ओर हुआ और उन्होंने सब कुछ जानने का निश्चय किया ।इसके लिए सचिव मिलार्ड ने उनकी बहुत मदद की उन्होंने सालिम को सोसाइटी के पक्षियों से परिचित भी कराया।

सालिम की शिक्षा के संबंध में उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर स्कूल में प्रवेश किया पर 13 वर्ष की उम्र में सिर दर्द से पीड़ित होकर उन्हें स्कूल छोड़ना पड़ा फिर उन्हें अपने चाचा के साथ सिन्ध भेजा गया उन्होंने सोचा कि वहां का वातावरण शुष्क है ठीक हो जाएगा। वहां से आने के बाद मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। परिवार के बोल फ्रेम टंगस्टन माइनिंग (टंगस्टेन का इस्तेमाल कवच बनाने के लिए किया जाता था युद्ध के दौरान महत्वपूर्ण था) इमारती लकड़ियों की देखरेख के लिए वह टोवोय, बर्मा चले गए क्षेत्र चारों ओर जंगलों से घिरा था सालिम को अपना प्रकृतिवादी और शिकार कौशल को उत्तम बनाने का वहां भी मौका मिला। 1917 में भारत वापस आए और अपनी पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया उन्होंने 1917 में जंतु विज्ञान में बीएससी सेंट जेवियर कॉलेज से की । 1918 में अपनी दूर की रिश्तेदार तहमीना से उन्होंने विवाह कर लिया । उनके पास डिग्री न होने कारण जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के पक्षी विज्ञानी पद को हासिल करने में असमर्थ रहे। बॉम्बे नेचुरल सोसायटी के म्यूजियम में गाइड के रूप में नौकरी मिली। इसी दौरान पक्षियों की खाल उतार कर उसमे भूसा भरने की आधुनिक तकनीक के अध्ययन के लिए 1 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सालिम को जर्मनी भेजा गया ।वहीं विश्व विख्यात प्रशिक्षण विज्ञानी इरविन स्ट्रेसमेन के संपर्क में उनका ज्ञान बढ़ता है ।उन्होंने पढ़ाई करने का फैसला किया 1928 में जर्मनी के लिए अध्ययन विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र संग्रहालय में काम किया और कई प्रमुख पक्षी विज्ञानियों से संपर्क बढ़ाया।

सालिम अली ने बया नामक पक्षी खोज निकाला 3-4 माह में उनको सफलता मिली 1930 में उनका यह शोध प्रकाशित हुआ। सलीम अली के लेखन साहित्य पर हम विचार करते हैं तो सालिम ने कई पत्रिकाओं के लिए लेख लिखे मुख्य रूप से जनरल ऑफ द बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के लिए लिखा साथ ही उन्होंने कई लोकप्रिय शैक्षिक पुस्तकें लिखीं। 1930 में उन्होंने एक लोकप्रिय लेख लिखा जिसका शीर्षक था स्टॉपिग बाय वुड्स ऑन ए संडे मॉर्निंग जिसका पुनः प्रकाशन 1984 में उनके जन्मदिवस पर इंडियन एक्सप्रेस ने किया। उनकी सबसे लोकप्रिय पुस्तक द बुक आफ इंडियन बर्डस थी जिसके पहले संस्करण का प्रकाशन 1941 में किया गया इसके अनुवाद कई भाषाओं में किए गये। इसके 12 संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी सर्वोत्कृष्ट कृति एस डिल्लन रिप्ले के साथ लिखी हुई हैंडबुक आफ द बर्डस आफ इंडिया एण्ड पाकिस्तान इसका प्रकाशन 1983 में किया गया उन्होंने कुछ क्षेत्रीय गाइडों /पुस्तकों की भी रचना की जैसे द बर्डस आफ केरला, द बर्डस ऑफ त्रावणकोर द बर्डस ऑफ़ सिक्किम, इंडियन हिल बर्ड्स आदि हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को जमीन में गाड़ा जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती।' मोदी सरकार ने ही इन अनुच्छेदों को निरस्त कराया है, वह ही इन्हें बहाल क्यों करेगी, कश्मीरी प्रतिनिधि यह भी बखूबी जानते हैं, लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं। सदन में जो असंसदीय, असंवैधानिक, अनधिकृत, अनैतिक हरकत की गई है, उसके अंजाम ऐसे भी हो सकते हैं कि उमर अब्दुल्ला सरकार और विधानसभा 'प्रतीकात्मक', 'कागजी' बनकर रह सकते हैं और राज्यत्व का मुद्दा भी लटक कर रह सकता है।

# धारा 370 के बहाने शांति और विकास में खलल डालने की कोशिश

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव लाया गया, जिस पर बवाल मचा हुआ है। विधानसभा में स्थिति हंगामे के साथ-साथ हाथापाई तक पहुंच गई। विधायकों ने जमकर नारेबाजी की, पोस्टर फाड़े और एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की की।



विपक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी ने यहां तक कहा कि पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलने वाला है। वहीं, अब कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी गुमराह कर रही है। प्रस्ताव में 370 का कोई जिक्र भी नहीं है। जम्मू कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 की बहाली पर लाए गए प्रस्ताव पर मचे बवाल से जम्मू और कश्मीर में खाई गहरी होती नजर आ रही है।

5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में बांटने का फैसला किया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। 11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने पांच जजों की पीठ ने केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था।

नेशनल कॉन्फ्रेंस का यही राजनीतिक मंसूबा था, क्योंकि अनुच्छेद 370 और 35-ए पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा था। हालांकि पार्टी को 23 फीसदी वोट ही हासिल हुए, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लिहाजा सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बखूबी जानते हैं कि विधानसभा को संविधान में संशोधन करने या ऐसा प्रस्ताव पारित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। यह संसद और सर्वोच्च अदालत के फैसलों का उल्लंघन भी है। फिर भी उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी के जरिए प्रस्ताव पेश कराया गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किया जाए।



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि यह विधानसभा विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटी के महत्व की पुष्टि करती है, जिसने जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा की। साथ ही इन अधिकारों के एकतरफा खत्म करने पर चिंता व्यक्त करती है। इसके साथ ही विधानसभा भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर के लोगों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जे, संवैधानिक गारंटी की बहाली के लिए बातचीत शुरू करने और प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक सिस्टम बनाने की अपील करती है। यह दर्जा अनुच्छेद 370 में ही संरक्षण पाता रहा है। प्रस्ताव को लेकर विधानसभा में विधायकों ने हाथापाई, धक्का मुक्की की। यहां तक कि मारपीट भी की गई। विपक्षी सदस्यों को मार्शलों के द्वारा जबरन सदन के बाहर धकियाया गया। यह विधायी सदन है अथवा अराजकता का कोई अखाड़ा है? सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह जानता है कि अब अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को जमीन में गाड़ा जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती।' मोदी सरकार ने ही इन अनुच्छेदों को निरस्त कराया है, वह ही इन्हें बहाल क्यों करेगी, कश्मीरी प्रतिनिधि यह भी बखूबी जानते हैं, लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं। सदन में जो असंसदीय, असंवैधानिक, अनधिकृत, अनैतिक हरकत की गई है, उसके अंजाम ऐसे भी हो सकते हैं कि उमर अब्दुल्ला सरकार और विधानसभा 'प्रतीकात्मक', 'कागजी' बनकर रह सकते हैं और राज्यत्व का मुद्दा भी लटक कर रह सकता है। अनुच्छेद 370 एक ऐतिहासिक गलती थी, लिहाजा उसे दुरुस्त करना जरूरी और उचित था। विलय-पत्र में भी इसका कहीं उल्लेख नहीं था। संविधान में यह अस्थायी प्रावधान था। अनुच्छेद 370 को 17 अक्टूबर, 1949 को संविधान का हिस्सा बनाया गया, जिसे 26 जनवरी,1950 को गणतंत्र बनने के बाद भी धारण किया गया। नेहरू-गांधी परिवार के तीन प्रधानमंत्री हुए, कांग्रेस अध्यक्ष बने, कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री भी कांग्रेस के ही थे, लेकिन इस अस्थायी अनुच्छेद को हटाया नहीं गया। नतीजतन जम्मू-कश्मीर का 'विशेष दर्जा' जारी रहा। यह दर्जा ऐसा था, जिसका झंडा, संविधान, नागरिकता और 6 साल की विधानसभा आदि अलग व्यवस्थाएं थीं।

भारत के कई कानून यहां मान्य और लागू नहीं थे। 'जनसंघ' के संस्थापक नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के तहत आंदोलन छेड़ा था और रहस्यमयी बलिदान दिया। 'बलिदान हुए जहां मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है,' भाजपा विधायकों ने सदन में ये नारे लगाए। जवाब में अब्दुल्ला की पार्टी के विधायकों ने नारे लगाए-'जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है।' यह कश्मीर में हिंसक अतीत को सुलगाने की हरकत है। यह जिहादियों का और अलगाववाद का नया एजेंडा हो सकता है, अलबत्ता दोनों अनुच्छेद तो आज मृत हैं। 5 अगस्त, 2019 को संसद ने कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने का फैसला लिया। लोकसभा में 370 सांसदों और राज्यसभा में 125 सांसदों ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किए थे। लोकसभा में कांग्रेस समेत विरोधियों के कुल 70 सांसदों ने ही मतदान किया। आज एक अधूरी, बौनी-सी विधानसभा उस संसदीय निर्णय को खारिज कर दर्जा बहाल करने की मांग का दुस्साहस कैसे कर सकती है?

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने के नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के प्रस्ताव के पारित होने के बाद पीढ़ियों से जम्मू-कश्मीर में रह रहे गोरखा, वाल्मीकि समाज और पाकिस्तानी विस्थापितों में उमर सरकार के खिलाफ रोष पनप गया है। इन लोगों का कहना है कि पीढ़ियों तक जम्मू-कश्मीर में विस्थापितों की जिंदगी गुजारने के बाद मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 व 35 ए निरस्त कर उन्हें जम्मू-कश्मीर के निवासी बनाते हुए मौलिक अधिकार दिए थे और आज उमर सरकार फिर से वो अधिकार छीनने का प्रयास कर रही है। अनुच्छेद 370 निरस्त होने के लाभार्थियों ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के समर्थन पर भी हैरानी जताते हुए कहा है कि सरकार को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इन लाभार्थियों का कहना है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद दशकों बाद उन्हें मौलिक अधिकार मिले हैं। उनकी पीढ़ियों को उम्मीद की किरण दिखी है। अब उमर सरकार दोबारा 370 की बहाली की चाल चल रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए समाज के लोग जान की बाजी लगाने को भी तैयार हैं। बीती 3 नवंबर को जम्मू के गोरखा नगर में गोरखा समाज के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसी भी सूरत में अनुच्छेद 370 को दोबारा लागू नहीं होने देने की बात कह रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी पीढ़ियों को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा है। अब जाकर उन्हें न्याय मिला है। एक बार फिर सरकार उसी रास्ते पर लेकर जाना चाह रही है। आगामी पंचायती और स्थानीय निकाय चुनाव में भी सभी प्रमुख दल अपने वोट बैंक को बनाकर रखना चाहते हैं।

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए 'हिंदू एकता' के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पर्दाफाश किया। होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।' उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की।





सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, 'लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है।' उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया।

निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए।

संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है।आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। 'स्व' का मतलब है 'स्वाधीनता', राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है।

# ये अंग्रेज़ परस्त राजघराने

65 राजघरानों में कुछ ऐसे राजा -महाराजा भी थे जिन्होंने अपने व देश के स्वाभिमान से समझौता न करते हुये अंग्रेज़ों के सामने अपने घुटने नहीं टेके। हालांकि ऐसे कुछ राजघरानों को उसकी क़ीमत भी चुकानी पड़ी। निःसंदेह देश ऐसे बलिदानी राजघरानों के समक्ष आज भी नतमस्तक है तथा उनका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। ऐसी ही एक शहीद वीरांगना का नाम था झाँसी की रानी अथवा रानी लक्ष्मीबाई।

आजका हमारा स्वाधीन एकीकृत भारत स्वतंत्रता पूर्व लगभग 565 राजघरानों अथवा रियासतों का देश हुआ करता था। इनमें विभिन्न धर्मों व जातियों के अनेक भारतीय राजा -महाराजा - नवाब आदि अपनी अलग अलग रियासतों में राज किया करते थे। इनमें से कई राजघराने ऐसे थे जिन्होंने अपनी रियासत को मुग़लों,आक्रांताओं या अंग्रेज़ों की मातहती से बचाने के लिये उनसे संघर्ष किया। जबकि अधिकांश रियासतों के प्रमुख ऐसे थे जिन्होंने या तो भयवश या लालच में आकर या फिर मौक़ा परस्ती के चलते या तो अँग्रेज़ी हुकूमत के आगे घुटने टेक दिए। बताया जाता है कि ईस्ट इण्डिया कंपनी के माध्यम से जब धीरे धीरे अंग्रेज़ों ने भारत में अपनी घुसपैठ शुरू की उस समय वे अपने साथ लाखों की फ़ौज लेकर नहीं आये। बल्कि उन्होंने अपने सहयोगी के रूप में भारत के ही उन्हीं रियासत प्रमुखों यानी राजा महाराजाओं का इस्तेमाल किया। इसके अलावा चूँकि पराधीन भारत में रोज़गार की भी भारी कमी थी इसलिये पुलिस से लेकर सेना तक में अधिकांशतः भारतीयों की ही भर्ती की गयी। इस तरह देश में ब्रिटिश काल में जहाँ भी आज़ादी के मतवालों या अन्य भारतीय नागरिकों पर ज़ुल्म ढाया जाता था या उन्हें अपमानित किया जाता था या उनकी हत्यायें की जाती थीं अथवा फांसी पर चढ़ाया जाता था तो इसके आदेश भले ही अंग्रेज़ अधिकारी देता था परन्तु ज़ुल्म व अत्याचार की घटना को अंजाम देने में अंग्रेज़ों का मातहत भारतीय ही अगुआकार की भूमिका निभाता था। इसी तरह अंग्रेज़ों के पिट्ठू व उनके रहम-ो-करम पर अपनी रियासत चलने वाले तमाम रजवाड़े भी अंग्रेज़ों की खुशामद करने व उनके इशारे पर भारतीयों पर ज़ुल्म करने में पेश पेश रहा करते थे।





ठीक इसके विपरीत इन्हीं 565 राजघरानों में कुछ ऐसे राजा -महाराजा भी थे जिन्होंने अपने व देश के स्वाभिमान से समझौता न करते हुये अंग्रेज़ों के सामने अपने घुटने नहीं टेके। हालांकि ऐसे कुछ राजघरानों को उसकी क़ीमत भी चुकानी पड़ी। निःसंदेह देश ऐसे बलिदानी राजघरानों के समक्ष आज भी नतमस्तक है तथा उनका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। ऐसी ही एक शहीद वीरांगना का नाम था झाँसी की रानी अथवा रानी लक्ष्मीबाई। रानी लक्ष्मीबाई ने 29 वर्ष की उम्र में 1857 की क्रान्ति में अंग्रेज़ साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई। बताया जाता है कि युद्ध के दौरान उनके सिर पर तलवार लगने के कारण वह शहीद हुई। परन्तु आश्चर्य की बात तो यह है कि ब्रिटिश काल में जो राजघराने अंग्रेज़ों की खुशामद परस्ती में लगे रहते थे उन्हीं में अनेक राजघराने स्वतंत्रता के बाद भी यहाँ तक कि आज़ाद भारत में राज शाही की व्यवस्था समाप्त हो जाने के बावजूद आजतक न केवल सत्ता के केंद्र में बने रहने में सफल रहे हैं बल्कि काफ़ी हद तक अपना शाही रहन सहन व वैभव बरक़रार रखने में भी कामयाब रहे हैं। और इससे भी बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि आज भी ऐसे राजघरानों के अंतर्गत रहने वाली जनता स्वयं को आज़ाद भारतीय नहीं बल्कि राजा की रियाया समझती है। मैंने स्वयं ऐसे अनेक राजघराने देखे हैं जहाँ के लोग अपने राजा या राजकुमार को देवता तुल्य समझते हैं।

रानी लक्ष्मीबाई से जुड़े कई ऐसे क़िस्से हैं जिनसे पता चलता है कि जब वह अपने मासूम बच्चे को अपनी पीठ पर बाँध कर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ युद्धरत थीं उसी समय ग्वालियर का सिंधिया राजघराना उन्हीं अंग्रेज़ों की खुशामद परस्ती में व्यस्त था। कुछ इतिहासकार तो यहाँ तक लिखते हैं कि 1857 के विद्रोह में जहाँ तात्या टोपे व नाना साहब के साथ झांसी की सेना के कई वीर सैनिकों ने अंग्रेज़ों से लोहा लिया वहीँ उसी दौर के ग्वालियर के महाराजा जयाजीराव सिंधिया पर यह आरोप लगता रहा है कि उन्होंने उस समय रानी लक्ष्मीबाई की बजाय अंग्रेज़ों का साथ दिया। प्रसिद्ध कवित्री सुभद्रा कुमारी चौहानने झांसी की रानी पर लिखी अमर कविता में लिखा भी था कि - अंग्रेज़ों के मित्र सिंधिया ने छोड़ी राजधानी थी। बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी।। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। सिंधिया परिवार पर अंग्रेज़ों का पिट्ठू होने का लेबल सिंधिया घराने के कांग्रेस के क़रीब होने के समय भाजपा के नेता लगाया करते थे जबकि अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने पर यही इलज़ाम कांग्रेस या अन्य भाजपा विरोधी दलों की तरफ़ से लगाया जा रहा है। हालाँकि ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने परिवार पर अंग्रेज़ों का पिट्ठू होने के आरोप का खंडन करते रहे हैं। परन्तु सच तो यह है कि बिना आग लगे धुंआ नहीं उठता।

गत वर्ष 1857 की क्रांति पर आधारित व इतिहासकार तेजिंदर वालिया द्वारा लिखित व संकलित एक पुस्तक अम्बाला की दास्तां 1857 की प्रस्तावना लिखने का मौक़ा मिला। उस पुस्तक में उल्लिखित कई दस्तावेज़ों में चौंकाने वाली हक़ीक़त सामने आई। ऐसे ही कुछ दस्तावेज़ों से पता चला कि जब ब्रिटिश अधिकारी पंजाब के इलाक़े में भारतीयों पर अत्याचार कर दिल्ली की तरफ़ कूच करते थे और उन्हें इसबात का डर सताता था कि कहीं रास्ते में आम जनता उन पर हमला न कर दे या कहीं सेना विद्रोह न कर दे तो ऐसे में वे अंग्रेज़ अधिकारी पटियला व जींद जैसे राजघरानों से अपनी सुरक्षा संबंधी सहायता लिया करते थे। इस सहायता में कभी पटियाला व जींद के महाराजा अपनी सेना व घुड़सवार भेजते तो ज़रूरत पड़ने पर कभी खुद भी हाज़िर हो जाते। कितना आश्चर्य होता है कि इस तरह के दर्जनों राजघराने जो कल सत्ता सुख की ख़ातिर अंग्रेज़ परस्ती में जीते थे वे आज भी सत्ता की राजनीति करने में वैसे ही माहिर हैं। और हमारे देश की भोली भाली जनता इन अंग्रेज़ परस्त राजघरानों को तब भी सम्मान देती थी जब वे अंग्रेज़ों से राय बहादुर जैसी पदवियाँ व रियासत के विस्तार हेतु अधिक से अधिक इलाक़े हासिल करते थे और आज भी उन्हें वैसा ही सम्मान देती है जब वे स्वतंत्र भारत में चुनाव लड़ते हैं या जीतने के बाद मंत्रिमंडल में शोभायमान होकर देश के उज्जवल भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। दरअसल अंग्रेज़ों के ऐसे खुशामद परस्तों को उस समय और भी बल मिल जाता है जब उन्हें अंग्रेज़ परस्ती की विचारधारा रखने वाले राजनैतिक दलों का साथ मिल जाता है।

# मौलाना आजाद ने देखा था शिक्षित भारत का सपना: प्रो. सत्यकाम

- नई शिक्षा नीति में सभी का योगदान जरूरी- प्रोफेसर धनंजय यादव
- मुक्त विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हुआ व्याख्यान



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में सोमवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मौलाना आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे जिन्होंने भारत को शिक्षित करने में पूरा योगदान दिया और उन्होंने शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित भारत बनाने का सपना देखा था उसी के अनुक्रम में अनेक शिक्षण संस्थाओं के विकास में अपना योगदान दिया। उनका सपना था कि सभी बच्चे शैक्षिक रूप से सक्षम होते हुए रोजगार परक शिक्षा प्राप्त करें और उसी के अनुक्रम में अपने जीवन यापन करते हुए देश व समाज के विकास में अपना योगदान दें। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर धनंजय यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस को स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आजाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और बेहतरीन लेखक थे। मौलाना आजाद ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया।

इसके साथ ही उनके कार्यकाल में सांस्कृतिक संबंध परिषद भी स्थापित हुआ।

प्रोफेसर यादव ने कहा कि आज नई शिक्षा नीति 2020 मूर्त रूप में है। सभी लोग सामूहिक जिम्मेदारी लेते हुए देश की शिक्षा नीति में अपना योगदान दें। मौलाना आजाद ने स्वतंत्र भारत के बाद शिक्षा नीति की जो बागडोर संभाली थी उसको आगे बढ़ाने के क्रम में प्रयास जारी है। इसको अमलीजामा पहना पाए तो निश्चित रूप से भारत 2047 तक विकसित भारत के रूप में परिवर्तित हो जाएगा, ऐसी अपेक्षा है। उसके लिए हम सभी का सामाजिक, समावेशी एवं सामूहिक प्रयास होना चाहिए, जो भारत के लिए श्रेष्ठ होगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के निदेशक प्रोफेसर पी.के. स्टालिन ने सभी अतिथियों का वाचिक स्वागत तथा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय प्रवर्तन परविंद कुमार वर्मा ने किया। संचालन डॉक्टर रविंद्र नाथ सिंह ने तथा संयोजक प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं शोध छात्र उपस्थित रहे।

# महाकुंभ 2025 : 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे 220 हाईटेक डीप डाइवर

- पानी पर होगा 700 नावों से पहरा, 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ रहेगी तैनात
- गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत देश के सबसे चुनिंदा जल पुलिस के जवान पहुंच रहे प्रयागराज
- 340 एक्सपर्ट करेंगे घाटों पर भीड़ की पल-पल मॉनिटरिंग



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सनातन धर्म के सबसे बड़े सामूहिक आयोजन महाकुंभ 2025 में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को सुरक्षा की दृष्टि से सफल बनाने के लिए जल पुलिस, पीएसी, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के दौरान 220 हाईटेक डिप डाइवर समेत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके चलते गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत देश के सबसे चुनिंदा जल पुलिस के जवान प्रयागराज में तैनात किए जा रहे हैं। स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई भी अनहोनी न होने पाए इसके लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हाईटेक डीप डाइवरों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान 180 डीप ड्राइवर्स की तैनाती की गई है, जो देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आ रहे हैं, जबकि 39 डीप ड्राइवर्स पहले से ही यहां तैनात हैं। इस तरह कुल 220 डीप ड्राइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे।

इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों का भी इसमें सहयोग लिया जा रहा है। स्थानीय केवट भी सहयोग में रहेंगे जो बिना गैस सिलेंडर के भी 40 फीट गहराई तक जाने में सक्षम हैं। यही नहीं, स्नानार्थियों की मदद के लिए 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ भी तैनात की जा रही है जो किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने में सक्षम होगी।

### 200 से ज्यादा स्थानीय लोग भी रहेंगे सुरक्षा में तैनात

**प्रयागराज।** देश दुनिया से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 24 घंटे एक्शन मोड में काम कर रही है। सरकार के निर्देश पर कई तरह की सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं भी महाकुंभ के सबसे बड़े सांस्कृतिक महाआयोजन में सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। इसी के तहत पीएसी और एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ ही गांव के स्थानीय लोग भी इसमें बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे ही स्थानीय लोगों की एक टीम को यहां की जल पुलिस प्रशिक्षित भी कर रही है। जिसमें 200 से ज्यादा जवान महाकुंभ में स्नान करने वाले संतों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं।

# प्रेमी ने पेपर कटर से रेता प्रेमिका का गला

अवधनामा संवाददाता

- पड़ोसी पर भी किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रेमी-प्रेमिका के बीच एक साथ रहने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद युवक ने पेपर कटर से प्रेमिका का गला रेत दिया। चीख पुकार सुनकर वहां पहुंचे पड़ोसी पर भी युवक हमला कर दिया। नैनी पुलिस ने आरोपी को सोमवार भोर में गिरफ्तार कर लिया। घटना में घायल हुए दोनों लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। घटना नैनी के डंभांव मोहल्ले की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौंधियारा थाना के देवरा गांव की 35 वर्षीय रेनू पांडेय शहर में साड़ी की दुकान में काम करती है। वह शादीशुदा है। काम के दौरान रेनू की पहचान राकेश पटेल (38) पुत्र सिरवत नारायण निवासी सपहा थाना घूरपुर से हो गई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई और दो माह पहले राकेश ने रेनू को नैनी के डंभाव स्थित रवि पटेल के घर में किराए का कमरा दिला दिया। तभी से रेनू यहीं रहने लगी थी।

बताया जाता है कि शनिवार देर रात राकेश रेनू को उसकी दुकान से लेकर अपने साथ डभांव स्थित कमरे पर आया था। वहां रेनू और राकेश के बीच एक साथ रहने को लेकर विवाद होने लगा। पुलिस के मुताबिक रविवार भोर में राकेश ने गुस्से में रेनू का पेपर कटर से गला रेत दिया। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले 45 वर्षीय महेश पटेल पहुंचा और बीच बचाव करने लगा। इसी दौरान उसने उस पर भी वार कर दिया। इससे वह भी लहूलुहान हो गया।

दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका ले जाया गया। गंभीर होने पर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। महेश के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस आरोपी राकेश की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया। सोमवार भोर में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# पर्यावरण सुधार पर कार्यशाला में हुई विस्तृत चर्चा

**पर्यावरण सुधार हेतु रिपोर्ट कार्ड बनाने पर भारतीय वन सेवा अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भावाअशिप पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ÷पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य कार्ड÷ विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. राजीव श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा एवं वर्तमान मुख्य सलाहकार-पर्यावरण के साथ उपस्थित गणमान्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

केन्द्र प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने मंचासीन अधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की छत्र छाया में पर्यावरण के सतत विकास एवं परिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन हेतु उक्त कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन केन्द्र द्वारा आईआईएफएम, भोपाल एवं एनसीएससीएम, चेन्नई के संयुक्त तत्वधान में किया जा रहा है। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर, पाठ्यक्रम समन्वयक ने प्रशिक्षण कार्यशाला की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने भारत की जैव विविधता संरक्षण के अंतर्गत होने वाले प्रयासों एवं पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के नियंत्रण विधियों पर चर्चा किया। विशिष्ट अतिथि तुलसीदास शर्मा, वन संरक्षक, प्रयागराज ने सभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश में पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन पर सुझावों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. पूर्वजा रामचंद्रन, निदेशक, एनसीएससीएम, चेन्नई ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए आद्रभूमि संरक्षण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं जल शोधन के साथ जैव विविधता को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक आलोक यादव, ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागी वन सेवा अधिकारियों के साथ डॉ. कुमुद दुबे, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव के साथ वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. एस. डी. शुक्ला, तकनीकी अधिकारी रतन कुमार गुप्ता, तकनीकी सहायक धर्मेन्द्र कुमार, प्र.श्रे.लि.-हरीश कुमार, अ.श्रे.लि. अम्बुज कुमार के साथ विभिन्न शोध छात्र - छात्रा आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी की आत्महत्या के मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**बलिया।** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के कथित रूप से छेड़खानी से तंग आकर फंदे से लटककर आत्महत्या करने के मामले में एसपी ने दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने सोमवार को बताया कि मुख्य आरक्षी मुनीब यादव और आरक्षी विकास कुमार यादव को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नानार्थियों को आस्था की डुबकी लगाने को रोडवेज तैयार

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए परिवहन विभाग भी कमर कस ली है। रोडवेज ने लोगों की सुविधा के लिए 120 से अधिक बसों को चलाने का निर्णय लिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रोडवेज डिपो के नव निर्माण के चलते बसों व एआरएम कार्यालय का संचालन दो माह पहले से ही रोडवेज वर्कशाप से किया जा रहा है। फिलहाल बसें पुराने डिपो पर आकर ही लगती है। एआरएम आफिस के तोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में डिपो भवन का भी ध्वस्तीकरण होना है। लेकिन कार्तिक पूर्णिमा पर परिवहन निगम ने ध्वस्तीकरण कार्य में जुटी कार्यदायी संस्था से बात कर 16 नवंबर तक पुराने डिपो परिसर को खाली रखने का आग्रह किया है। ताकि बसों के संचालन में किसी तरह की दिक्कत न हो। एआरएम अजय कुमार ने बताया कि जीराबस्ती वर्कशाप से स्नान के दिन बसों के संचालन में काफी दिक्कत होती। इसलिए व्यवस्था की गई है। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के एक दिन पहले से ही 120 बसों के संचालन की योजना बनाई गई है।

### खेतों में पराली जलाने पर लगेगा जुर्माना

**बलिया।** जनपद के समस्त कृषकों को सूचित करते हुए उप कृषि अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया है कि मा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के कड़े निर्देशानुसार सेटेलाइट के माध्यम से खेतों की लगातार निगरानी हो रही है। पराली जलाने पर सेटेलाइट द्वारा सम्बन्धित खेत का विवरण रिकार्ड कर लिया जायेगा और आपको अनावश्यक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। किसान भाई फसल अवशेष कदापि न जलाएं, अपितु उसे मिट्टी में मिलाकर खाद के रूप में परिवर्तित करें। अवशेषों से खाद बनाये, मृदा का कार्बन अंश बढ़ाएं'' मा. उच्चतम न्यायालय एवं मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष को खेतों में जलाना दंडनीय अपराध घोषित है। नये शासनादेश के अनुसार पराली या फसल अवशेष जलाने पर अर्थदंड व पर्यावरणीय वसूली जिसमें 02 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों से रू 5000 का जुर्माना प्रति घटना। 02 से 05 एकड़ भूमि वाले किसानों से 10000 रूपए का जुर्माना प्रति घटना।05 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों से 30000 रूपए का जुर्माना प्रति घटना जुर्माना है।

### नगर निगम ने चलाया नुरुल्ला रोड पर अतिक्रमण विरोधी अभियान

**प्रयागराज।** कुंभ मेला को देखते हुए इस समय सभी अधिकारी एक्टिव मोड पर हैं। सोमवार को नगर निगम के उपनगर आयुक्त अनुपम शुक्ला जोनल अधिकारी जोन प्रथम अशोक कुमार व राजस्व निरीक्षक चंद्रशेखर ने नगर निगम के कर्मचारियों के साथ नुरुल्ला रोड और अस्करी रोड पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर जुर्माना वसूला। टीम ने अवैध रूप से अतिक्रमण किए थे जिसमें दो नर्सरी भी थी और कुछ गोमती व पन्नी लगाए हुए थे सभी अतिक्रमण को ध्वस्त कराया गया। इस अभियान से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच रहा। अभियान देखने वाले काफी लोगों की हर जगह भीड़ देखी गई लेकिन कही पर किसी ने कोई विरोध नहीं किया। उपनगर आयुक्त अनुपम शुक्ला ने लोगो से अपील की कि आप लोग रोड पर कोई भी अतिक्रमण न करें जिससे आम जनमानस को आने जाने में कोई दिक्कत न हो।

# खेत के साथ-साथ आपके स्वास्थ्य को पहुंचाता है हानि

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** धान के फसल अवशेष जलाने से 30 किग्रा कणिका तत्व, 60 किग्रा कार्बन मोनो आक्साइड, 1460 किग्रा कार्बन डाई आक्साइड, 199.0 किग्रा राख एवं 2. किग्रा सल्फर डाई आक्साइड अवमुक्त होता है।

इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है, जिससे आँखों में जलन एवं त्वचा रोग तथा सूक्ष्म कणों के कारण जीर्ण हृदय एवं फेफड़ों की बीमारी के रूप में मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। श्वसन तंत्र प्रभावित होने के कारण गंभीर बिमारियाँ हो सकती है। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। निराश्रित गो आश्रय स्थलों को पराली दान करें, जो सर्दियों में उनके चारे व बिछावन में उपयोग हो सकती है। फसल अवशेष नहीं जलाये, फसल अवशेष का कम्पोस्ट बनाए। किसान अपने खेतों में फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, श्रब मास्टर, पैडी स्ट्राचापर, श्रेडर, मल्चर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सेबुल एम.बी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, क्राप रीपर, स्ट्रा रेक, रीपर कम बाइण्डर का अवश्य प्रयोग करें। फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत इन-सीटू योजना में यंत्रों का सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु कस्टम हायरिंग केन्द्र एवं फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किये गये है। यहाँ से किसान भाई किरायें पर यंत्र प्राप्त कर अपने खेत की पराली का प्रबन्धन कर सकते है।''फसल के डंठल नहीं जलाए, पलट के मिट्टी वहीं सड़ाए। फसल अवशेषों को जलाने से उनके जड़, तना, पत्तियों, संचित लाभदायक पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है जिसके कारण मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खेतों मे यदि आग लगाए, मित्र किट भी सब जल जाए।

### जेएनसीयू में मिशन शक्ति के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण और निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा के निर्देशन में चित्रकला (पोस्टर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएफए के छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के छात्रों ने भागीदारी किया।

इस प्रतियोगिता में नारी सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर का निर्माण किया। प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनुराधा राय ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है। जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण करना है। कार्यक्रम के समन्वयक पंकज कुमार गौतम ने मिशन शक्ति 5.0 के मिशन को पूरा करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतियोगी छात्रों को अपना विचार व्यक्त करने का सुझाव दिया।

# मुमताज पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज के मौलाना अली मियां हॉल में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें तीनों संकायों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नसीम अहमद खान ने अतिथियों का स्वागत किया, मुमताज पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अतीक अहमद फारूकी एवं शिया पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सरवत तकी ने भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में शिक्षा के लिए मौलाना आज़ाद की सेवाओं पर क्रमशः छात्र मुहम्मद अरसलान (प्रथम वर्ष), अबू तालिब (प्रथम वर्ष) और मुहम्मद असरफ (तृतीय वर्ष) ने भाषण दिये। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रोफेसर अतीक अहमद फारूकी एवं डॉ. सरवत तकी ने प्राप्त किया। इससे पहले 9 नवंबर को पूरब के शायर अल्लामा इकबाल की जयंती के अवसर पर आयोजित विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन का आयोजन किया गया, जिसमें मुहम्मद मिन्हाज आलम, बीए द्वितीय वर्ष, मुहम्मद शकील, बी.ए. तृतीय वर्ष एवं जैनब जुनैद बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन दोनों प्रतियोगी कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अतीक अहमद फारूकी ने मौलाना आजाद के सर्वांगीण व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए कहा कि मौलाना आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों का उल्लेख किया।

# विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कुल 143 परियोजनाओं की समीक्षा की। एक्सईएन ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन कार्य पूर्ण होने का कोई प्रमाणिक दस्तावेज न दे सके जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने विधायक और सांसद निधि से कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिया कि विधायक और सांसद निधि के कार्य सभी पूर्ण माने जाएंगे जब विभाग उपयोगिता प्रमाण-पत्र दे, द्वितीय किस्त की मांग करें या लिख कर दे कि उन्हें अब और बजट की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने आरडीएसएस योजना के तहत कराये गये कार्यों की समीक्षा की और आरडीएसएस योजना के तहत कार्यवार रिपोर्ट न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कि कहा कि अगले 15 दिन के भीतर परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराये, जिसके सभी कार्यों का सत्यापन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने बिलिंग एजेन्सी को भी अगली बैठक में बुलाए जाने के निर्देश दिए गये। उन्होंने निर्देश दिया कि त्रुटि वाले बिलों के प्रकरण में बिल निकलने से पहले और बाद की स्थिति का मुल्यांकन किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा विस्तार से लाइन लास, विद्युत आपूर्ति, क्षमतावृद्धि आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने कार्यशैली में परिवर्तन लाते हुए समयबद्ध और नियमानुसार कार्य करें, लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्युत अधिकारी अपने मोबाईल में जनप्रतिनिधियों का मोबाईल नम्बर अवश्य फीड करें और विद्युत से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निस्तारण करने की कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक के के पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# खेतों में पराली/फसल अवशेष जलाने पर लगेगा जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** जनपद के समस्त कृषकों को सूचित करते हुए उप कृषि अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के कड़े निर्देशानुसार सेटेलाइट के माध्यम से खेतों की लगातार निगरानी हो रही है। पराली जलाने पर सेटेलाइट द्वारा सम्बन्धित खेत का विवरण रिकार्ड कर लिया जाएगा और आपको अनावश्यक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। किसान भाई फसल अवशेष कदापि न जलाएं, अपितु उसे मिट्टी में मिलाकर खाद के रूप में परिवर्तित करें। अवशेषों से खाद बनाये, मृदा का कार्बन अंश बढ़ाएं''। उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष को खेतों में जलाना दंडनीय अपराध घोषित है। नये शासनादेश के अनुसार पराली/फसल अवशेष जलाने पर अर्थदंड/पर्यावरणीय वसूली जिसमें 02 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों से रुपये 5000/- का जुर्माना प्रति घटना। दो से 05 एकड़ भूमि वाले किसानों से रू0 10000/- का जुर्माना प्रति घटना। पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों से रू0 30000/- का जुर्माना प्रति घटना।

''पोषक तत्व धुआं बन जाए, तब कैसे खेती हो पाए'' एक टन धान के फसल अवशेष जलाने से 30 किग्रा0 कणिका तत्व, 60 किग्रा0 कार्बन मोनो आक्साइड, 1460 किग्रा0 कार्बन डाई आक्साइड, 199.0 किग्रा0 राख एवं 2.0 किग्रा0 सल्फर डाई आक्साइड अवमुक्त होता है। इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है, जिससे आँखों में जलन एवं त्वचा रोग तथा सूक्ष्म कणों के कारण जीर्ण हृदय एवं फेफड़ों की बीमारी के रूप में मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। श्वसन तंत्र प्रभावित होने के कारण गंभीर बिमारियाँ हो सकती है। पशुओं के चारे की व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। निराश्रित गो आश्रय स्थलों को पराली दान करें, जो सर्दियों में उनके चारे व बिछावन में उपयोग हो सकती है। फसल अवशेष नहीं जलाये, फसल अवशेष का कम्पोस्ट बनाए। किसान अपने खेतों में फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, रीपर कम बाइण्डर का अवश्य प्रयोग करें।

### उ0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आजमगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए की गई सुनवाई

**बलिया।** मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आजमगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए सुनवाई की गई। मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आजमगढ़ द्वारा प्रस्तावित स्थल (प्लाट नं0- 1381, मुन छपरा बलिया) पर पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रस्तुत संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार संस्था मेसर्स संगम मेडीसर्व प्रा0लि0 की सुनवाई हुई। इस समय क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों द्वारा संयुक्त जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार संस्था से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। अधिकतर लोगों द्वारा प्लाण्ट के संचालन होने पर रोजगार एवं वायु प्रदूषण से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। इस मौके पर उपस्थित प्लाण्ट के प्रबन्ध निदेशक हरिओम द्विवेदी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के लोगों को प्लांट में रोजगार के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आजमगढ़ ने अवगत कराया कि प्लांट में जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की पूर्ण व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

# विद्युत करेंट चपेट में आने से महिला की मौत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिले के अतरौलिया थानाक्षेत्र के बसहिया गांव में उषा देवी पत्नी दशरथ उम्र लगभग 40 वर्ष की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। इससे पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों को जैसे ही इसकी सूचना मिली वह लोग दहाड़े मारकर रोने लगे। मिली जानकारी के मुताबिक मृतिका उषा देवी गांव के ही एक व्यक्ति के घर काम करने के लिए गई थी। सुबह लगभग छह बजे घर के सामने स्थित खेत में विद्युत पोल के सपोर्ट के लिए लगाए गए तार के सम्पर्क में आ गई और विद्युत करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना जब उसके परिजनों को हुई तो परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह और उपनिरीक्षक विनय कुमार अपने दल बल के साथ पहुंच गए। मीडिया से बातचीत करते हुए मृतिका के परिजन लक्ष्मी ने बताया कि सुबह मेरी चाची घर से काम करने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति के घर गई थी। सुबह लगभग छह हम लोगों को सूचना मिली कि विद्युत करंट लगने से उनकी मौत हो गई है। बता दें कि मृतिका के पति दशरथ रोजी-रोटी के लिए मुंबई में रहते हैं। उनके पास दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। जिनमें से अभी तक किसी की शादी नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि विद्युत करंट लगने से महिला की मौत हो गई है। तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाल कल्याण अधिकारी एवं बाल श्रम विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** थाना ए एच टी जनपद संभल,एवं बाल कल्याण अधिकारी एवं बाल श्रम विभाग सम्भल एवं प्रयत्न संस्थाद्व के जिला कॉर्डिनेटर श्री गौरीशंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 (ऑपरेशन बचपन) बाल श्रम ,बाल विवाह,मानव तस्करी एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व ऑपरेशन नशा मुक्ति तथा ऑपरेशन खोज एवं विशेष जागरूकता/रेस्क्यू अभियान श्री कृष्ण कुमार पुलिस अधीक्षक संभल के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना क्षेत्र बहजोई में स्कूलो के आस पास, टैक्सी स्टैंड,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ढाबे, होटल,पार्लर, एवं भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर बाल श्रम व मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति, ऑपरेशन खोज/ नशा मुक्ति अभियान चलाया गया बाल भिक्षा वृत्ति/ बंधवा मजदूरी में संलिप्त नाबालिक बच्चों का परिवार में पुनर्वासन कराया जाना तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़े जाने का कार्य इस अभियान के तहत किया गया भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाकर आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 181, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। अभियान के दौरान कस्बा बहजोई में विभिन्न होटलों ,ढाबो, मैकेनिक शॉप रेलवे स्टेशन बस अड्डों मुख्य बाजार में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया गया अभियान के दौरान 02 बाल श्रमिकों को अज्जी रेस्टोरेंट से रेस्क्यू किया गया तथा प्रतिष्ठान/ रेस्टोरेंट मालिकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम व बन्धित श्रम पद्धति अधिनियम एवं विधि विरुद्ध अनिवार्य श्रम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है रेस्क्यू किये गए बालकों को बाल कल्याण समिति जनपद संभल के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## धर्मगुरूओं पर अमर्यादित टिप्पणी से आहत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** धर्मगुरूओं पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर जैन समाज ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर अभियुक्तों पर कार्रवाई की मांग कर प्रशासन का ध्यानाकर्षित किया। बताया कि जैन समाज के सैकड़ों धर्मालुजनों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर एक ज्ञापन दिगम्बर जैन पंचायत समिति के माध्यम से सौपा जिसमें अवगत कराया कि व्हाट्सऐप पर विगत कई वर्षो से जैन धर्म गुरूओं के खिलाफ अमार्यात टिप्पणी की जा रही थी। साइबर थाना ललितपुर द्वारा अमर्यादित टिप्पणियों एवं पत्रों को प्रसारित करने वाले व्यक्ति की पहिचान अभिषेक जैन पुत्र धर्मेन्द्र जैन मिठया निवासी महरौनी के रूप में हुई। जांच के दौरान अनेक लोगों की संलिप्तता पाई गई लेकिन इस प्रकरण में सह अभियुक्तों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे जैन समाज में रोश व्याप्त है जिसको लेकर पूर्व अध्यक्ष जैन समाज अनिल जैन अंचल ने अवगत कराया कि कार्रवाई न होने से अराजकतत्वों के हौसले बुलंद है।

# शिक्षक और शिक्षा की दुश्मन है वर्तमान सरकार: विजय

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी शिक्षक सभा की मासिक बैठक में शिक्षक और शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार केवल झूठ बोलती है। सरकार ने शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं की, शिक्षामित्रों को स्थाई नहीं किया गया, अनुदेशकों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया। स्टेशनरी पर बेहताशा जीएसटी बृद्धि से महंगाई की मार शिक्षा पर पड़ रही है। ऐसी सरकार को 2027 विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा महंगाई से ग्रहणियों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। हर खाद्य पदार्थ की कीमत आसमान छू रही है। सरकार को महंगाई से कोई लेना देना नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव ने कहा पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथ पर वोटर बढ़ाने प्रारूप 6 फॉर्म भरवायें जाए, अभी से शिक्षक सभा गांव-गांव जाकर चौपाल लगाने का काम करें, क्योंकि एक शिक्षक की बात सभी सुनते हैं। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि नेपाल सिंह यादव, ज्योति सिंह लोधी, अशोक अहिरवार, अंशुल जैन, शत्रुघन यादव, एड.विजय कुमार, मेहरबान सिंह यादव, ओम खजुरिया, राजेश यादव, जयपाल सिंह, रामकुमार रजक, नसीम खान, विक्की रजक, रामलखन सिंह, प्रमोद रैकवार, किशन सिंह, देवी सिंह, निशांत पांडे, रमाकांत पटेल, हरिओम सेन, जयपाल सिंह एवं सभी समाजवादी शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन डा.महेश कुमार झा ने किया।

## अध्यापक के समर्थन में कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विगत दिनों दीपावली के समय अध्यापक नरेंद्र श्रीवास अपनी पत्नी के साथ बाजार में जरुरी सामग्री की खरीदारी करने मोटरसाइकिल पर गए थे, किसी भी जब वह बाजार से लौटकर घर जा रहे थे तभी कोतवाली के पास अग्निशमन विभाग की गाड़ी द्वारा उक्त अध्यापक की गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी गई थी, जिस कारण दोनों गिरे एवं अध्यापक की पत्नी अंजू अग्निशमन की गाड़ी के नीचे आ गई थी, जिस कारण मौके पर ही उनकी दुखद मौत हो गई थी।

# बच्चों के टीकाकरण के लाभ गिनाए

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा के ग्रामों में डायरिया नेट जीरो कैंपेन के अंतर्गत लगातार जागरूकता कैंपेन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत रोड़ा के पंचायत भवन में महिलाओं को 0 से 6 वर्ष के बच्चों में होने वाले टीकाकरण करवाने पर जानकारी दी गई। जिसमें सीएचओ शिवानी ताम्रकार ने कहा कि रोटावायरस व नियमित टीकाकरण से ही बच्चों को डायरिया जैसे भयानक और जानलेवा रोग से बचाया जा सकता है। रेकिट इंडिया और जागरण पहल की ओर से चलाए जा रहे डायरिया नेट जीरो प्रोग्राम के अंतर्गत विश्व टीकाकरण दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सुरक्षित पेयजल साफ स्वच्छ शौचालय, साबुन द्वारा हाथों की सफाई, जिंक और स्तनपान रोटावायरस टीकाकरण प्रमुख सात बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपरोक्त मीटिंग में जिला समन्वयक संगम मिश्रा, ब्लॉक समन्वय गौरव जैन, गुलाबी दीदी मनीषा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर शिवानी ताम्रकार, पंचायत सहायक मोहिनी कुशवाहा, आशा द्रौपदी व आंगनबाड़ी पुष्पा देवी उपस्थित रहे।

## चौराहों पर यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों यथा- वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गया। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 319 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# शहीदे वतन अशफाक उल्ला खॉ के वारिस का संभल में किया गया इस्तकबाल

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** भारत की जंगे आज़ादी मे हिस्सा लेने वालों मे शहीदे वतन अशफाक उल्ला खां की कुरबानी आज भी लोगों मे जोश भर देती है। काकोरी कांड के हीरो अशफाक उल्ला खां महज सत्ताइस वर्ष की अल्पायु में देश के लिए फांसी के फंदे पर झूल गये। उनकी आरजू थी की उनके मरने के बाद भी उनका नाम सलामत रहे इस लिए उनके बड़े भाई के बेटे का नाम अशफ़ाक़ उल्ला खा रखा गया जो उर्दू दिवस पर सम्भल पहुँचे और इस मौके पर शहर में कई जगहों पर उनका इस्तकबाल किया गया। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी से उनका पुराना परिचय होने की वजह से उन्होंने शहर के सम्मानित व्यक्तियों से मुलाक़ात कराई। इस दौरान उनका पूर्व सभासद पति संजय ठाकुर ने हल्लू सराय मे पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद नगर पालिक परिषद के पूर्व चौयरमेन एवं समाजसेवी हाजी नुसरत ईलाही के कोल्ड स्टोर पहुंचे जहां सींग से बनी हस्तनिर्मित कलाकृति भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौरीशंकर चौधरी ने शहीदे वतन के जीवन के कुछ रोचक किस्सों के बारे में पूछा जिसमें फांसी के फन्दे से लेकर पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल की दोस्ती, काकोरी कांड के विषय में पूछा। अशफाक उल्ला एक उम्दा शायर जो 'हसरत' के उपनाम से शायरी किया करते थे और अपना यही परिचय उन्होंने बिस्मिल को भी दिया था जब वे उनसे पहली बार मिले थे। उस वक्त हिंदुस्तान में गांधी जी का असहयोग आंदोलन अपने जोरों पर था। शाहजहांपुर में एक मीटिंग में भाषण देने जब बिस्मिल आए, वहां पर अशफाक ने उनको अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं 'वारसी' और 'हसरत' के नाम से शायरी करता हूं। अशफ़ाक़ ऐसा नाम है जो आज भी रगों में जोश भर देता है। इस अवसर पर फरज़ंद अली वारसी अकरम पहलबान आदि लोग मौजूद रहे।

# मारामारी: डीएपी का ज्यादा उपयोग बिगाड रहा मिट्टी की सेहत

- रबी की फसल में जरूरत के हिसाब से डीएपी के कई और विकल्प भी अपना सकते हैं किसान
- रवी मौसम की विभिन्न फसलों की बुवाई से पहले कृषि विभाग ने जारी की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा जनपद सहित समूचे प्रदेश में किसान रवी की फसल की बुआई के लिए डीएपी पर निर्भर हैं। डीएपी के लिए मारामारी मची हुई है। इसके साथ ही तय और आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरक का भी उपयोग कर रहे हैं। इससे भूमि में पोषक तत्वों का अनुपातिक संतुलन बिगड़ रहा है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ ही खेती महंगी पड रही है। रवी की फसल में किसान जरूरत के हिसाब से डीएपी के कई अन्य विकल्प भी अपना सकते हैं। डीएपी यानी डाई अमोनियम फास्फेट और एनपीके एक रासायनिक और अमोनिया आधारित खाद है।

डीएपी में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन, 46 प्रतिशत फास्फोरस, 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 15.5 प्रतिशत अमोनियम नाइट्रेट होता है। दूसरी तरफ एनपीके में ज्यादातर किसान 12, 32, 16 का ही उपयोग करते है। रवी की फसल के लिए मची डीएपी के लिए मारामारी के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए चेतावनी जारी की है। दलहनी फसलों के लिए भी एनपीके एवं एसएसपी जैसे उर्वरक डीएपी की तुलना में सस्ता एवं संतुलित है। जानकारी के अभाव में प्रायः किसान केवल डीएपी के प्रयोग के लिए परेशान होते है जबकि डीएपी के प्रयोग से पौधों को संतुलित उर्वरक प्राप्त नहीं होता है। वर्तमान में किसान भाईयों की रबी की फसलों विशेष रूप से दलहनी, तिलहनी एवं आलू की फसल के लिए डीएपी उर्वरकों के साथ साथ एनपीके, एनपीकेएस, एसएसपी की पर्याप्त मात्रा जनपद में उपलब्ध है। आवश्यकता अनुसार फसल के आधार पर उर्वरक सहकारिता एवं निजी केंद्रों से कय कर सकते हैं।

### मिट्टी को चाहिए कितना खाद

जिला कृषि अधिकारी एके सिंह ने किसानों से अपील की है कि किसी भी फसल के अच्छे उत्पादन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का अनुपात 4, 2, 1 होना चाहिए। प्रदेश में वर्तमान में यह अनुपात 28, 9, 1 के रूप में आना यह दर्शाता है कि किसान खेतों के लिए बुवाई के समय केवल डीएपी का ही प्रयोग कर रहे हैं। जिससे उनकी फसल को पोटाश की मात्रा नहीं मिल पा रही है जबकि यदि वे एनपीके का प्रयोग करें तो संतुलित रूप से तीनों महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की उपलब्धता हो जाएगी।

### डीएपी में केवल दो ही तत्व

रवी सीजन की विभिन्न फसलों जैसे चना, मटर, मसूर, गेहूं, सरसों तथा आलू की बुवाई के समय फास्फेटिक उर्वरकों की बेसल एप्लीकेशन के रूप में आवश्यकता पडती है। वर्तमान में फास्फेटिक उर्वरकों के कई विकल्प किसानों के लिए उपलब्ध है। जैसे डीएपी, एनपीके, एसएसपी, इसमें से डीएपी में केवल दो ही तत्व मिलते है नत्रजन एवं फास्फोरस जबकि एनपीके के विभिन्न ग्रेड के कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर में संतुलित रूप में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटेशियम तीनों अत्यन्त महत्वपूर्ण प्राथमिक पोषक तत्वों की उपलब्धता हो जाती है।

### आलू में पोटेशियम की महत्वपूर्ण भूमिका

आलू जैसे महत्वपूर्ण कमर्शियल क्रॉप के लिए संतुलित उर्वरक विशेष रूप से पोटाश की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्पादन एवं उसके गुणवत्ता हेतु इसकी आवश्यकता होती है। इसी प्रकार फास्फोरस के दूसरे महत्वपूर्ण उर्वरक एसएसपी जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस के साथ साथ 14 प्रतिशत सल्फर की भी मात्रा पाई जाती है। यह उर्वरक सरसों जैसे तिलहनी फसल के उत्पादन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण उर्वरक है। तेल के प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए सल्फर की आवश्यकता होती है।

# पत्रकारों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे बर्दाश्त नहीं : उपजा जिलाध्यक्ष सूर्यकांत

- सरीला घटना को लेकर उपजा ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन
- नगर पंचायत अध्यक्ष पर कड़ी कार्रवाई की मांग
- प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को बने कानून

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों पर उत्तर प्रदेश में ही उत्पीड़न, जानलेवा हमले के लगातार मामले प्रकाश में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिला फतेहपुर में पत्रकार की हत्या किये जाने व हमीरपुर में दो पत्रकारों पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न अवस्था में किये गये अमानवीय कृत्य से पत्रकार जगत में काफी आक्रोश व्याप्त है। हमलावरों पर सख्त कार्यवाही किये जाने और पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग करते हुये यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में कुछ दिनों पूर्व एक समाचार ऐजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की सुनियोजित ढंग से की गई निर्मम हत्या एवं जनपद हमीरपुर में दबंगों द्वारा दो पत्रकारों को बंधक बनाकर मरणासन्न किए जाने व उनके साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने एवं पत्रकारों के विरुद्ध पेशबंदी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इन घटनाओं के बाद से पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसे यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने काफी अफसोसजनक व दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने और पेशबंदी में दर्ज मामलों को निरस्त किये जाने के साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को मुआवजा एवं परिवार में एक सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने आंदोलन कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय उपजा जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, सुरेंद्र पस्तोर गुड्डू, वरिष्ठ पत्रकार शिखरचंद्र जैन, मनोज तिवारी, रामरतन राय, धर्म सिंह, अजय तोमर, चंदन सिंह, जितेंद्र यादव, राहुल सुमन, अभिषेक सैनी, प्रियांशु नायक, देवेंद्र, नरेंद्र, राम लखन, कन्हैया लाल विश्वकर्मा द्वारका प्रसाद, संजय नामदेव, राहुल राज, श्रेया तिवारी पत्रकार उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर कैश कलेक्शन कर्मी से 12 लाख की लूट

**मथुरा।** जमुनापार थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर कैंटीन के कैश कलेक्शन कर्मी से बाइक सवार बदमाश 12 लख रुपये लूट ले गए। पीड़ित यमुना एक्सप्रेस-वे पर संचालित कैंटीनों का कैश एकत्र करके दोपहर 12:00 बैंक में जमा करने जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार, राया थाना क्षेत्र के गोंगा निवासी गोपाल पुत्र वीरेंद्र यमुना एक्सप्रेस वे संचालित कैंटीन से कैश लेकर बैंक में जमा करने का काम करता है। वह सोमवार को भी बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेस0वे के माइल्ड स्टोन 105 के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोपाल के हाथ में डंडा मार कर 12 लाख 15 हजार रुपये और उसका मोबाइल छीन लिया। गोपाल ने बताया कि जब तक शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुटी, तब तक बाइक सवार वहां से भाग निकले। घटना की जानकारी उसने तुरंत ही पुलिस को दी।

# नगर निगम में शिकायतों के निस्तारण में नहीं होगी लापरवाही

- वाट्सअप ग्रुप पर आने वाली शिकायतों का 48 घंटे में होगा निस्तारण
- कार्य में रुचि ना लेने पर निगम के अधिकारी नपेंगे- नगर आयुक्त
- नगर आयुक्त की सख्ती से अधिकारी एवं कर्मचारियों में मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आम जनता के साथ पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अब नगर निगम में नहीं चलेगी। इस समस्या को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने नगर निगम के सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि वाट्स एप के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों के निस्तारण 48 घंटे में करते हुए इसकी रिपोर्ट भी उनके पास भेजें अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारी को शासकीय कार्य में रुचि न लेने का दोषी मानते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों के स्तर से आने वाली शिकायत से सभी अधिकारियों को तत्काल उनके व्यक्तिगत और आफिशियल वाट्स एप के माध्यम अवगत कर जाता है। इसका निस्तारण 48 घंटे में करना होता है। अब श्री चौधरी ने 48 घंटे के दौरान निस्तारण और उसकी रिपोर्ट वाट्स एप ग्रुप पर ही मांगना शुरू कर दिया है। इससे जनशिकायत निस्तारण में लापरवाही बरत रहे अफसरों में खलबली मच गई है। ऐसे अफसरों को चिंता रहती है कि वाट्सएप के माध्यम से ही निस्तारण की रिपोर्ट देनी है जिसकी पुष्टि संबंधित जनप्रतिनिधि से भी कराई जा रही है। गलत रिपोर्ट देने पर नगर आयुक्त कार्रवाई करने में देर नहीं करेंगे। उन्होंने इसकी हिदायत भी सभी अधिकारियों को दे दी है। इस स्थिति को देखते हुए सम्बंधित अफसर अब शिकायतों को 48 घंटे में निस्तारित कराते हुए इसकी रिपोर्ट दे रहे हैं। नगर आयुक्त के इस आदेश से कार्य में तेजी आई है जनता को भी उसका परिणाम तुरंत मिल रहा है।

# भाषा विवि में हुआ दीक्षोत्सव का आगाज़

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे 18 नवंबर, 2024 को होने वाले नवम दीक्षांत समारोह से पूर्व माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षोतसव, 2024 का आयोजन दिनांक 11-16 नवंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आज दिनांक 11 नवंबर, 2024 को पारंपरिक खेल रस्सीकूद (महिला वं पुरुष) एवं गोला फेंक (महिला वं पुरुष) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माननीय कुलपति महोदय द्वारा किया गया। रस्सीकूद प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 09 एवं महिला वर्ग मे 05 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। रस्सीकूद प्रतियोगिता (पुरुष) मे प्रथम स्थान अक्षत बाजपई ने, द्वितीय स्थान आशीष शर्मा ने एवं तृतीय स्थान गौरव कुमार ने प्राप्त किया। रस्सीकूद प्रतियोगिता (महिला) मे बरीरा युमन प्रथम, अनमता बनो द्वितीय एवं मोहिनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 13 एवं महिला वर्ग मे 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। गोला फेंक प्रतियोगिता (पुरुष) मे प्रथम स्थान मो0 वसीम ने, द्वितीय स्थान हरे कृष्णा ने एवं तृतीय स्थान अक्षत बाजपाई ने प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता (महिला) मे सुषमा प्रथम, श्रद्धा पाण्डे द्वितीय एवं बरीरा युमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन मो0 शारिक प्रभारी- शारीरिक शिक्षा विभाग एवं डॉ0 नलिनी मिश्र, सदस्य-स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का निर्णायन डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रो0 चंदना डे, संयोजक-दीक्षोतसव कार्यक्रम, 2024 एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। दीक्षोत्सव समारोह के पहले दिन के अंतर्गत Technovation: द केएमसी स्पार्क 4.0 इवेंट का सफ़ल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शान-ए-फातिमा, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने किया, जबकि आयोजन का नेतृत्व डॉ. आर.के. त्रिपाठी, निदेशक, इंजीनियरिंग फैकल्टी ने किया। इस आयोजन में बी.टेक (CSE), AIML, AI एंड डेटा साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बायोटेक्नोलॉजी और फार्मेसी की कुल 20 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 70 छात्रों ने अपनी प्रतिभागिता दी। छात्रों ने ड्रोन, रोबोट, माइक्रोमाउस, स्वचालित सिंचाई प्रणाली, टनल स्कैनिंग रोबोट इत्यादि जैसे 24 शानदार प्रोजेक्ट्स स्वयं बनाए और उनको प्रदर्शित किया। इस मौके पर माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह ने सभी प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया और छात्रों की सराहना करते हुए उनके प्रोजेक्ट्स को भविष्य में और बेहतर बनाने के लिए अपने गहन सुझाव एवं टिप्पणियां भी दीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. सैयद हैदर अली (एचओडी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट), डॉ. मजहर खलीक (एचओडी, कंप्यूटर एप्लीकेशन) और डॉ. रजा अब्बास हैदरी (सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एप्लीकेशन) ने भूमिका निभाई।यह आयोजन विद्यार्थियों के नवाचार, तकनीकी कौशल और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाला रहा और सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ0 रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ प्रिया, डॉ चेतना इत्यादि शिक्षक सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा के 105 वालंटियर्स को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मथुरा के 105 स्वयंसेवको जिसमे होम गार्ड्स, नेहरू युवा केंद्र वालंटियर्स, सिविल डिफेन्स वालंटियर्स, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड वालंटियर्स शामिल हैं को राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2024 से 23 नवंबर 2024 तक 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न वालंटियर संगठनो से आपदा मित्रो का चयन कराया गया हैं।

# केएम हॉस्पिटल ने लगाया दो गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार केएम सुपर मेशियलिटी हास्पिटल द्वारा गांव सहायपुर, मगूरा गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ उठाया। शिविर में अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया।

कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाया जा रहा है, मौसम के परिवर्तन होने से लोग बीमार पड़ रहे है। इस मेले में मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयां दी जा रही है, गंभीर मरीज को दवाईयों के खर्चे एवं आयुष्मान कार्ड धारकों सब कुछ फ्री भर्ती होने की सलाह केएम के वरिष्ठ चिकित्सक दे रहे है। जिससे मेरे ब्रजवासी स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से सरीया की गढ़ी, जटवारी, अंडीग और नीमगांव, सुखदेव खड़ावई में आगामी शिविर लगाए जाएंगे। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि गांव स्तर पर लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। शिविर के माध्यम से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा दी जा रही है।

केएम हॉस्पिटल ने ऊंचा गांव के समीप शाहपुर गांव में राशन डीलर ठाकुर मनोज सिंह, ठाकुर अनूप सिंह सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच- परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें केएम हॉस्पिटल के चिकित्सक डा पललवी, डा. आयुष, डा. आशीष ने हृदय रोग, प्रसुति एवं स्त्री रोग और शिशु रोग के मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया। वहीं दूसरी ओर केएम हॉस्पिटल द्वारा अछनेरा क्षेत्र के गांव मगूरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यहां केएम के चिकित्सक डा. जैनव अब्बास, डा. हिमानी, डा. अभिषेक ने बीमारियों की जांच पड़ताल कर मुफ्त चिकित्सा सेवा का लाभ दिया एवं दवाएं निःशुल्क दी। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी की भूरि भूरि प्रशंसा भी की है। दोनों निःशुल्क स्वास्थ्य मेला के आयोजनों को सफल बनाने में केएम के प्रचार-प्रसार विभाग की टीम के असिटेंट मैनेजर आमीन खां और हरेन्द्र सिंह कुंतल ने शिविर की अध्यक्षता की तथा मार्केटिंग पीआरओ जगवीर, चन्द्रपाल, फार्मसी के गोपाल सिंह ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## इफ्फी में मिसेज के प्रीमियर पर उत्साहित सान्या मल्होत्रा

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज का एशिया प्रीमियर 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में होने जा रहा है। इस महोत्सव में 22 नवंबर को फिल्म दिखाई जाएगी। सान्या की यह फिल्म न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एनवाईआईएफएफ) और पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में पहले ही तारीफ लूट चुकी है। अब इफ्फी में फिल्म के प्रीमियर को लेकर सान्या बेहद खुश हैं। फिल्म %मिसेज% का निर्देशन आरती कदव ने किया है। अब इफ्फी में इसकी स्क्रीनिंग में सान्या मल्होत्रा और आरती कदव के अलावा निर्माता ज्योति देशपांडे और हरमन बावेजा सह-निर्माता स्मिता बालिगा शामिल होंगे। सान्या ने इस बात पर खुशी जताते हुए कहा है कि ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म ने एक चक्र पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं आभारी हूं और इफ्फी में इसके प्रदर्शन और दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

# काम से रिटायरमेंट नहीं लेना चाहते अजय देवगन

**अभिनेता अजय देवगन हाल ही में रणवीर अल्लाहबडिया के पॉडकास्ट में रोहित शेट्टी के साथ पहुंचे। इस शो में अजय देवगन ने अपने घर, बेटे और काम को लेकर बातें साझा की। अजय देवगन ने कहा कि वे रिटायरमेंट की उम्र तक काम करना चाहते हैं। उनका मानना है कि काम नहीं होगा तो मानसिक रूप से इंसान खत्म होने लगेगा।**



अभिनेता अजय देवगन ने कहा कि वे 70 या 80 साल की उम्र तक जिएंगे तो तब तक काम करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि जिसके पास काम नहीं होता, वो मानसिक रूप से खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी रिटायर हो जाएंगे तो 45 की उम्र के बाद आप करेंगे क्या। लोग ऐसा चाहते हैं लेकिन मुझे ये बातें समझ नहीं आती हैं। अजय देवगन ने कहा कि वे आज कल के बच्चों से कुछ नया करने की बातों को सीखते हैं। उनका मानना है कि समय के साथ नहीं चलेंगे तो पिछड़ जाएंगे। आज कल के बच्चे कम बात में ही सारी चीजें समझ लेते हैं। ऐसे में आज के समय के हिसाब से काम करना बहुत जरूरी है। रोहित शेट्टी ने कहा कि आज के बच्चे हमसे भी ज्यादा जानते हैं। वे मोबाइल के साथ पैदा हुए, उनके पास लैपटॉप है। आज के बच्चे हमसे ज्यादा समझदार हैं। उनके पास बहुत सी नई चीजें हैं। आज के बच्चे हमसे ज्यादा जानते, समझते और बड़े हो जाते हैं।

यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबडिया के पॉडकास्ट में अजय देवगन और रोहित शेट्टी पहुंचे। इस इंटरव्यू के दौरान दोनों अभिनेताओं ने सेट पर जो मजाक किए उस बारे में बताया गया। इस वीडियो में दिखाया गया कि कैसे अजय देवगन एक क्रू मेंबर के ऊपर मजाक में स्याही फेंक दी। उन्होंने बताया कि इस प्रैंक के कारण कई तलाक भी हो गए।

# ट्रंप की जीत के बाद माइकल ची ने शराब पी



शो एसएनएल में माइकल के साथ कॉलिन जोस्ट भी नजर आते हैं। दोनों साथ ही इस शो पर दिखाई देते हैं। हाल ही में कॉलिन ने शो पर अभी-अभी चुने गए नए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुटकी लेते हुए कहा, अमेरिका के लिए स्वर्ण युग की शुरुआत हो चुकी है। असल में वह ट्रंप का मजाक उड़ा रहे थे। माइकल ने हाथ में शराब पकड़ी और कॉलिन को जवाब देते हुए कहा, %अगर गोरे लोग अपराधी को चुन सकते हैं, तो मैं अपने वाले के लिए नाच सकता हूं।% फिर उन्होंने आगे कहा, %दुनिया के 10 सबसे धनी लोगों ने चुनाव के बाद तुरंत लगभग 60 बिलियन डॉलर की संपत्ति अर्जित की। हां, सबसे अमीर लोग तुरंत अमीर हो गए, लेकिन चिंता मत करो, मुझे यकीन है कि तुम्हारा नंबर भी जल्द ही आ रहा है।% माइकल और कॉलिन अकसर ही अपने शो पर कई राजनेताओं पर टिप्पणी करते हैं। इनके इसी अंदाज के अमेरिकी लोग भी कायल हैं। यह शो अमेरिका के अलावा बाकी देशों में भी पसंद किया जाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हेरिस और डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने थे। दोनों के बीच काफी कड़ी टक्कर रही। कमला का रिश्ता तो भारत से भी जुड़ता है, उनके परिवार की जड़ें हमारे देश से जुड़ती हैं। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि कमला को भारतीय मूल और अश्वेत लोगों का पूरा साथ मिलेगा। लेकिन अब जब परिणाम सामने आया है, तो ट्रंप ने जीत हासिल की है। ट्रंप की जीत के बाद यह बात भी जोर पकड़ने लगी है कि अब अमेरिका और भारत के रिश्ते पहले से बेहतर होंगे। दरअसल, ट्रंप हमेशा ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीब माने गए। ऐसे में उम्मीद है कि ट्रंप अब भारतीय लोगों और भारत को लेकर सकारात्मक रवैया रखेंगे।

# सितारों का मोह छोड़ नीरज पांडे लौटे कहानी पर, 'वेडनेसडे' के टक्कर की दिखी फिल्म


नीरज पांडे के निर्देशन में बनी पिछली फिल्म औरों में कहां दम था बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई। वे अब अपनी अगली फिल्म के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं। फिल्म का नाम है सिकंदर का मुकद्दर। इस फिल्म का आज सोमवार को ट्रेलर जारी हुआ है और इसे देखकर लग रहा है कि इस बार नीरज पांडे ने कहानी में जान झोंक दी है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी जैसे सितारों से सजी है। फिल्म में जिमी शेरगिल लीड रोल में हैं। यह क्राइम



थ्रिलर फिल्म है। इसके पूरे ट्रेलर में भी सस्पेंस और थ्रिलर का भरपूर डोज है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि हीरे के शोरूम में डकैती पड़ जाती है। करोड़ों के हीरे चोरी होते हैं। पुलिस ऑफिसर के रूप में जिमी शेरगिल मामले की जांज करते हैं। 15 साल बादभी मामला सुलझता नहीं दिखाई देता। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 29 नवंबर को रिलीज होगी। आज नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल से इसके ट्रेलर रिलीज की जानकारी साझा की गई है। साथ में लिखा है, %कौन है मासूम, कौन है मुजरिम और किसकी मूलवृत्ति है सबसे शातिर?% फिल्म के ट्रेलर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। एक यूजर ने लिखा, %जिमी पा जी आ गए, बस यही काफी है%। एक अन्य यूजर ने लिखा, %यह फिल्म वाकई दिलचस्प साबित होने वाली है।% एक यूजर ने लिखा, %फिल्म का मुझे बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, तमन्ना के लिए%।

# पति के बर्थडे पर रूही चतुर्वेदी ने दी गुड न्यूज

टीवी शो कुंडली भाग्य में अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाने वाली रूही चतुर्वेदी ने अपने पति शिवेंद्र के जन्मदिन पर प्रेग्नेंसी का खुलासा किया हैं। साल 2019 में प्रेमी शिवेंद्र के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली अभिनेत्री अब शादी के पांच साल बाद मां बनने जा रही हैं। जी टीवी के पॉपुलर शो कुंडली भाग्य से पहचान बनाने वाली रूही चतुर्वेदी ने आज अपने पति शिवेंद्र को एक अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। इसके साथ ही अभिनेत्री रूही ने आज यानी 11 नवंबर को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ एक और खुशखबरी साझा की। रूही ने शिवेंद्र के जन्मदिन पर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खुबसुरत पोस्ट साझा कि जिसमें वे अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत पोस्ट में, रूही ने अपने बेबी बंप को दिखाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, इसमें उनके पति भी नजर आ रहे हैं। मशहूर एक्ट्रेस अक्सर अपने निजी जीवन के कुछ पर साझा करती रहती हैं। अब आज सुबह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आई। रूही ने एक वीडियो शेयर किया हैं। अभिनेत्री ने इसे कैप्शन के साथ साझा किया, ÷हमारा सुंदर परिवार थोड़ा बड़ा हो रहा है÷। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस खबर को अपने सभी दोस्तों और फॉलोअर्स को साथ ब्रेक किया। एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में गुलाबी मोनोकिनी में रूही अपने पति शिव की तरफ मुड़कर अपना बेबी बंप



दिखाती हैं. इसके बाद शिवेंद्र पत्नी के बेबी बंप को किस करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री के इस वीडियो को उनके प्रशंसकों और दोस्तों ने बहुत पसंद किया है। रूही की कुंडली भाग्य की कोस्टार श्रद्धा आर्या ने लिखा, %वाह, मुझे एक आभास था.. इंटरनेट पर आज की सबसे अच्छी खबरें.. नए माता-पिता को ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं। बता दें कि श्रद्धा आर्या खुद भी जल्द ही मां बनने वाली हैं। अधविक महाजन, शक्ति अरोड़ा, सुप्रिया शुक्ला, मानसी श्रीवास्तव, सेहबान अजीम, पूजा बनर्जी और अन्य ने भी अभिनेत्री को मां बनने के लिए बधाई दी है। रूही और शिवेंद्र 2 दिसंबर, 2019 को शादी के बंधन में बंध गए। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री कुंडली भाग्य में अपने प्रदर्शन से प्रसिद्धि के लिए बढ़ी और फिर %खतरों के खिलाड़ी 13% का हिस्सा बनीं। वहीं, उनके पति शिवेंद्र %छोटी सरदारनी% का हिस्सा रहे हैं।

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट पर नजर आए काल पेन

प्रसिद्ध टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा सभी का पसंदीदा शो है। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में नया क्या होगा, इस बात को लेकर भी प्रशंसकों में काफी उत्सुकता रहती है। निर्माता असित मोदी के शो को 15 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन प्रशंसकों के बीच इस शो को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। हाल ही में इस शो के सेट पर अमेरिकी अभिनेता काल पेन पहुंचे। काल ने सभी के साथ सेट पर तस्वीरें खिंचवाई, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अमेरिकी अभिनेता काल पेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर जेठालाल, असित मोदी, बबीता जी, अंजलि भाभी सहित बाकी स्टारकास्ट के साथ तसवीरें पोस्ट की है। यह सभी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और फैंस इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। अमेरिकी अभिनेता काल पेन तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट पर पहुंचे। उनका वेलकम कास्ट और क्रू के सभी सदस्यों ने किया।

# अभिषेक की फिल्म का गाना हुआ रिलीज, कहा जब खुद पर हो संहेद तो सुनिए दिल घबराए

अभिषेक बच्चन ने पिछले कुछ सालों में जो फिल्में की हैं, उनमें उनके किरदार काफी अलग और दमदार रहे हैं। फिल्म बॉब बिस्वास, दसवीं% और %घुमर% ऐसी ही फिल्में हैं। अब वह फिल्म %आई वांट टू टॉक% में भी काफी हटकर किरदार कर रहे हैं। इस फिल्म का अभी एक गाना रिलीज हुआ है। अभिषेक बच्चन की फिल्म %आई वांट टू टॉक% के नए गाने के बोल हैं, %दिल घबराए%। इस गीत को अभिषेक बच्चन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर साझा किया है। इस गान के रिलीज पर उन्होंने लिखा- %अगर जिंदगी आपको मौका दे और आपको खुद पर संदेह हो, तो आप %दिल घबराए% सुनिए।% यह गाना दर्शकों को निराशा और संदेह से बाहर निकलने में मदद कर सकता है।

फिल्म %आई वांट टू टॉक% की कहानी एक ऐसे बीमार व्यक्ति की है, जो अपनी बेटी की देखभाल कर रहा है। साथ ही वह अपने मन की बातें लोगों से कहना चाहता है। अपनी जिंदगी को अलग तरह से जीना चाहता है। अब तक फिल्म के जो सीन दर्शकों को ट्रेलर में दिखें हैं, उसमें अभिषेक बच्चन के गंभीर अभिनय की झलक नजर आती है। ऐसा लगता है कि यह फिल्म अभिषेक बच्चन के करियर में एक बेहतरीन फिल्म साबित होगी। इसके निर्देशक शूजीत सरकार हैं, इस फिल्म के डायलॉग रितेश शाह ने लिखे हैं। इस फिल्म में जॉनी लिवर भी एक रोल करते हुए



नजर आएंगे। यह फिल्म 22 नवंबर को रिलीज होने वाली है। आई वांट टू टॉक% में अभिषेक बच्चन एक सीरियस रोल कर रहे हैं, लेकिन अगले साल वह दर्शकों को कॉमेडी करते हुए नजर आएंगे। अगले साल वह %हाउसफुल 5% में दिखेंगे। इससे पहले वह %हाउसफुल 3% का भी हिस्सा रहे हैं। इस फिल्म में दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया। फिल्म %आई वांट टू टॉक% की कहानी एक ऐसे बीमार व्यक्ति की है, जो अपनी बेटी की देखभाल कर रहा है। साथ ही वह अपने मन की बातें लोगों से कहना चाहता है। अपनी जिंदगी को अलग तरह से जीना चाहता है। अब तक फिल्म के जो सीन दर्शकों को ट्रेलर में दिखें हैं, उसमें अभिषेक बच्चन के गंभीर अभिनय की झलक नजर आती है। ऐसा लगता है कि यह फिल्म अभिषेक बच्चन के करियर में एक बेहतरीन फिल्म साबित होगी।



## आमना शरीफ का किलर लुक, मुस्कान से जीता दिल

# मालदीव में एक साथ नजर आए ये साउथ सुपरस्टार्स, प्रशंसकों ने की लुक्स की तारीफ



साउथ सिनेमा के सितारों की प्रशंसकों के दिलों में अलग ही जगह है। इसमें चिरंजीवी, महेश बाबू, राम चरण, नागार्जुन जैसे सितारे शामिल हैं। साउथ सिनेमा के स्टार्स की टोली करीबी दोस्त और ग्रीनको ग्रुप के एमडी अनिल चालमाला शेट्टी का 50वां जन्मदिन मालदीव पहुंची। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस ट्रिप के बारे में जानने के लिए प्रशंसक काफी उत्साहित भी हैं।

सभी सितारे एक साथ फ्रेम में नजर आए। सभी अपने कैजुअल आउटफिट में एक साथ कैमरे के लिए पोज देते हुए देखे जा सकते हैं। सभी सितारों को इन तस्वीरों से पसंद किया जा रहा है। साथ ही प्रशंसकों ने उनकी तारीफ की है। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, %सुपर मेगा पावर पिक्चर% जबकि दूसरे यूजर ने पोस्ट किया, %यह सिनेमा है। यह सबसे धमाकेदार मेगा सुपर मोमेंट है। उन दिग्गजों के साथ जिन्होंने सिनेमा पागलपन को फिर से परिभाषित किया। सभी प्रशंसकों के लिए एक उत्सव का पल!% इस तस्वीर पर प्रशंसकों ने भी सुपरस्टार्स के लुक की तारीफ की है। तेलुगु सितारों की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर इससे पहले भी चर्चा में रही है। इससे पहले, चिरंजीवी, राम चरण, नागार्जुन और अखिल के साथ महेश बाबू की एक तस्वीर ने भी उनके प्रशंसकों का ध्यान खींचा। अभिनेता मालदीव में एक साथ लंच का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे थे। एक साथ भोजन का आनंद लेते देखा जा सकता है। फ्रेम में सभी कैजुअल आउटफिट में चेहरे पर मुस्कान के साथ दिख रहे हैं। हालांकि, सभी की यह मुलाकात एक साथ किस लिए हुई थी, इस बात का खुलासा अभी नहीं हो सका है।




## पुष्पा 2 द रूल में होगा श्रीलीला का स्पेशल सॉन्ग, ये अभिनेत्रियां कर चुकी हैं आइटम नंबर

बॉलीवुड और साउथ की अभिनेत्रियों ने कई फिल्मों में अपने आइटम नंबर्स से प्रशंसकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में मलाइका अरोड़ा, सामंथा रुथ प्रभु, करीना कपूर के अलावा अब एक और नाम जुड़ गया है और वो है श्रीलीला। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर रहा था।

वहीं सीक्वल को लेकर भी प्रशंसक जबर्दस्त उत्साहित हैं। दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म में एक स्पेशन गाने को लेकर घोषणा कर दी है। साउथ सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीलीला पुष्पा 2÷द रूल में एक स्पेशल गाने के जरिए दर्शकों का दिल जीतने वाली हैं। मेकर्स ने एक शानदार पोस्टर के साथ खुलासा किया है कि पुष्पा 2÷द रूल में श्रीलीला एक स्पेशल सॉन्ग करती नजर आएंगीं। पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्रीलीला से पहले पुष्पा द राइज में सामंथा रुथ प्रभु ने अपने धमाकेदार आइटम नंबर से सभी का दिल जीत चुकी हैं। पुष्पा द राइज में अल्लू अर्जुन के साथ सामंथा ने ऊ अंटवावा गाने में जबर्दस्त डांस किया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया था। यह गाना जब रिलीज हुआ तो काफी ट्रेंडिंग में रहा था। इस गाने में सामंथा और अल्लू के डांस और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान वैसे तो फिल्मों में लीड रोल निभाने के लिए जानी जाती हैं। लेकिन उन्होंने सलमान खान की फिल्म दबंग 2 में फेविकोल गाने पर जबर्दस्त डांस किया था। इस गाने में करीना की केमिस्ट्री सलमान खान के साथ खूब जमी थी। करीना और सलमान के डांस ने सभी को हैरान कर दिया था। यह गाना भी काफी समय तक ट्रेंडिंग में रहा था। अब बात करते हैं मलाइका अरोड़ा की। मलाइका ने फिल्मों में कम ही अभिनय किया है। उन्होंने फिल्मों में आइटम नंबर्स ज्यादा किए हैं। उनका गाना मुन्नी बदनाम उनके बेहतरीन आइटम नंबर्स में से एक है। फिल्म दबंग का मुन्नी बदनाम गाना काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में मलाइका और सलमान की लाजवाब केमिस्ट्री ने सभी का दिल जीत लिया था। इसके अलावा मलाइका ने और भी कई फिल्मों में आइटम नंबर्स किए हैं, जिनमें होठ रसीले और अनारकली डिस्को चली जैसे कई गाने शामिल हैं।

## शाश्वरी वाघ ने फैंस को किया मोटिवेट

शारवरी के बॉलीवुड करियर को अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन वह ऐसी फिल्में और किरदार कर रही हैं जो बतौर कलाकार उन्हें चुनौती दें। उन्होंने %मुंजया%, %महाराज% और %वेदा% जैसी कुछ फिल्में कीं, जिसमें शानदार अभिनय किया। अब वह अगले साल आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका वाली फिल्म %एल्फा% में नजर आएंगी। इस फिल्म को शिव रावेल निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक स्पॉय थ्रिलर होगी। इसमें आलिया और शारवरी के किरदार एक्शन करते हुए नजर आएंगे। यही कारण है कि वह अब अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वर्कआउट मोटिवेशन फैंस के साथ साझा किया। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शारवरी ने लिखा दिवाली खत्म,एल्फा शुरू। साथ ही उन्होंने मंडे मोटिवेशन का हैशटैग भी दिया। इसी कैप्शन के साथ शारवरी ने अपनी वर्कआउट की तस्वीरें भी साझा कीं। इन तस्वीरों में वह बहुत में वह बहुत मेहनत करती हुई और पसीना बहाती हुई नजर आई। कुछ महीनों पहले रिलीज हुई फिल्म %मुंजया% में भी शारवरी का किरदार काफी अलग था। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई।

# श्याम जाजू ने समिट इंडिया से जुड़े नए विद्वानों का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** समिट इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय परिषद में अलग-अलग क्षेत्र के तीन विद्वानों को शामिल करते हुए संगठन की नेतृत्व टीम को और सुदृढ़ किया है। यह कदम समिट इंडिया की शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रभाव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। संगठन के चेयरमैन श्याम जाजू ने नई टीम का स्वागत करते हुए कहा, हम भारतीय शिक्षा और कौशल विकास को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं। इन नियुक्तियों से हमें अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता मिलेगी। समिट इंडिया ने डॉ. अश्विनी शर्मा, अविरल मिश्रा और केएल जुनेजा को संगठन में शामिल करते हुए उनके बारे में संक्षिप्त जानकारी दी है। समिट इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. अश्विनी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और कौशल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. शर्मा अनुभवी शिक्षाविद् हैं। वो भारत के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के महानिदेशक और सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। अविरल मिश्रा को मीडिया सलाहकार की जिम्मेदारी गई है। वो पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। केएल जुनेजा को हिमाचल प्रदेश का संयोजक नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार समिट इंडिया ने 2025 में कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। इस दौरान देश की शिक्षा नीति को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। इस क्रम में नई दिल्ली में शिक्षा समिट का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग दो दर्जन देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा अथर्व भारत कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। समिट इंडिया जल्द ही एक डिजिटल चैनल भी शुरू करने की योजना पर विचार कर रहा है। यह लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करेगा।

# आंध्र प्रदेश सरकार ने पेश किया 2.94 लाख करोड़ रुपये का बजट, राजस्व घाटा 34 हजार करोड़ के पार

**बहिष्कार**

**हालांकि विपक्ष की वाईएसआरसीपी पार्टी ने बजट के विरोध में आज सत्र का बहिष्कार किया है।**



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का बजट पेश किया है। सरकार ने 2.94 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने आज विधानसभा में अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया। हालांकि विपक्ष की वाईएसआरसीपी पार्टी ने बजट के विरोध में आज सत्र का बहिष्कार किया है। वित्त मंत्री केशव के बजट भाषण के अनुसार, आंध्र प्रदेश सरकार का राजस्व व्यय 2.35 लाख करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय 32 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। राज्य का राजस्व घाटा करीब 34,743 हजार करोड़ रुपये है, जो राज्य की कुल अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) का 2.12 प्रतिशत है। राजकोषीय घाटा करीब 68 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री केशव ने कहा कि बजट राज्य की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए संपत्ति का सृजन करके प्रदेश को वित्तीय रूप से फिर से मजबूती से खड़ा करने के लिए बनाया गया है। 2.94 लाख करोड़ रुपये का सालाना बजट के पेश करने के साथ ही आंध्र प्रदेश विधानसभा सत्र शुरू हो गया है। बजट भाषण आज सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर शुरू हुआ। इससे पहले कैबिनेट की बैठक विधानसभा में सीएम के चैंबर में हुई जहां कैबिनेट ने राज्य के बजट को मंजूरी दी। वित्त विभाग ने जल निकासी, कल्याण, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्रों पर जोर देते हुए बजट तैयार किया है। वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने अपने बजट भाषण में विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित धन के आवंटन के बारे में बताया। विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवंटन की सूची इस प्रकार है। कृषि के लिए 43,402 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। गौरतलब है कि राज्य की 62 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। कृषि के बजट में मिट्टी की जांच पर भी फोकस किया गया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री केशव ने कहा कि इस बजट का उद्देश्य राज्य के वित्तीय पहियों को फिर से चालू करना है। वित्त मंत्री ने राज्य की खराब आर्थिक स्थिति के लिए पिछली वाईएसआरसीपी के जगन मोहन रेड्डी सरकार पर आरोप लगाया। अपने भाषण में पिछली वाईएसआरसीपी सरकार पर हमला करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि जब पिछली सरकार सत्ता से बाहर हुई, तब तक राज्य की वित्तीय स्थिति चरमरा चुकी थी और अब वित्तीय संकट के बाहर निकलने के उपाय खोजना जरूरी है। विपक्ष की पार्टी वाईएसआरसीपी ने बजट के विरोध में आज सत्र का बहिष्कार किया।

# बोलेरो पिकअप वाहन और ऑटो की टक्कर, पांच लोगों की मौत



**कछार (असम)।** कछार जिला के रानीघाट में सिलचर-कलाइन मार्ग पर सोमवार सुबह बोलेरो पिकअप वाहन और ऑटो की टक्कर हो गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने सिलचर-कलाइन मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर भैरबनगर ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हाफिजुर रहमान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी है। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मरने वालों में दो महिलाएं और तीन पुरुष बताये गये हैं। मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने बोलेरो और ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, हादसे के बाद बोलेरो का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# आयोग ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को जारी किया नोटिस




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी दो शिकायतों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने एक तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर नोटिस जारी किया है वहीं दूसरी तरफ तृणमूल नेता डेरेक ओब्रायन की शिकायत का निपटान करते हुए तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने राष्ट्रीय प्रतीक और पश्चिम बंगाल पुलिस पर कथित टिप्पणी के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को नोटिस जारी कर आज शाम 8 बजे तक जवाब मांगा है। तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ शिकायत की थी। उधर, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन को पत्र लिखकर आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल उपचुनावों पर तृणमूल कांग्रेस की शिकायतें मिलने के 20 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। किसी भी देरी या निष्क्रियता के तृणमूल कांग्रेस के आरोप को आयोग ने खारिज किया है। ईसी का निर्देश है कि राज्य पुलिस कर्मी हमेशा सीएपीएफ के नेतृत्व वाली टीम का हिस्सा रहेंगे।

# हावर्ड विश्वविद्यालय के लीडरशिप पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएगी बिहार के शरद सागर की कहानी

**यात्रा**

**डेक्सटेरिटी के ग्रेजुएट्स और फेलोज़ की इस ऐतिहासिक यात्रा में व्हाइट हाउस के कई प्रतिष्ठित हॉल, कमरों और उद्यानों का विशेष दौरा भी शामिल था।**




**नई दिल्ली।** बिहार के प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी शरद विवेक सागर को हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा नेतृत्व पर प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम नेतृत्व, उद्यमिता और शिक्षण में चित्रित किया गया है। सागर विश्व के 12 सामाजिक उद्यमियों में से एक हैं, जिनकी जीवनयात्रा को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट के विद्यार्थियों को पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम में हार्वर्ड के प्रोफेसरों द्वारा शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम (जिसे हार्वर्ड कोर्स"A608 के नाम से भी जाना जाता है) प्रोफेसर मोनिका सी. हिगिंस और डॉ. उचे अमेची द्वारा संयुक्त रूप से पढ़ाया जाता है। प्रोफेसर हिगिंस हार्वर्ड के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन में शैक्षणिक नेतृत्व की कैथलीन मैककार्टनी प्रोफेसर हैं, जहां उनका शोध और शिक्षण नेतृत्व, उद्यमशीलता और संगठनात्मक परिवर्तन पर केंद्रित है। डॉ. अमेची हार्वर्ड में लीडिंग चेंज फाउंडेशन पाठ्यक्रम के अध्यक्ष हैं। कोर्स मॉड्यूल के अंतर्गत प्रोफेसर मोनिका हिगिंस और उचे अमेची ने हावर्ड विश्वविद्यालय के "A608 आफ्टर आवर्स पॉडकास्ट में शरद सागर का साक्षात्कार किया, जिसमे सागर के जीवन, कार्य और यात्रा के बारे में समझा और और उसे रिकॉर्ड किया। हार्वर्ड के अनुसार इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य आज की चुनौतियों से जूझने के लिए समर्पित नेतृत्व को प्रेरित करने, शिक्षित करने और प्रज्वलित करने के लिए सामाजिक क्षेत्र से प्रबुद्ध आवाज़ों को पाठ्यक्रम में लाना है। कोर्स के अंतर्गत 12 नायक जो विश्व में यह सबसे महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं उन्हें नेतृत्व पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि उनके जीवन यात्रा एवं उद्यमिता से हमारे विद्यार्थियों को सीखने का अवसर प्राप्त हो। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से शरद सागर ने बताया, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बिहार के छोटे शहरों और गांवों में पले-बढ़े सागर ने 16 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय संगठन डेक्सटेरिटी ग्लोबल की स्थापना की। संगठन का लक्ष्य निम्न और मध्यम आयवर्ग से आने वाले किशोरों एवं युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें भारत की राष्ट्रीय यात्रा को शक्ति प्रदान करने के लिए स्कॉलर एवं लीडर के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। आज 16 वर्ष बाद संगठन से प्रशिक्षित युवाओं ने दुनिया भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों से 275 करोड़ रुपये से भी अधिक की छात्रवृत्ति प्राप्त की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पटलों पर युवा राजदूतों के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार एवं फ़ेलोशिप जीती हैं, 1,000 से भी अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है और कई सामाजिक परियोजनाओं का सृजन किया है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रोफेसर अभिजीत बनर्जी ने डेक्सटेरिटी को एक असामान्य संस्थान कहा, जबकि द टेलीग्राफ ने डेक्सटेरिटी से प्रशिक्षित किशोरों एवं युवाओं को भारत का भविष्य बताया। इस कार्य के लिए सागर और डेक्सटेरिटी को 2012 में रॉकफेलर फाउंडेशन ने सदी के 100 सामाजिक नवप्रवर्तकों की शताब्दी सूची में शामिल किया, 2016 में फोर्ब्स पत्रिका ने विश्व के 30 सबसे प्रभावशाली युवाओं की सूची में सूचीबद्ध किया और 2018 में इंग्लैंड की महारानी एलिज़ाबेथ ने सागर को ÷क्वीन यंग लीडर्स÷ की सूची में शामिल किया। हाल ही में अक्टूबर महीने में डेक्सटेरिटी ग्लोबल सुर्ख़ियों में था जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन के आमंत्रण पर एक अनूठे एवं ऐतिहासिक क्षण में डेक्सटेरिटी के राष्ट्रीय स्कॉलर डेवलपमेंट प्रोग्राम से प्रशिक्षित 35 भारतीय विद्यार्थियों का व्हाइट हाउस में स्वागत किया गया। व्हाइट हाउस में चार उल्लेखनीय घंटों के दौरान, डेक्सटेरिटी के 35 ग्रेजुएट्स और फेलोज़ को वरिष्ठ व्हाइट हाउस नेतृत्व से बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ जेफ ज़ाइंट्स भी शामिल थे। व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ के साथ बातचीत के बाद, समूह ने अमेरिकी ट्रेजरी में एक घंटे लंबी गहन चर्चा की, जहां उन्होंने प्रमुख अधिकारियों के साथ वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया। डेक्सटेरिटी के ग्रेजुएट्स और फेलोज़ की इस ऐतिहासिक यात्रा में व्हाइट हाउस के कई प्रतिष्ठित हॉल, कमरों और उद्यानों का विशेष दौरा भी शामिल था। शरद सागर के कार्य एवं विचारों को विश्व स्तर पर सराहा गया है। 2016 में शरद सागर को नोबेल पीस सेंटर ने नोबेल पुरस्कार समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। सागर भारत के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में सबसे कम उम्र के और सबसे ज्यादा आमंत्रित विशेषज्ञों में से एक हैं।

# पेशावर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में, वायु गुणवत्ता सूचकांक 509



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 509 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दूषित हवा के इस खतरनाक स्तर ने पेशावर को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की श्रेणी पर पहुंचा दिया है। मुल्क के पंजाब प्रांत के शहरों को ढकने वाली धुंध भरी हवा अब खैबर पख्तूनख्वा की ओर बढ़ गई है और पेशावर और आसपास के जिलों को अपनी चपेट में ले लिया है। लाहौर में पार्क और बागवानी प्राधिकरण ने प्रदूषण को कम करने के लिए हरित पट्टियों और सड़कों के किनारे के पेड़ों और पौधों को धोने के प्रयासों में तेजी ला दी है। गुलबर्ग, मॉडल टाउन और अन्य मुख्य मार्गों पर इसी तरह की गतिविधियों के साथ मॉल रोड, जेल रोड और फिरोजपुर रोड पर रोजाना पेड़ धोने का कार्य चल रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक मुहम्मद ताहिर वट्टू के अनुसार टीम सुबह से रात तक काम कर रही है। धुंध और प्रदूषण से निपटने के लिए आवश्यक उपाय के रूप में पौधरोपण को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रीन मास्टर प्लान की हालिया एक रिपोर्ट ने लाहौर में स्मॉग की चिंताजनक वृद्धि के कारकों का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि शहर के तेजी से विकास ने लाहौर को कंक्रीट के जंगल में बदल दिया है। इससे लाहौर में स्मॉग की समस्या बढ़ गई है। हरे-भरे स्थानों में कमी के कारण तापमान में वृद्धि हुई है। इस वजह से शहर हीट आइलैंड में बदल गया है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 33 वर्ग किलोमीटर औद्योगिक क्षेत्र तो आवासीय क्षेत्रों के पास स्थित है। यह लाहौर की धुंध समस्या में महत्वपूर्ण कारक है। इसमें चेतावनी दी गई है कि यदि अगले दशक के भीतर बिखरे हुए उद्योगों को निर्दिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित नहीं किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## पाकिस्तान में दो आत्मघाती आतंकवादी गिरफ्तार

**क्वेटा।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में दो आत्मघाती आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि दोनों कराची में हमले की योजना बना रहे थे। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा बलों ने खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में लक्षित अभियानों के दौरान इनको दबोचा गया।

दोनों आतंकवादी कथित तौर पर कराची में सुरक्षा बलों और विदेशी नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे।

इसके अलावा कराची हवाई अड्डे के सिग्नल के पास चीनी इंजीनियरों पर योजनाबद्ध आत्मघाती हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को भी विंडर में हिरासत में लिया गया है। चार अन्य आतंकवादियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।

# बांग्लादेश में बंगभवन के दरबार हॉल से हटाई गई बंगबंधु की तस्वीर

**कार्यक्रम**

**इस दौरान बंगबंधु की तस्वीर मौजूद थी। उन्होंने कहा, शपथ कार्यक्रम के बाद वे घर चले गए।**



**ढाका।** अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर मुल्क के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास बंगभवन के दरबार हॉल में अब दिखाई नहीं देगी। वहां से बंगबंधु रहमान की एक तस्वीर हटा दी गई है। राजधानी ढाका से छपने वाले अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी खबर में सलाहकार महफूज आलम की फेसबुक पोस्ट के आधार पर यह दावा किया है। फेसबुक पोस्ट के अनुसार, शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर-पोस्ट 71 फासीवादी, दरबार हॉल से हटा दी गई है। यह हमारे लिए शर्म की बात है कि हम 5 तारीख के बाद बंगभवन से उनकी तस्वीरें नहीं हटा सके। अगस्त की क्षमायाचना, लेकिन, जब तक लोगों में जुलाई की भावना जीवित रहेगी तब तक वह कहीं दिखाई नहीं देगी। आलम ने लिखा है, शेख मुजीब और उनकी बेटी ने बांग्लादेश के लोगों के साथ जो किया है, वह अवामी लीग को स्वीकार करना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए, जिसमें गैर-लोकतांत्रिक 72 संविधान से लेकर अकाल, अरबों टका की लूट और हजारों की गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल हैं।असंतुष्टों और विरोधियों की (1972-75, 2009-2024)। फिर, हम बिना माफी और फासीवादियों के परीक्षण के पूर्व 71 के शेख मुजीब के बारे में बात कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का मेल-मिलाप नहीं होगा। प्रोथोम अलो के अनुसार इस संबंध में संपर्क करने पर राष्ट्रपति के प्रेस सचिव जोयनाल आबेदीन ने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि, प्रेस विंग के एक अधिकारी ने कहा कि कल रात तीन नए सलाहकारों ने दरबार हॉल में शपथ ली। इस दौरान बंगबंधु की तस्वीर मौजूद थी। उन्होंने कहा, शपथ कार्यक्रम के बाद वे घर चले गए। मुझे घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 4ए के अनुसार, राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के चित्र को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, स्पीकर और मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ प्रमुख सरकारी कार्यालयों में संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा।

# बाइडन कुर्सी छोड़ें और अब कमला को बना दें अमेरिकी राष्ट्रपति, हैरिस की टीम के सदस्य ने दी सलाह

**सुझाव**

**हैरिस की टीम के पूर्व संचार निदेशक जमाल सिमंस ने रविवार के टॉक शो के दौरान इसी तरह का सुझाव दिया।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव हार जाने से उन्हें समर्थन दे रहे लोग काफी निराश हैं। इस बीच अब कमला हैरिस की टीम के पूर्व कर्मचारी ने राष्ट्रपति जो बाइडन से इस्तीफा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाइडन इस्तीफा देकर कमला हैरिस को देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनाएं। हालांकि यह कार्यकाल थोड़े ही समय के लिए होगा। हैरिस की टीम के पूर्व संचार निदेशक जमाल सिमंस ने रविवार के टॉक शो के दौरान इसी तरह का सुझाव दिया। बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा, जो बाइडन अद्भुत रहे हैं, लेकिन उन्हें एक आखिरी वादा पूरा करना चाहिए और वक्त की नजाकत को समझते हुए बदलाव की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। पूर्व संचार निदेशक ने कहा, बाइडन अगले 30 दिनों में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे सकते हैं, इसके बाद कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बना सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, इससे उन्हें छह जनवरी को अपनी हार के बाद होने वाले बदलावों की निगरानी करने से मुक्ति मिल जाएगी। और यह सुनिश्चित करेगा कि यह खबरों में छा जाए, एक ऐसे बिंदु पर जहां डेमोक्रेट्स को नाटक और पारदर्शिता सीखनी होगी और वे चीजें करनी होंगी जो जनता देखना चाहती है। यह हमारे लिए डेमोक्रेट्स के काम करने के तरीके के पूरे परिप्रेक्ष्य को बदलने का समय है। एक सवाल के जवाब में सिमंस ने कहा कि यह सबसे अच्छी बात है जो बिडेन अब कर सकते हैं। निदेशक ने आगे कहा, यह एक ऐसी बात है जो फिलहाल जो बाइडन के नियंत्रण में है। अगर उन्होंने ऐसा किया, इससे बाइडन का आखिरी वादा पूरा हो जाएगा और कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बनने का मौका देगा।

# रूस की यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क पर नियंत्रण की तैयारी



**वाशिंगटन।** रूस ने यूक्रेन पर हमला कर कुर्स्क क्षेत्र में नियंत्रण की सामरिक तैयारी की है। अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों का दावा है कि रूस ने 50,000 सैनिकों को इकट्ठा किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस की सेना ने उत्तर कोरिया के सैनिकों सहित 50,000 सैनिकों की बड़ी टुकड़ी इकट्ठी की है। रूस कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा जब्त किए गए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के उद्देश्य से हमला शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार,रूस ने पूर्वी यूक्रेन से सैनिकों को हटाए बिना ही बड़ी संख्या में सेना तैनात कर दी है। रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्से में काबिज होना चाहते हैं। यूक्रेन ने इस साल कुर्स्क के इस क्षेत्र में कब्जा कर लिया था। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आने वाले दिनों में उत्तर कोरियाई सैनिकों से जुड़े ऐसे हमले की आशंका है।

# डोनाल्ड ट्रंप जीते तो विरोधी ने की आत्महत्या, मरने से पहले पत्नी-बेटे समेत चार लोगों को गोलियों से भूना

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अक्सर पोस्ट करने वाले शख्स ने अपना पूरा परिवार खत्म कर दिया। ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद शख्स ने यह कदम उठाया है। मामला अमेरिका के मिनेसोटा राज्य का है। शख्स ने अपनी पत्नी, पूर्व पत्नी और दो बेटों को मौत के घाट उतारने के बाद खुदकुशी की। शख्स की पहचान एंथनी नेफ्यू (46) के तौर पर हुई है।

पुलिस के मुताबिक शख्स डोनाल्ड ट्रंप का मुखर विरोधी था। वह सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रंप विरोधी पोस्ट साझा करता था। वह मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहा था। पुलिस को दो घरों से पांच लोगों की लाशें मिली हैं। सबसे पहले एंथनी नेफ्यू की पूर्व पत्नी एरिन अब्रामसन (47) और उनके बेटे जैकब नेफ्यू (15) को गुरुवार को घर में मृत पाया गया। दोनों की मौत गोली लगने से हुई थी। डुलुथ पुलिस प्रमुख माइक सेनोवा ने बताया कि हत्याकांड को एंथनी नेफ्यू ने अंजाम दिया। जब उसके घर पुलिस पहुंची तो वहां उसकी 45 वर्षीय पत्नी कैथरीन नेफ्यू और सात वर्षीय बेटा ओलिवर नेफ्यू मृत मिला। एंथनी की लाश भी घर में मिली। उसने गोली मारकर आत्महत्या की है। एंथनी नेफ्यू डोनाल्ड ट्रंप को नापसंद करता था। वह सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रंप के खिलाफ पोस्ट साझा करता था। मौत से पहले भी उसने ट्रंप के खिलाफ पोस्ट को साझा किया। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक इसी साल जुलाई मेंएंथनी नेफ्यू ने पोस्ट किया था कि दुनिया अब शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में नहीं रह सकती। इसका एक बड़ा कारण धर्म है। मैं धार्मिक कट्टरपंथियों से भयभीत हूं, जो अपने गलत विश्वासों को मुझ पर और मेरे परिवार पर थोप रहे हैं। मेरे मन में चुड़ैल के रूप में सूली पर जला देने वाले या जलते क्रॉस पर सूली पर चढ़ा दिए जाने वाले विचार आते हैं।

एंथनी ने एक फोटो भी साझा की थी। इसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रम्प, राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की फोटो थी। ट्रंप की तस्वीर पर नफरत शब्द लिखा है।



# लोक सेवा आयोग पर छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन

- पुलिस ने किया लाठीचार्ज, भगदड़ जैसे हालात

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कैंडीडेट्स को पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ दिया। इस दौरान भगदड़ मचने से कई छात्र चोटिल हो गए। करीब 10 हजार छात्र अयोग के कार्यालय से थोड़ी दूर धरने पर बैठ गए हैं। नारे लगा रहे हैं कि बंटेंगे नहीं। न्याय मिलने तक हटेंगे नहीं। सोमवार को यूपी पीसीएस और आरओ/एआरओ (रिव्यू और असिस्टेंट रिव्यू अफसर) परीक्षा के हजारों कैंडीडेट्स यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से आयोग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। प्रदर्शन पहले से ही तय होने के चलते पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था थी। आयोग से करीब 500 मीटर पहले ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। कैंडीडेट्स आयोग तक आने पर अड़े हुए थे, ऐसे में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इससे वहां हालात बेकाबू हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज करके छात्रों को वहां से हटाया। फिलहाल, आयोग के सभी एंट्री गेट को बंद कर दिया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस-2024 प्रारंभिक और आरओ-एआरओ-2024 प्रारंभिक परीक्षा को दो दिन कराने का निर्णय लिया है। प्रतियोगी छात्र इसी निर्णय का विरोध कर रहे हैं। सोमवार की सुबह सैकड़ों प्रतियोगी आयोग के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। वह दो के बजाय परीक्षा एक दिन कराने की मांग कर रहे थे।

प्रतियोगियों की भारी संख्या को देखते हुए मौके पर पुलिस, पीएसी के साथ आरएएफ के जवानों को तैनात किया गया है। आयोग जाने वाले रास्ता को ब्लाक करके आवागमन रोक दिया गया। वहीं छात्र बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़ गए। लोकसेवा आयोग की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा सात और आठ दिसंबर तथा आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 22 व 23 दिसंबर को प्रस्तावित है।

इस दो दिवसीय परीक्षा के निर्णय और नार्मलाइजेशन लागू करने के विरोध में छात्र आंदोलन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि जब तक आयोग एक दिवसीय परीक्षा कराने का नोटिस नहीं निकालता है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय ने कहा कि भर्ती अधिसूचना के तहत 11 फरवरी को आरओ/ एआरओ-2023 (प्रारंभिक) परीक्षा का आयोजन एक दिन में किया था, पेपर लीक कांड के बाद परीक्षा निरस्त हुई। इसके बाद आयोग ने प्रक्रिया बदलकर 22-23 दिसंबर को परीक्षा कराने की घोषणा कर दी।

### क्या होता है नॉर्मलाइजेशन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पहली बार नॉर्मलाइजेशन यानी नॉर्मलाइज्ड स्कोर की प्रक्रिया लागू की है। छात्र इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि परीक्षा एक ही दिन कराई जाए। नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) की प्रक्रिया निरस्त की जाए। जो परीक्षाएं एक दिन में एक शिफ्ट में खत्म हो रही हैं, उसमें नॉर्मलाइजेशन नहीं अपनाया जाता। लेकिन, जो परीक्षा अलग-अलग डेट पर होती है, अलग-अलग प्रश्न पत्र होते हैं, उसमें यह अपनाया जाता है। क्योंकि हर पेपर के डिफिकल्टी लेवल में थोड़ा अंतर हो सकता है। इस कारण सरल आए पेपर के ही शिफ्ट के छात्रों को ही फायदा न हो, इसलिए नॉर्मलाइजेशन प्रोसेस अपनाया जाता है। इसके लिए विभाग एक फॉर्मूले के आधार पर काम करता है।

## भाजपा के सक्रिय सदस्यों की सूची जारी

**प्रयागराज।** भाजपा के सक्रिय सदस्यों की सूची जारी हो गई है। सोमवार को पार्टी कार्यालय में सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी अनीता त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महामंत्री देवेश सिंह, महामंत्री रवि केसरवानी की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता सूची जारी की गई।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि अभी 1100 सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की गई है। शेष सदस्यों का सत्यापन चल रहा है जिसके बाद अगली सूची जारी की जाएगी। लगभग 2 हजार से अधिक आवेदन सक्रिय सदस्यता के लिए आए हैं। प्रयागराज महानगर में ऑन लाइन माध्यम से 2 लाख 20 हजार जबकि ऑफ लाइन माध्यम से लगभग 70 हजार से अधिक सामान्य सदस्य बनाए गए हैं। इस अवसर पर दीप द्विवेदी, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, कुलदीप मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मानवाधिकार विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू




**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने आज मानव अधिकार विषय पर शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया। यह पाठ्यक्रम 11नवंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। कोर्स में बीए की 36 छात्राओं ने प्रारंभिक सत्र में सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अशिमा घोष ने मुख्य वक्ता के रूप में पाठ्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की तथा प्रोफ़ेसर नीलिमा मिश्रा संयोजिका, राज़नीति विज्ञान विभाग, डॉ. कस्तूरी भारद्वाज, डॉ. अंजलि शिवहरे, कु. शेफाली दास उपस्थित रहे।

### अंशु ने गंगा डिग्री कॉलेज को जिताया



**प्रयागराज।** अंशु पटेल के अर्धशतक (69 रन, 99 गेंद, दस चौके) के दम पर गंगा डिग्री कॉलेज क्लब ने राम बाबू क्लब 41 रन से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। गंगा डिग्री कॉलेज ने सोमवार को अपने मैदान पर खेले गए मैच में 30 ओवर में 3 विकेट पर 189 रन (अंशु पटेल 69, कुणाल 49, इस्माइल 1/32) बनाये। जवाब में राम बाबू पाल क्लब की टीम 30 ओवर में 3 विकेट पर 148 रन (इस्माइल 74, उज्ज्वल 21, अनुराग पटेल 2/31) ही बना सकी। अंशु को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### डीएन तिवारी वेटरन क्रिकेट अगले माह

**प्रयागराज।** स्वर्गीय दीनानाथ तिवारी (डीएन तिवारी) स्मृति टी-20 वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता दिसंबर माह में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता छह टीमों को प्रवेश दिया जायेगा।

रविवार को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक तिवारी की अध्यक्षता में उनके स्कूल में ही हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता में 35 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसके लिए क्रिकेट कोच मनोज कुमार को आयोजन सचिव बनाया गया है। बैठक में वरिष्ठ क्रिकेटर आलोक सिंह, राजू नटेशन, राहुल पांडेय, खुर्शीद अहमद राईन उपस्थित रहे।

### चौधरी नौनिहाल क्लब को पूरे अंक



**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने गोपाल दास यादव क्लब को 168 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक/बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक जुटाए। केपी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 292 रन (हार्दिक नारायण तिवारी 152, समर्थ पांडेय 38, रुद्रांश यादव 35, प्रिंस पाल 34, कृष्णा यादव 2/40, अक्षत सिंह 2/46) बनाये। जवाब में गोपाल दास क्लब की टीम 40 ओवर में 8 विकेट पर 124 रन (विशेष केसरवानी 36, श्रेयांश जायसवाल 4/22) ही बना सकी। मैच में हितेश श्रीवास्तव व सुधीर सोनकर अंपायर और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## मनायी गयी प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** धूम धाम से मनायी गयी महान शिक्षाविद एंव प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की जयंती शहर काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कटरा स्थित कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष मिर्जा बरकतउल्लाह बेग के नेतृत्व में मनाई गई, इस अवसर पर मुख्यअतिथि शहर काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम ने कहा मरहूम मौलाना आजाद अखंड भारत के सच्चे अनुयायी थे जिसका जीता जागता सबूत बंटवारे के समय दिल्ली की जामा मस्जिद पर खड़े हो कर दिये गए भाषण के रूप में आज भी मौजूद है,मौलाना आजाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ साथ एक महान शिक्षाविद थे। मौलाना आजाद ने ही आईआईटी आईआईएम एंव यूजीसी जैसे आधुनिक शिक्षण संस्थानों की बुनियाद रखने वाले पहले शख्स थे आज के भारत मे उन्हें पढ़ कर अच्छे दिशा में देश को लेजाया जा सकता है एखलाक अहमद ने कहा की मरहूम मौलाना आजाद देश मे भाईचारे की मिसाल थे। जिनकी शिक्षाओं को पढ़कर हम उन्नति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं। संदीप कपूर ने कहा कि अगर आज के युवा मरहूम आजाद की कही गयी बातो का अनुसरण कर अपने जीवन मे उतारे तो वो समाज को अच्छी दिशा दे सकते है हम लोगो को भारत मे फ़िर से ऐसे ही राजनेता की जरूरत है अंत मे बरकत उल्लाह बेग साहब ने सबका आभार व्यक्त करते हुवे सभा का समापन किया इस अवसर पर- जावेद खान (प्रवक्ता) , रियाजुल हसन ,मोहम्मद असलम,डॉ. आगाज,बबलू मिर्जा, आमिर शाह डॉ आदित्य सिंह ,राजेश पटेल ,किशन सेठ, आदि लोग उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग का स्टॉप बना शो पीस, नहीं रुकती हैं रोडवेज की बसें

**आजमगढ़।** फूलपुर वर्षों पहले यात्रियों की सुविधा के लिए फूलपुर के नागा बाबा सरोवर के किनारे यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था। विभागीय उदासीनता का आलम यह है कि अब क्षेत्रीय लोग यह कहने को मजबूर हो गए हैं कि चलिए साहब यहां नहीं रुकती हैं रोडवेज की बसें। फूलपुर कस्बा से ही सैकड़ों की संख्या में लोग जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश की राजधानी के लिए यात्रा करते हैं।इन यात्रियों को लखनऊ बलिया मार्ग के किनारे खड़े होकर ही बसों का इंतजार करना पड़ता है। बसों की संख्या कम होने से बसों में बैठने की भी जगह मिलना मुश्किल हो जाता है। काफी दिनों से क्षेत्रीय लोगों द्वारा फूलपुर से जिला मुख्यालय के लिए बसों के संचालन की मांग की जा रही है। सवारी गाड़ी का समय ऑफिस और स्कूल से काफी पहले होने के कारण लोगों के आवागमन के लिए रोडवेज बसें सहारा हैं। नागा बाबा सरोवर के किनारे बना यात्री प्रतीक्षालय शोपीस बनकर रह गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर में इलाज के अभाव में मुद्रिका की मौत

अवधनामा संवाददाता



**बूढ़नपुर आजमगढ़।** तहसील क्षेत्र के अतरौलिया थाना के बड़ा गांव निवासी लालचंद प्रजापति की पुत्री मुद्रिका प्रजापति उम्र 26 वर्ष बता दे कि मुद्रिका की शादी बाराबंकी जिले के रामनगर थाना के बहलोलपुर गांव में हुई थी पिछले 6 माह पूर्व मुद्रिका अपने मायके में बहन की शादी में शामिल होने आई थी तभी से वह मायके में थी कल दोपहर 2रू00 बजे के करीब उसे प्रसव पीड़ा हुई परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर में भर्ती किया जहां उसे नॉर्मल डिलीवरी से बच्ची पैदा हुई मुद्रिका की हालत ठीक देख आज सुबह डॉक्टर ने छुट्टी दे दिया। मुद्रिका जब घर पहुंची 2 घंटे बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी परिजनों ने तुरंत पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर में भर्ती कराया जहां इलाज के अभाव में मरीज की मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि जब हम लोग अपने मरीज को अस्पताल में भर्ती कराए तो किसी भी वार्ड में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। 1 घंटे बाद जब तक हाथ लगाते उसके पहले ही मरीज मर चुका था मरीज का ऑक्सीजन लेवल काफी डाउन हो गया था इलाज के अभाव में मरीज ने दम तोड़ दिया हालत गंभीर बताकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने रेफर कर दिया ।जब हम परिजनो ने सो सैयाअस्पताल ले गए तो वहां पर डॉक्टरों ने हमारे मरीज को मृतक घोषित कर दिया । परिजन मरीज को लेकर के घर आए आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने पुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया लगभग आधे घंटे तक अस्पताल परिसर में परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। ग्राम प्रधान प्रमोद यादव उर्फ मुन्ना के समझाने पर परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त किया और अपने घर चले गए।

## मजदूरों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार : राहुल

- बढ़ती महंगाई से जनता मजदूर व्यापारी सब परेशान : अमित यादव
- समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहां बढ़े अपराध

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने नगर के मंगलम लॉन में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार अपराध महगाई चरम पर पहुंच गया है। बढ़ती महंगाई से मजदूर परेशान हैं, मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी सरकार कर रही है। जनता को जाति धर्म मे बांटने का काम सरकार कर रही है उक्त बातें उन्होंने जौनपुर जिले के एक होटल में समाजवादी मजदूर सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई की मार सीधे मजदूरों पर पड़ रही है। सरकार में श्रमिक सबसे ज्यादा परेशान है, हमारी मांग है कि मनरेगा मजदूरी को बढ़ाया जाए और मजदूर को काम मिले, उन्होंने कहा कि सपा सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मजदूरों का विशेष ख्याल रखा और मजदूरों के लिए काफी योजनाए लाई। लेकिन वर्तमान सरकार मजदूरों को अनदेखी कर उनके साथ अन्याय कर रही है ,आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी सरकार को श्रमिक लाने का काम करेंगे। जिसमें उनकी हर मांग पूरी की जाएगी और सपा के मुखिया अखिलेश यादव से भी मांग होगी कि आने वाले विधान सभा के चुनाव मे पूर्वांचल मे समाजवादी मजदूर सभा से एक प्रत्याशी उतारा जाए। सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने कहा कि मजदूर आने वाले दिनों में जन-जन को जोड़कर सपा को मजबूत करेगी और 27 में सरकार बनवाने का काम करेगी।

स्वागत समारोह में सर्वप्रथम सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव के नेतृत्व में बुके माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्रम के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया गया स्वागत समारोह को प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, सुशील दूवे, मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप, राष्ट्रीय सचिव सीमा खान सत्यनारायण यादव, आशाराम यादव, मंजय कन्नौजिया, वीरेंद्र यादव ने संबोधित किया

अध्यक्षता समाजवादी मज़दूर सभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने तथा संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया। इस अवसर पर आसाराम यादव, रजनीश मिश्रा, वीरेंद्र यादव, कमल आज़मी, यशवंत, बबलू सारंग, रामनयन, रामप्रसाद, अंजनी यादव, जगलाल,सिकंदर मौजूद रहे।

## प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2024 के लिए दीपेश नायर चयनित

**प्रयागराज।** प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2024 की चयन समिति ने इस वर्ष पुरस्कार के लिए ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल सेंटर फॉर हियरिंग इम्पेयर्ड के सह-संस्थापक दीपेश नायर का चयन किया है। वे बधिर तथा कम सुनाई देने संबंधी दिव्यांगता से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने हेतु पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। जिससे श्रवण दिव्यांगता से प्रभावित विद्यार्थी व्यक्तिगत, पेशेवर और सामाजिक विकास करते हुए अपने जीवन को स्वतंत्र, सम्मानजनक और सफल दिशा दे सकें। यह पुरस्कार गोरखपुर में 22-24 नवंबर4 के मध्य आयोजित होने जा रहे 70वें एबीवीपी कॉन्फ्रेंस में दिया जाएगा। यह पुरस्कार वर्ष 1991 से प्राध्यापक यशवंतराव केलकर की स्मृति में दिया जाता है, जिन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन का शिल्पकार कहा जाता है और अभाविप विस्तार में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है।


## कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, जनपद : लखीमपुर-खीरी

Email- eodhaurahra@gmail.com Website- www.npdhaurahra.in

पत्रांक- 1826/न0पं0धौ0/ODF+/GFC/2024-25, दिनांक : 11 नवम्बर, 2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है इस कार्यालय के पत्र कि संख्या-1777 न0पं0धौ0/ODF+/ 2024-25, दिनांक 26 अक्टूबर, 2024 द्वारा नगर पंचायत धौरहरा जनपद लखीमपुर-खीरी को नगर के सम्मानित सदस्यों एवं नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से इस निकाय के समस्त 17 वार्डो को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ODF+ तथा गार्बेज फ्री सिटी (GFC) के अन्तर्गत 03 स्टार रेटिंग हेतु घोषित किया गया था। जिससे सम्बन्धित जनसाधारण से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगी गयी थी लेकिन कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त न होने के कारण नगर पंचायत धौरहरा को ODF+ तथा गार्बेज फ्री सिटी (GFC) के अन्तर्गत 03 स्टार घोषित किया जाता है।

इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच या पेशाब तथा खुले/सार्वजनिक स्थानों तथा तालाबों के पास गन्दगी/कूड़ा फेंकता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध रू0 200/- जुर्माना आरोपित करते हुये उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

(गौरव सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

(नफीस खां)
अध्यक्ष
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी


## बीपीएड की काउंसलिंग 12.13 नवंबर को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीपीएड् पाठ्यक्रम सत्र 2024-2026 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग 12 एवं 13 नवम्बर 2024 को एकलव्य स्टेडियम में प्रातः 9:00 से आयोजित होगी। अब तक ऑनलाईन आवेदन कर चुके तथा प्रथम दक्षता परीक्षा से छूटे हुये प्रवेश से वंचित पंजीकृत अभ्यर्थी भी उपरोक्त तिथियों में प्रतिभाग कर सकते है। जो अभ्यर्थी किसी कारण से ऑनलाईन आवेदन कर नही कर सके है, ऐसे अभ्यर्थी आवदेन शुल्क रू 1000-00 एवं काउंसिलिंग शुल्क रु 500-00 विश्वविद्यालय काउन्टर पर नगद जमा कर एवं प्रपत्र क पूरित कर प्रवेश हेतु उक्त तिथियों में प्रतिभाग कर सकते है।उक्त दक्षता परीक्षा / काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर जारी किये गये 10 बिन्दुओं के दिशा निर्देशों के अनुसार पालन करते हुये, काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित हो। अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक नियम, निर्देश, आवेदन फार्म, प्रपत्र क आदि विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vbspu.ac.in पर उपलब्ध हैं।

## मनुष्य को तारती है कथा : प्रेम भूषण

- केवल कान को सुख प्रदान करता है भजन
- ज्ञान प्रकाश सिंह ने कथा सुनाने का मुझे मौका दिया और आप को सुनने का
- मनुष्य को अपने जीवन में कुछ पाने के लिए तपस्या करना जरूरी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बीआरपी इण्टर कॉलेज के मैदान में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह के पावन संकल्प से प्रायोजित सात दिवसीय रामकथा के दूसरे दिन कथा शुरू होने से पहले मुख्य यजमान ज्ञान प्रकाश सिंह ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात कथा शुरू हुई। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा गंगा जी के समान है और यह जहां उपस्थित होती हैं वह स्थानीय तीर्थ बन जाता है। मनुष्य जब तीर्थ में पहुंच जाता है तो वह अपने आप तीर्थ के प्रभाव से तर जाता है। कुछ लोग भजन सुनकर सुख का अनुभव करते हैं परन्तु भजन तो केवल कान को ही सुख देता है। जीव का कल्याण तो कथा ही करती है। भगवान की कथा मनुष्य को भगवान के शरण में पहुंचा देती है। अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रेम भूषण महाराज ने व्यासपीठ से ज्ञान प्रकाश सिंह की प्रशंसा की और कहा कि ज्ञान प्रकाश सिंह के चलते मुझे आप लोगों को रामकथा सुनाने का मौका मिला और आप लोगों को सुनने का अवसर मिला। धन संग्रह करने से वह बढ़ता नहीं है। उन्होंने उदाहरण दिया कि कन्नौज में एक व्यापारी के यहां कई सौ करोड़ मिला लेकिन अगर उस धन को परमार्थ में लगाए होते तो ऐसी विडम्बना देखने को नहीं मिलती जो यज्ञ करने का मन बना ले वह परम सौभाग्यशाली है। कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से रामकथा महिमा और भगवान के प्राकट्य की कथा का गायन करते हुए कहा कि रामचरित मानस में भी इसका वर्णन है कि जब हनुमान जी ने माता-सीता को भगवान की कथा सुनाई तो उनका सारा दुख भाग गया। हनुमान जी ने भगवान की कथा विभीषण की सुनाई तो उन्हें भगवान की शरणागति मिल गई। भगवान की कथा मनुष्य के हृदय के ताप को मिटाकर सभी संशय का नाश कर देती है। श्री राम कथा मनुष्य को सुखी जीवन के मार्ग और साधन प्रदान करती है। इस कलि काल में राम की कथा मनुष्य को पाप से बचाने के लिए कलमषी वृक्षों को काटने के लिए कुल्हाड़ी का कार्य करती है। कथा श्रवण करने वाला भटकने से बच जाता है और सत्कर्म में उसकी गति हो जाती है। महाराज जी ने कहा कि हर युग में उत्पाती रहते हैं फिर भी और युग से कलयुग में उत्पातियों की संख्या बहुत कम है। यह कथा सेवा भारती के बैनर तले चल रही है। इस मौके पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. तेज सिंह, डॉ. वेदप्रकाश, आयोग के सदस्य डॉ. आरएन त्रिपाठी, माउंट लिट्रा जी स्कूल के डायरेक्टर अरविंद सिंह, शिक्षक नेता प्रदीप सिंह, कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव, टीडीपीजी कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह, बीआरपी के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, अमित सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद - सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 293/न0पं0बि0/2024-25 दिनांक : 11/11/2024

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद- सिद्धार्थनगर में वर्ष- 2024-25 हेतु ''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत बिस्कोहर के लिए ठेकेदारों से आनलाइन ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.etender.up.nic.in पर तथा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| A | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन/अपलोड की तिथि | 11/11/2024 |
| B | वेबसाइट से ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 12/11/2024 अपराह्न 2.00 बजे से |
| C | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 23/11/2024 को सायं 3.00 बजे तक |
| D | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 25/11/2024 को अपराह्न 2.00 बजे |
| E | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 25/11/2024 को अपराह्न 4.00 बजे |
| F | निविदा मूल्य बिक्री की अन्तिम तिथि | 22/11/2024 को सायं 4.00 बजे तक |
| G | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बिस्कोहर
जनपद- सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत बिस्कोहर
जनपद- सिद्धार्थनगर

## टीकाकरण के माध्यम से रोकथाम योग्य बीमारी के खिलाफ एकजुट

**लखनऊ।** इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस के चल रहे खतरे को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से हमारे पड़ोसी देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हाल ही में पोलियो के प्रकोप के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है, और ज्यादातर पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे संभावित रूप से अपरिवर्तनीय पक्षाघात और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। भारत की पोलियो-मुक्त स्थिति के बावजूद, यह बीमारी एक वैश्विक स्वास्थ्य जोखिम बनी हुई है, जिससे भारत जैसे देशों के लिए सतर्क रहना आवश्यक हो गया है। मेदांता, लखनऊ के बाल रोग विशेषज्ञ और नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. आकाश पंडिता इस बात पर जोर देते हैं पोलियो को तभी खत्म किया जा सकता है जब बिना किसी अपवाद के हर बच्चे को टीका लगाया जाता रहे। बच्चों को 6 सप्ताह के बाद से निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन का टीका लगाना उन्हें इस खतरनाक वायरस से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है और यह पोलियो को दूर रखने के हमारे



सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयासों की नींव बनाता है। भारत की सफलता की कहानीकृपोलियो मुक्त होने के 12 वर्षकृएक असाधारण सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धि रही है, जो बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियानों से संभव हुई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में पोलियो उन्मूलन के बदले में, आखिरी मामले तक चार वर्षों के दौरान 172 लाख बच्चों को सालाना पोलियो वैक्सीन की लगभग 1 अरब खुराक दी गई थी। फिर भी, दुनिया के कुछ हिस्सों में पोलियो के फिर से उभरने की हालिया घटनाएं एक महत्वपूर्ण चिंता पैदा करती हैंरू भारत अपनी सतर्कता को कम नहीं होने दे सकता। डॉ. पंडिता कहते हैं हालांकि भारत एक दशक से अधिक समय से पोलियो मुक्त है, लेकिन अन्य जगहों पर इसका प्रकोप एक स्पष्ट अनुस्मारक के रूप में काम करता है कि भारत में वायरस को फिर से फैलने से रोकने के लिए उच्च टीकाकरण कवरेज बनाए रखना आवश्यक है। वायरस को भारत में लौटने से रोकने के लिए नियमित टीकाकरण महत्वपूर्ण है, जहां यह संभावित रूप से व्यापक नुकसान पहुंचा सकता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एडवाइजरी कमेटी ऑन वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन प्रैक्टिसेज (आईएपी एसीवीआईपी) अनुशंसित टीकाकरण कार्यक्रम का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता पर जोर देती है। इसमें मौखिक पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की जन्म खुराक, 6, 10 और 14 सप्ताह पर एक निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी), इसके बाद 16-18 महीने पर बूस्टर और फिर 4-6 साल पर बूस्टर शामिल है।

# भारत का लक्ष्य 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात करना- गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। गोयल ने वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करने और आर्थिक विकास को गति देने में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) के 57वें दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अपने संबोधन में वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करने और आर्थिक विकास को गति देने में संस्थान की भूमिका पर भी जोर दिया। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हमें 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साझेदारी करनी चाहिए।

पीयूष गोयल ने कहा कि हम चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 800 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर जाएंगे। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 778 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। उन्होंने कहा कि हमें 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से बहुत प्रयास करने होंगे। यह संयोग से नहीं होगा, यह आपकी पसंद से होगा और मुझे विश्वास है कि हम इस बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लक्ष्य को हासिल करने का विश्वास भी व्यक्त किया।

उन्होंने संस्थान के छात्रों और शिक्षकों से अन्य देशों में भारतीय उत्पादों के सामने आने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं का अध्ययन करने में योगदान देने का आग्रह किया, ताकि अधिकारी उन पर ध्यान दे सकें। गोयल ने इस कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए यह भी घोषणा की कि जल्द ही आईआईएफटी का दुबई में अपना नया परिसर होगा।

## रेज़ कास्मेटिक्स का लखनऊ में भव्य लांच

**लखनऊ।** नवीन सौन्दर्य प्रसाधनों की अभूतपूर्व श्रंखला रेज़ कास्मेटिक्स का भव्य लांच किया गया। लांच कार्यक्रम का रेज़ कास्मेटिक्स की फाउण्डर सुषमिता गुप्ता, अभिनेत्री सारा अली, संगीता ने दीप प्रज्वलित कर गणेष वंदना से किया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम में मॉडल ने अनोखे अंदाज में कई फिट की लिपिस्टिक का माडल दिखाकर लोगों को इसके बारे में बताया। रेज़ कास्मेटिक्स की फाउण्डर सुषमिता गुप्ता ने कहा कि रेज़ लिपिस्टिक 8 रंगों में उपलब्ध है, साथ ही लिप और चिक टिंट 5 शेड में लांच की गयी है। उन्होने बताया कि हमारे दोनो प्रोडेक्ट 100 प्रतिशत नेचुरल है, इसे किसी पशु को बिना नुकसान पहुचाएं बनाया



गया है। उन्होने बताया कि रेज़ कास्मेटिक्स महिलाओं को आत्म अभिव्यक्ति की नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये डिजाइन की गयी है। जब एक महिला अपने को सुन्दर बनाने के लिये मेकअप करती है तो वह उस समय सभी तनाव और चिंताओं को भूलकर खुद को सजाने सवांरने में लग जाती है जिससे वह संतुष्ट होती है, और अपने को बेहतर महसूस करती है, कहीं न कही यह मेकअप उसे स्वास्थ्य रहने व सफाई की ओर प्रेरित करता है। सुषमिता ने बताया कि रेज़ के दोनो प्रोडेक्ट नेचुरल है जो सभी तरह की त्वचा और आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बनाएं गये है, इसका लुक लग्जरी लगेगा। यह कम कीमत में बेहतर प्रोडेक्ट पेश करती है। इस अवसर पर शहर की कई ब्यूटिशियनस, माडल और अतिथि उपस्थित रहे।

## फिनो बैंक ने घरेलू बचत को बढ़ावा देने के लिए गुल्लक बचत खाते का अनावरण किया



**लखनऊ।** बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब ग्राहकों की बचत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, फिनो बैंक ने आज गुल्लक नामक एक नया बचत खाता का अनावरण करने की घोषणा की है, जो ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई लाभ प्रदान करता है और उनकी बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है।कोई भी व्यक्ति फिनो बैंक के उत्तर प्रदेश राज्य में फैले लगभग 1.5 लाख मर्चेंट पॉइंट्स पर जाकर गुल्लक खाता खोल सकता है और इसके लाभों का आनंद ले सकता है। केवल 1000 रुपये के न्यूनतम बैलेंस के साथ, गुल्लक खाताधारक को कोई वार्षिक योजना शुल्क नहीं देना होगा, उन्हें नकद जमा करने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा, गैर-मेट्रो स्थानों में 7 मुफ्त एटीएम ट्रांजेक्शन का लाभ मिलेगा और रुपे डेबिट कार्ड पर विशेष ऑफ़र मिलेंगे।गुल्लक बचत खाता अनावरण करते हुए, फिनो पेमेंट्स बैंक के डिव्हिजनल हेड, मनीष द्विवेदी ने कहा, ÷ग्राहकों को भविष्य के खर्चों और किसी भी आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए नियोजित रक्कम तैयार करने के उद्देश्य से अधिक बचत की दिशा में प्रयास करना चाहिए, ताकि ऋण लेने की आवश्यकता से बचा जा सके। गुल्लक के साथ हमारा प्रयास है कि हम खाता धारकों में पहले बचत करने की प्रवृत्ति विकसित करें, जिसमें सुरक्षा और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित हो । अधिक जमा राशि से ग्राहकों को सालाना 7.75% तक की आकर्षक ब्याज दर मिल सकती है।

## सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने 3500 युवाओं को तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित कर 2024 प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने साल 2024 के सैमसंग इनोवेशन कैम्पस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत 3500 विद्यार्थियों को प्रमाणित करने का काम पूरा कर लिया है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस भारत सरकार की #SkillIndia और #DigitalIndia पहलों के अनुरूप है और इसका फोकस युवाओं की नौकरी करने की योग्यता को बढ़ाने पर है। इसके अंतर्गत उन्हें तकनीकी के अधिक मांग वाले क्षेत्रों जैसे कि एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और




कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किया जाता है। वर्ष 2024 में सैमसंग की प्रमुख सीएसआर पहल ने 3500 विद्यार्थियों को शामिल करते हुए अपनी पहुँच बढ़ाई, जबकि 2023 में 3000 विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया गया था। इसमें एसआईसी प्रमाणन के 12 इवेंट्स हुए थे, जिनका आयोजन उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हुआ था।

## शैल ओसवाल ने उर्वशी रौतेला के साथ रब्बा करे का अनावरण किया



अपने दिलों को थाम लीजिए क्योंकि शैल ओसवाल अपने नवीनतम टीज़र ड्रॉप, रब्बा करे के साथ आपको मंत्रमुग्ध करने वाले हैं! सीज़न का रोमांटिक एंथम बनने के लिए तैयार, यह ट्रैक शुद्ध संगीत जादू से कम कुछ नहीं वादा करता है। भावपूर्ण धुन और दिल को छू लेने वाले बोलों का एक स्वप्निल मिश्रण, रब्बा करे आपको इसके खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक गुनगुनाता रहेगा।

और इतना ही नहीं - म्यूज़िक वीडियो में चकाचौंध करने वाली उर्वशी रौतेला भी स्पॉटलाइट शेयर कर रही हैं, जो अपनी स्टार पावर और बेजोड़ ग्लैमर को स्क्रीन पर लेकर आ रही हैं।

हर गीत, हर नोट में वो भावनाएँ हैं जिन्हें हम अक्सर व्यक्त करने के लिए संघर्ष करते हैं। उर्वशी रौतेला के साथ मिलकर काम करना मेरे लिए एक अलग अनुभव रहा है और मैं इस सफ़र को सबके साथ साझा करने के लिए बेताब हूँ। मेरा मानना है कि रब्बाकारे इस सीज़न में दिलों को छू जाएगा और लोगों के दिलों में बस जाएगा÷ शैल ओसवाल कहते हैं।

उर्वशी रौतेला कहती हैं, रब्बा करे प्यार की एक खूबसूरत, भावपूर्ण यात्रा है जो अपनी धुन और गहरी भावनाओं से दिल को छू जाती है। शैल ओसवाल के साथ मिलकर काम करना वाकई एक बेहतरीन अनुभव रहा है, क्योंकि संगीत के प्रति उनका जुनून हर नोट में झलकता है।

## कॉम्विवा और एडब्लूएस मिलकर अगली जनरेशन के SaaS उत्पाद पेश करेंगे

**नई दिल्ली।** ग्राहक अनुभव और डेटा मोनेटाईज़ेशन सॉल्यूशंस में ग्लोबल लीडर, कॉम्विवा ने आज अमेज़न.कॉम कंपनी, अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) के साथ अपने गठबंधन की घोषणा की। एडब्लूएस द्वारा कॉम्विवा को क्लाउड-फर्स्ट, एआई-आधारित बिज़नेस स्ट्रेट्जी बनाने में मदद की जाएगी ताकि ज्यादा तीव्र 'टाईम टू मार्केट' एवं नॉन-लीनियर राजस्व वृद्धि हासिल हो सके। एडब्लूएस पर निर्मित कॉम्विवा द्वारा कम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाईडर्स (सीएसपी) को सॉफ्टवेयर-एज़-ए-सर्विस मॉडल की मदद से नैक्स्ट जनरेशन के सॉफ्टवेयर उत्पाद और प्लेटफॉर्म प्रदान किए जाएंगे। एडब्लूएस और कॉम्विवा प्रोडक्ट मॉडर्नाईज़ेशन, कंपीटेंसी डेवलपमेंट, कल्चर ट्रांसफॉर्मेशन, बिज़नेस ग्रोथ, और जनरेटिव एआई इनेबलमेंट जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। राजेश चंडीरमानी, चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, कॉम्विवा ने कहा, ''क्लाउड सॉल्यूशंस टेलीकॉम ऑपरेटर्स को नई रणनीतियों और बिज़नेस मॉडल्स को आजमाने का विशेष लाभ प्रदान करते हैं ताकि वो अपने व्यवसायिक मूल्य का निर्माण करने के लिए सबसे अच्छे मार्ग का निर्धारण कर सकें। एडब्लूएस के साथ हमारा रणनीतिक सहयोग व्यवसायों को इनोवेटिव, क्लाउड-नेटिव समाधान प्रदान करने के हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।'' उन्होंने आगे कहा, ''सास और एआई में एडब्लूएस की अतुलनीय क्षमताओं के साथ ग्राहक अनुभव और डेटा मोनेटाईज़ेशन में हमारी विशेषज्ञता द्वारा हम जोखिम कम करने, लागतों को ऑप्टिमाईज़ करने और पूरे विश्व में अपने ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार हैं।''

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवसः टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की पहल भारत के युवाओं के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देती है

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए प्रभावशाली पहल की श्रृंखला के जरिये भारत में कौशल की कमी को पाटने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कर्नाटक और पूरे भारत में आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के सशक्तिकरण पर मजबूत फोकस के साथ, टीकेएम के शैक्षिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रोज़गार के रास्ते बना रहे हैं जो आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत के औद्योगिक विकास में योगदान देते हैं।

टीकेएम के मिशन का एक प्रमुख स्तंभ टोयोटा तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (टीटीटीआई) है, जिसकी स्थापना 2007 में हुई थी। 15 वर्षों से अधिक समय से टीटीटीआई आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के युवाओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो ऑटोमोबाइल निर्माण में विशेषज्ञता रखता है। संस्थान एक कठोर तीन वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जो न केवल तकनीकी कौशल का निर्माण करता है बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। पाठ्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण, वैश्विक विनिर्माण प्रथाओं की गहरी समझ और शारीरिक व समुदाय-निर्माण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया जाता है। कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग को पूरा करने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए, टीकेएम ने हाल ही में टीटीटीआई की क्षमता को दोगुना करके 1,200 छात्रों तक कर दिया है।

कौशल भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, टीकेएम ने टोयोटा कौशल्या कार्यक्रम शुरू किया है, जो सीखें और कमाएँ मॉडल के तहत दो साल का कोर्स है। यह कार्यक्रम छात्रों को सीखने के दौरान आय अर्जित करने की अनुमति देकर टीटीटीआई की नियमित पेशकशों का पूरक है। इसमें कक्षा के ज्ञान को टोयोटा की सुविधाओं में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी यानी काम करते हुए प्रशिक्षण) के साथ जोड़ा गया है। ग्रामीण कर्नाटक के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए डिज़ाइन किया गया, कौशल्या कार्यक्रम छात्रों को आज के नौकरी बाजार में आवश्यक विशेष कौशल प्रदान करता है, उन्हें मूल्यवान उद्योग अनुभव प्रदान करता है और उनकी रोजगार क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। इसके अलावा, भविष्य के ऑटोमोटिव पेशेवरों को विकसित करने के लिए टीकेएम का समर्पण इसके टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) में स्पष्ट है।

## नेटफ्लिक्स के 'सिकंदर का मुकद्दर' ट्रेलर ने सस्पेंस बढ़ाया; फिल्म 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी




**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा, नीरज पांडे के 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, और तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण फ्राईडे स्टोरीटेलर्स ने किया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक हीरे की चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की दिलचस्प कहानी दिखाई गई है। लेकिन वो यह किस कीमत पर करता है? लगातार बढ़ते तनाव के बीच सवाल उठता हैः क्या तीनों संदिग्ध वास्तव में दोषी हैं, या फिर इस कहानी में कुछ और छिपा है, जो दिखाई नहीं दे रहा?

2008 में हीरे की एक प्रदर्शनी में चोरी होती है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी, जसविंदर सिंह (जिमी शेरगिल) अपनी तहकीकात अपनी मूलवृति के साथ तीन संदिग्धों - कामिनी सिंह (तमन्ना भाटिया), सिकंदर शर्मा (अविनाश तिवारी) और मंगेश देसाई (राजीव मेहता) पर केंद्रित रखकर शुरू करते हैं। जाँच आगे बढ़ने के साथ गुनाह और बेगुनाह के बीच की रेखाएं धुंधली होती जाती हैं और जसविंदर की तफ्तीश उनका जुनून बनती चली जाती है।

इस फिल्म के बारे में नीरज पांडे ने बताया कि वो एक जुनून और रहस्य की एक ऐसी कहानी बुनना चाहते थे, दो दर्शकों को रोमांचित कर दे। उन्होंने कहा, ''मैं एक स्टोरीटेलर के रूप में हमेशा से एक रोमांचक, दिलचस्प और मनोरंजक कहानी पेश करना चाहता था। सिकंदर का मुकद्दर वही कहानी है। इस फिल्म के निर्देशन का अनुभव अच्छा था, और कलाकारों ने पूरी तत्परता के साथ अपने किरदार निभाए।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुरू किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**लखनऊ।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक आज से विजिलेंस अवेयरनेस वीक मना रहा है। 16 नवम्बर तक चलने इस वीक के दौरान बैंक का उद्देश्य अपने कर्मचारियों को सतर्क रहने के महत्व पर जागरूक करना और उनके बीच बैंकिंग के नैतिकतापूर्ण अभ्यासों को बढ़ावा देना है। इस साल अपने कर्मचारियों के लिये बैंक का कैम्पेन ''वाच आउट फॉर ईच अदर'' पारस्परिक सतर्कता के महत्व पर जोर दे रहा है और यह भारत सरकार की थीम ''देश की समृद्धि के लिये ईमानदारी आधारित बैंकिंग की संस्कृति'' से भी मेल खाता है। कर्नाटक सरकार में पुलिस महानिदेशक- सीआईडी, आईपीएस डॉ. एम. ए. सलीम ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलन करते हुए आयोजन का उद्घाटन किया और फिर प्रमुख भाषण दिया। डॉ. सलीम ने बताया कि लोगों की ईमानदारी ही संस्थानों की ईमानदारी का आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बैंक कर्मचारियों को ग्राहक के धन के प्रबंधन में कभी भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और चेतावनी दी कि धोखाधड़ी में बैंक कर्मियों की मिलीभगत होने पर बैंक को आर्थिक जवाबदेही का सामना करना पड़ेगा। उनके साथ अन्य पदाधिकारियों में बैंक के बोर्ड की अंकेक्षण समिति की स्वतंत्र निदेशक एवं चेयरपर्सन सुधा सुरेश, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संजीव नौटियाल, पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक कैरोल फुर्टाडो और चीफ विजिलेंस ऑफीसर जॉन क्रिस्टी शामिल थे।



## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया 'स्वर्णकृति'

**लखनऊ।** दुनिया की सबसे बड़ी गोल्ड एंड डायमंड रिटेल चेन में से एक एवं जिम्मेदार ज्वेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपना नया एक्सक्लूसिव कलेक्शन स्वर्णकृति पेश किया है। इस क्लासिक क्यूरेशन को बेहद कुशल कारीगरों ने तैयार किया है, जिसमें भारत की समृद्ध विरासत और समकालीन डिजाइनों की साथ-साथ सुंदर झलक मिलती है। स्वर्णकृति उन महिलाओं को समर्पित है, जो परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाते हुए टाइमलेस एलीगेंस व शक्ति की




प्रतीक बनी हुई हैं। इस कलेक्शन के हर आभूषण को सावधानी के साथ हाथों से तैयार किया गया है, जिनमें जटिल पैटर्न, नाजुक फिलिग्री और ऑर्नेट डिटेल्स हैं, जो भारत की गौरवशाली विरासत के बारे में बताते हैं। मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने लॉन्च के अवसर पर कहा, स्वर्णकृति के साथ हम न सिर्फ सोने की हैंडक्राफ्टेड ज्वेलरी की सुंदरता को सामने ला रहे हैं, बल्कि इस कलेक्शन के हर आभूषण में विरासत और भव्यता की झलक है। यह गुणवत्ता, पारदर्शिता और मूल्य के हमारे वादे पर खरा उतरता है, जिनके चलते मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स पर ग्राहकों का भरोसा बना हुआ है।

## डेंज़ल वॉशिंगटन ने ग्लैडिएटर द्वद्ध में मैक्रिनस की भूमिका को लेकर खुलकर बात की, जो सत्ता से प्रेरित एक करिश्माई मंगोलियन की कहानी है

डेंज़ल वाशिंगटन, जिनकी अदाकारी में गहराई और दमदार उपस्थिति की ताकत है, हर भूमिका को जीवंत बना देते हैं। उनका करिश्माई अंदाज और दृढ़ता से भरा अभिनय स्क्रीन पर ऐसा प्रभाव डालता है कि हर सीन में वह छा जाते हैं। ग्लैडिएटर II में, वाशिंगटन मैक्रिनस का किरदार निभा रहे हैं, जो महत्वाकांक्षा और शक्ति की भूख को दर्शाता है। इस किरदार में वह सत्ता की नई परिभाषा पेश करते हैं, जो दर्शकों को उनकी दुनिया में खींच लेती है। मैक्रिनस के रूप में वह एक ऐसा शख्स बनते हैं, जो न केवल अपने साम्राज्य को खुद स्थापित करता है, बल्कि अपने खुद के नियम भी तय करता है। इस ऐतिहासिक सीक्वल का हिस्सा बनने के अनुभव के बारे में डेंज़ल वाशिंगटन के विचार क्या हैं?

वॉशिंगटन बताते हैं कि मैक्रिनस एक ऐसा व्यक्ति है जो कई भाषाओं में माहिर और रोम का शायद सबसे अमीर इंसान है। वह कहते हैं, आजकल जैसे अमीर लोग घुड़दौड़ के घोड़े पालते हैं, मैक्रिनस के पास ग्लैडिएटर्स का पूरा समूह है। जब वह लूसियस को अपने इस समूह में



शामिल करता है, तो उसके मन में एक बड़ा लक्ष्य होता है। लूसियस एक जन्मजात नेता और महान योद्धा हैं, जो उसे मैक्रिनस के लिए कई तरह से महत्वपूर्ण बनाता है। लेकिन क्रोध को वह अपने लिए खतरा मानता है, क्योंकि यह एक कमजोरी है। मैक्रिनस कभी अपना नियंत्रण नहीं खोना चाहता। वह सम्राट बनने में रुचि नहीं रखता; वह सम्राट को नियंत्रित करना चाहता है। सत्ता उसके लिए एक नशा है, और एक बार इसका स्वाद चख लेने के बाद, वह और भी अधिक चाहता है। उसे वास्तव में किसी की परवाह नहीं होती, वह सिर्फ लोगों का इस्तेमाल करता है। अगर कोई उसे और ज्यादा ताकतवर नहीं बना सकता, तो वह उनमें कोई दिलचस्पी नहीं रखता।

वाशिंगटन, जो कई पुरस्कार विजेता फिल्मों में काम कर चुके हैं, ग्लैडिएटर II" को अपनी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मानते हैं। वे कहते हैं, यह फिल्म बहुत बड़ी है - जैसे सेसिल बी. डेमिले की क्लासिक फिल्मों को स्टेरॉयड्स पर डाल दिया हो। इस फिल्म में युद्ध के दृश्यों में रिडले (निर्देशक) के पास सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों लोग हैं। उसके पास 20 घोड़े नहीं, बल्कि 20 से भी ज्यादा हैं। जहां से भी आप इस फिल्म को देखना शुरू करेंगे, आप उसी दुनिया में डूब जाएंगे।

सेट पर खूबसूरत वेशभूषा, शानदार रंग, तलवारें, ढालें और हजारों सैनिकों के साथ होना मेरे लिए एक अलग ही अनुभव था।

## शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने लखनऊ से किया प्रस्थान

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विशाल खंड में आचार्य देव के निवास पर आयोजित दर्शन, दीक्षा एवं गोष्ठी के अंतिम दिन शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से मिलने वालों का तांता लगा रहा। भक्तगण एवं श्रोता गुरुदेव के आशीर्वाद के लिए सुबह से ही लाइन लगा कर खड़े रहे।

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने दर्शन, दीक्षा एवं धर्मसभा के अंतिम दिन एक बार फिर सनातन धर्म के विस्तार पर जोर दिया।

सनातन को विश्व का सबसे पुराना धर्म बताते हुए उसकी रक्षा उसके सम्मान में स्पष्ट भाषा में सनातनियों को आगे आने के लिए कहा। शंकराचार्य ने कहा कि भारत सनातनियों का देश है, अहिंसा परमोधर्मा पर चलने वाला देश है। सनातन धर्म आज का नहीं है। सनातन धर्म ने हर युग में एक मार्गदर्शक का काम किया है। हम सभी के पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य हिन्दू थे। यह हमारे ग्रंथों में अंकित है।




वामा ऐप के फाउंडर डा. ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने इस खास मौके पर कहा कि मुझे यह बताते हुए बेहद हर्ष हो रहा है कि लखनऊ में भक्तों का प्यार, सनातन के प्रति लोगों का झुकाव देख कर शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती महाराज जी अभिभूत हो गए हैं।

# मारुति सुज़ुकी ने लॉन्च की नई डिजायर

**नई दिल्ली।** कॉम्पेक्ट सेडान सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने आज, शानदार नई डिजायर को पेश किया है। मारुति सुज़ुकी के पोर्टफोलियो में सबसे सफल और प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक के रूप में, डिजायर ने देशभर में 27 लाख से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा हासिल किया है। शानदार नई डिजायर को इसकी विरासत और बेजोड़ स्टाइल, आराम और विश्वसनीयता की मजबूत नींव पर फिर से तैयार किया गया है।

नई डिजायर को पेश करते हुए, श्री हिसाशी ताकेउचि, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा मारुति सुज़ुकी डिजायर लंबे समय से कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में उत्कृष्टता की पहचान के रूप में खड़ी है, और ग्राहकों की पसंद ने इसे साल दर साल भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान कार बना दिया। प्रत्येक नई पीढ़ी के साथ, इसने बाजार में एक नई क्रांति पैदा




की है और ग्राहकों की अपेक्षाओं को नए ढंग से परिभाषित किया है। शानदार नई डिजायर स्टाइलिंग, परफॉर्मेंस, फीचर्स और सेफ्टी पर जोर देने के साथ स्थायी विरासत को मजबूत करने का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है। प्रोग्रेसिव स्लीक डिज़ाइन और आलीशान इंटीरियर्स के साथ नई डिजायर आज के महत्वाकांक्षी और सफल लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप है। इसके अलावा, एडवांस्ड जेड सीरीज इंजन इसे भारत की सबसे अधिक ईंधन कुशल सेडान बनाती है।

इस लॉन्च पर बोलते हुए, श्री पार्थो बनर्जी, सीनियर एक्ज़ीक्यूटिव ऑफसिर, मार्केटिंग एंड सेल्स, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा 27 लाख से ज्यादा ग्राहकों के भरोसे के साथ, मारुति सुज़ुकी डिजायर, 2007 में लॉन्च के बाद से अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान रही है। नई डिजायर युवा, महत्वाकांक्षी, थ्राइवर के लिए, जो अलग-अलग विकल्पों के साथ अपना एक अलग स्टेटमेंट बनाना चाहते हैं, विशेष रूप से तैयार किए गए अनुभव की पेशकश करने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण है। नई डिजायर में कई सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स हैं, जो इसे आधुनिकता और अत्याधुनिक तकनीक का एक आदर्श मिश्रण बनाते हैं।

## डंफर वाहन से 314 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप बरामद



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** डंफर वाहन से बिहार तस्करी को जा रही 314 पेटी अंग्रेजी शराब की खेप बरामद कर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश कर दिया। तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए। बरामद शराब की कीमत 17.50 लाख रुपए बताई जा रही है। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जटहां बाजार पुलिस ने एक डंफर ट्रक वाहन से तस्करी हेतु बिहार हेतु ले जा रही कुल 314 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (138 पेटी 8 पीएम प्रत्येक पेटी में 48 पाउच प्रत्येक 180 एमएल व 176 पेटी आफिसर च्वाइस प्रत्येक पेटी में 48 पाउच प्रत्येक 180 एमएल) बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत कुल 17 लाख 50 हजार बताई जा रही है, पुलिस वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। तस्कर भागने में सफल हो गए लेकिन पुलिस वाहन के नम्बर के आधार पर अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया है शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

## मेडिकल कालेज में भ्रष्टाचार के खिलाफ़ छात्र संघ का तीसरा दिन चला क्रमिक प्रदर्शन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिती के मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के अगुआई में मेडिकल कालेज देवरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ तीसरे दिन क्रमिक प्रदर्शन जारी रहा। सभा को संबोधित करते पूर्व छात्र संघ महामंत्री अमित पांडेय ने कहा कि देवरिया मेडिकल में अपरेशन के नाम पर डाक्टर मरीजों से धनुगाहि कर रहे हैं। आजाद हिन्द सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने अपना समर्थन देकर कहा की प्राचार्य का इस पर कोई अंकुश नहीं है। समय पर कोई डाक्टर नही आते हैं मरीज दूर दराज से आते हैं इलाज के लिए और उदासीन होकर। विवस और लाचारी की वजह से प्राइवेट नर्सिंग होम में अपना इलाज कराते हैं । कांग्रेस नेता नागेंद्र शुक्ल ने कहा कि मेडीकल कॉलेज के नाम पर यहां कोई सुविधा नहीं है। मोतियाबिंद के अप्रेशन के लिए मरीज महीनो से चक्कर लगाते हैं लेकीन मेडीकल कॉलेज में लेंस भी नही रहता है। शुक्ल ने कहा कि मेडीकल कॉलेज की इलाज व्यवस्था में बदलाव नही किया तो यह प्रदर्शन उग्र रूप धारण करेगी। मण्डल अध्यक्ष अरविंद गिरी ने कहा कि कुच वर्ष पूर्व यहां के प्रशासनिक अधिकारियों से हम लोगो का समझौता हुआ था की यहां की कार्यप्रणाली में सुधार किया जायेगा लेकीन कोई सुधार नहीं हुआ।इस दौरान। कांग्रेस नेता नागेंद्र शुक्ल, ऋषि पाण्डे, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निर्भय शाही,पुर्व अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, अरविंद गिरी, आशीष शुक्ल, मनीष चर्तुवेदी, देवेश मिश्र, जमालू अंसारी, नितेश पांडे,जयप्रकाष मिश्र, सतेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, प्रिंस तिवारी, अभिषेक चौरसिया, विनोद तिवारी, धर्मराज विश्वकर्मा, अश्वनी कुश्वाहा, दुर्गेश शुक्ला, सिवा मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## कलयुगी बेटे ने पिता को मारपीट कर किया घायल

**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** बिजली का बिल जमा करने को लेकर हुए विवाद में कलयुगी बेटे ने पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अधेड़ को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई है। मामला छतौना मरियानी गाँव का है, गाँव निवासी देवी प्रसाद गुप्ता 58 वर्ष का सोमवार की दोपहर बड़े बेटे से बिजली का बिल जमा करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि उसने लात घूंसों व डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, छोटे बेटे ने घायल पिता को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मारपीट में घायल व्यक्ति का सीएचसी में इलाज किया गया है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# सपा जिला कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक सपाईयों का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट से कलेक्ट्रेट परिसर के लिए सपा की नीतियों, सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं किसानों की समस्याओं को लेकर गगन भेदी नारे लगाते हुए पैदल कूच किया।

रास्ते से जगह-जगह पुलिस व्यवधान उत्पन्न करती रही लेकिन कार्यकर्ताओं के मनोबल के आगे पुलिस को मुंह की खानी पड़ी पूरा प्रशासन भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा था।सपा जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अगवाई में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर पहुंचने में कामयाब हो गये। सभी कार्यकर्ताओं के हाथ में पार्टी के झंडे व समस्याओं की इबारत लिखी तख्तिया प्रदर्शन में चार चांद लगा रही थी। पुलिस द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने के कारण कार्यकर्ताओं को चोटे भी आयी। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन धरने में परिवर्तित हो गया। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि उ0प्र0 की योगी सरकार किसान विरोधी है। रबी की बुवाई का समय चल रहा है। सरकारी एजेंसियों से लेकर प्राइवेट दुकानों तक डी0ए0पी0 और यूरिया खाद गायब है। घटिया किस्म की खाद महंगे दामों पर भाजपा से जुडे व्यापारी बेच रहे है। खाद, बीज, पानी आदि मांगने पर पुलिस लाठी का सहारा लेकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा रही है।11 सूत्री मांग पत्र जो जिलाधिकारी रायबरेली को सम्बोधित था जिलाधिकारी की ओर से एडीएम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव चौ0 मोहसिन, सुरेश पटेल, सुरजीत सिंह, मिश्री लाल चौधरी, ब्रजेन्द्र चौधरी, राकेश यादव, जीतेन्द्र सिंह, शिव बक्श यादव, मुशीर अहमद, योगेश्वर पटेल, पुत्तन सिंह यादव, जगदेव यादव, हसीन अहमद, जे0पी0 यादव, मो0 फीहम, डा0 जावेद, राजीव गौतम, रामनेवाज यादव, शिव दुलारी यादव, पूनम मौर्या, आशुतोष यादव, रेहान अहमद, मुनेश्वर पासी, दिनेश यादव, कृपाशंकर यादव, विन्देश्वरी पासी, रज्जू खान, मेहबान सिंह, राम बरन लोधी, सुरेश पासी, रमेश मौर्या, अविनाश यादव, राजेन्द्र यादव, समर बहादुर यादव, अरशद सुल्तान, मुशीर अहमद, नदीम कासिम, आशीष पटेल, देशराज यादव, आलोक यादव, आशीष कुमार यादव, जीतेन्द्र यादव, उदय सिंह, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला मौजूद रहे।

## फंदे से लटककर किशोरी ने दी जान, सुसाइड नोट बरामद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत राजापाकड़ मिश्रौली टोला में सोमवार की सुबह एक चौदह वर्षीय कक्षा नौ की छात्रा घर के कमरे में फंडा लगा आत्महत्या कर ली। मृतका ने सुसाइड नोट भी लिखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी भूखल वर्मा की चार पुत्रियां व दो पुत्र हैं। उनमें से दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। सोमवार को भूखल वर्मा की पत्नी एक विवाहित व एक अविवाहित पुत्री के साथ छत पर भोजन बना रही थी। भूखल व दोनों पुत्र गांव में थे। सबसे छोटी पुत्री अनुराधा उर्फ चुलबुली नीचे के कमरे में थी। भूखल की बड़ी पुत्री किसी कार्यवश नीचे आई तो कमरा बंद था। उसने दरवाजा खटखटाया लेकिन काफी देर तक प्रत्युत्तर नहीं मिला। कमरे में बने झरोखे से झांक कर देखा तो अनुराधा बरजा पर रखे बांस से लटक रहे गमछा के फंदे से झूला रही थी। शोर मचाने पर जुटे परिजनों ने किसी तरह भीतर से बंद दरवाजे को खोल अनुराधा को नीचे उतारा लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएचओ संजय कुमार, एसआई सभापति सिंह, कैलाश यादव, रणविजय सिंह, राहुल कुमार राय, एचसीपी अरविंद सिंह, बीपीओ योगेश कुशवाहा, महिला कांस्टेबल ज्योति झा आदि की टीम मौके पर पहुंची। जांच में सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें मृतका ने लिखा था कि वह अपनी मर्जी से मरने जा रही है, इसमें किसी स्वजन को परेशान न किया जाए। पुलिस ने पंचनामा बनवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु का कारण पता चलेगा।

# प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में देवरिया के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



- चार छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित
- डीएम ने किया सम्मानित दी शुभकामनाएं

**देवरिया।** शैक्षिक सत्र 2024-25 में बेसिक शिक्षा परिषद, जनपद देवरिया के छात्र छात्राओं ने विद्यालयी खेल-कूद प्रतियोगिताओं में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीते और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की है। आज जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने इन्हें सम्मानित करते हुए ट्रैकसूट और स्पाइक प्रदान किए तथा राष्ट्रीय स्तर पर सफल होने की शुभकामनाएं दीं। कम्पोजिट विद्यालय, नरायणपुर (तरकुलवां) की कक्षा-8 की छात्रा अंकिता प्रजापति ने वाराणसी में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुईं। उ.प्रा.वि., मठियां साहू (गौरी बाजार) के कक्षा-7 के छात्र अभिषेक कन्नौजिया ने लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीमिंग प्रतियोगिता में ड्राइविंग/वॉटर पोलो स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक जीते और राष्ट्रीय स्तर के लिए चुने गए। इसी विद्यालय की कक्षा-7 की छात्रा प्रिया चौहान ने लखनऊ में आयोजित स्वीमिंग प्रतियोगिता में ड्राइविंग/वॉटर पोलो स्पर्धा में चार स्वर्ण पदक हासिल किए और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुईं। उ.प्रा.वि., जगरनाथपुर (रुद्रपुर) की कक्षा-7 की छात्रा अनामिका प्रजापति ने मिर्जापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुईं। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, कोच अवधेश सिंह, देवानंद भारती, गंगतेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, और जिला व्यायाम शिक्षक संजय सिंह उपस्थित रहे।

# क्रॉप कटिंग कराकर डीएम ने परखी खरीफ फसल की उत्पादकता

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की देखरेख में तहसील सदर विकासखंड पडरौना के राजस्व ग्राम बलुचहां में सोमवार को किसान विवेक कुमार श्रीवास्तव के खेत में खरीफ फसल धान की उत्पादकता का वास्तविक स्थिति का आकलन करने हेतु क्रॉप कटिंग कराई गई।

इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध रैंडम नंबर के पश्चात चयनित गाटा संख्या के माध्यम से ग्राम के एक खेत में सम्बाहू त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत खरीफ फसल धान की कटाई हुई। जिलाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों से संवाद कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी प्रारंभ हो गई है।उन्होंने समस्त जनपद के कृषकों को शुभकामनाएं दी तथा अधिक अतिरिक्त उत्पादन को सरकारी धान क्रय केंद्र पर विक्रय करने का अनुरोध भी किया। जिलाधिकारी ने संबंधित समस्त अधिकारियों को प्राप्त आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे वास्तविक आंकड़े परिलक्षित हो सकें। वहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार शेष सभी चयनित रैंडम नंबर के गाटाओं को क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न कर विभाग को शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित करें। गौरतलब है कि क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारक को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है।

## फेकन्यूज के खिलाफ नमस्कार फाउंडेशन ने छेड़ा मुहिम



**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** नमस्कार फाउंडेशन ने फेक न्यूज और डिजीटल मीडिया साक्षरता विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय महाविद्यालय यात्रा की शुरूआत स्वामी विवेकानंद कोचिंग इंस्टिट्यूट भाटपार रानी से किया। कार्यक्रम प्रमुख उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि इस मुहिम के तहत 11 नंवबर से यह यात्रा शुरू होकर 30 नंवबर तक चलेगी इस दौरान बलिया, मऊ, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, जौनपुर, भदोही, वाराणसी, आर्यमगढ, कुशीनगर, गोरखपुर,अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज में समापन होगा। कार्यक्रम संयोजक नमस्कार फाउंडेशन के मीडिया इंचार्ज सुरज गुप्ता ने बताया कि इस दौरान वो 19 जनपदों के विश्वविद्यालय - महाविद्यालय में जाकर कुलपति - प्राचार्य - शिक्षक-विद्यार्थी-शिक्षाविदों से संवाद करेंगे और पूरे यात्रा के अनुभव व सुझाव की ड्राफ्टिंग करके संबंधित मंत्रालयों को साझा करके विनाशक फेक न्यूज के खिलाफ कठोर नियमावली हेतु आग्रह करेंगे। स्वामी विवेकानंद कोचिंग इंस्टिट्यूट के संचालक सौरभ सिंह कुशवाहा ने कहा की मौजूदा विश्व की सबसे ज्वलंत मुद्दों पर विद्यार्थियों की जागरूकता के लिए ऐसी यात्रा अपने आप में प्रेरक यात्रा है और समाज के विद्वत जनों को इस यात्रा में सहभागी होना चाहिए। इस दौरान अनुपम सिंह, सम्राट राय, शिवम सोनी, अभिषेक कुशवाहा, राकेश यादव, वैभव द्विवेदी, चौधरी अनुज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## धान के फसल के ढेर में पुरानी रंजिश के कारण अराजकतत्वों ने लगायी आग

अवधनामा संवाददाता

**ऊंचाहार।** कटी हुई धान के फसल के ढेर में पुरानी रंजिश के कारण अराजकतत्वों ने आग लगा दी, जिससे हजारों रुपये कीमत की धान की फसल जलकर राख हो गई, कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है, जिसमें दो लोगों को नामजद किया गया है। तहसील क्षेत्र के हटका गाँव की रहने वाली कंचन तिवारी का कहना है कि उसके धान की फसल के 16 ढेर लगे हुए थे, जिसमें आरोप है कि रविवार की रात गाँव के ही दो लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण उसमें आग लगा दी, जिससे सारे ढेर जलकर राख हो गये। पीड़ित महिला ने 80 हजार रुपये के नुकसान की आशंका जताते हुए सोमवार को सलोन कोतवाली में तहरीर दी है। सलोन कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराकर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामकोला चीनी मिल ने पेराई सत्र का किया आगाज

अवधनामा ब्यूरो



डोंगे में गन्ना डालते सांसद विजय कुमार दुबे व अन्य

- डोंगे में गन्ना डालकर मुख्य अतिथियों ने की शुरुआत

**कुशीनगर।** रामकोला नगर में स्थित त्रिवेणी ग्रुप की चीनी मिल ने सोमवार को पेराई सत्र की शुरुआत की। विधिवत पूजन-अर्चन के बाद सांसद विजय कुमार दुबे व रामकोला विधायक विनय प्रकाश ने मिल के डोंगे में गन्ना डाल पेराई सत्र की शुरुआत किया। पहले किसान के ट्रेलर तौल पर ड्राइवर को सम्मानित भी किया गया।

बता दें कि इस वर्ष जिले में किसानों के खेतों में गन्ने की फसल काफी अच्छी हुई है। लेकिन इस समय सिर्फ चार संचालित चीनी मिल में कोई अभी शुरू नही हुई। जिससे किसान खेतो को खाली करने के लिए क्रेशर पर औने पौने दाम देकर गिराने को विवश थे। वहीं रामकोला चीनी मिल के पेराई शुरू होने से इलाके के किसानों को काफी राहत मिली। चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ करने पहुंचे सांसद विजय दुबे ने कहा कि आज जिले का पहला चीनी मिल का शुभारंभ हुआ है। इस बार गन्ना किसानों की फसल बेहतर हुई। मिल ने जल्द पेराई शुरू की है जिससे किसानों को लाभ होगा। पूर्वर्ती सरकारों में गन्ना किसान परेशान रहते थे। एक साल की पेमेंट तीन साल लटक जाती थी पर हमारे मुख्यमंत्री योगी के निर्देशानुसार सभी मील समय से पेमेंट कर रही हैं। **मात्र चार चीनी मिले ही संचालित है-** गन्ना बाहुल्य इलाका होने के कारण कुशीनगर जिले में कभी 9 चीनी मिले हुआ करती थी। जिसके कारण इसे चीनी का कटोरा भी कहा जाता था। लेकिन 9 में 4 पहले ही बंद हो गई।

वही पिछले सत्र में किसानों का करोड़ों रूपये बकाए के साथ कप्तानगंज सुगर मिल पर भी ताला लग गया। इसलिए जिले में चल रही चीनी मिल पर जिम्मेदारी काफी बड़ी है। इस बार पेराई शुरू कर चीनी मिल ने किसानों को राहत दी।

## खाद की किल्लत को लेकर सपाइयों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** डीएपी उर्वरक की लगातार किल्लत व किसानो की समस्याओं को लेकर सपाइयों ने जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सोमवार को तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर समस्या के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार किसान विरोधी है सरकार नहीं चाहती कि किसान खुशहाल रहे रवि की फसलों की बुवाई के समय सरकारी गोदामों व सहकारी समीतियों पर ताला लगा है डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है।समय से बुवाई न होने पर उपज व आमदनी प्रभावित हो रही है।ऐसे में बाजारों में दुकानदार मनमाने ढंग से महंगे दामों पर डीएपी खाद बेच कर किसानो का शोषण कर रहे है।कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। कहा है कि एक सप्ताह में डीएपी खाद व उर्वरक उपलब्ध न होने की स्थिति में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता किसानो के साथ चक्का जाम करने को मजबूर होंगे ।इस मौके पर रामसुख मौर्या राजेश मिश्र हिमांशु प्रजापति मंजीत गौतम दानिश मनु पाल सीपी अजय सौरभ पीयूष मनीष अनिल यादव रजनीश पुनीत सिंह रंजीत आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में की गई कार्यकारिणी की घोषणा, सौंपी गई जिम्मेदारी

अवधनामा ब्यूरो



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव

- उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला इकाई कुशीनगर की बैठक
- 30 दिसंबर तक सदस्यता शुल्क जमाकर नवीनीकरण कराने की अपील

**कुशीनगर।** उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की कुशीनगर जिला इकाई की बैठक सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला सूचना कार्यालय में संपन्न हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व की कार्यवाही पर चर्चा करते हुए संगठन विस्तार, मजबूती व पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ चर्चा व जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक का संचालन जिला महासचिव संजय चाणक्य ने किया।

संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनता की आवाज को नौकरशाहों और सरकार तक पहुंचाने का काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। इसे श्रमजीवी पत्रकार कभी बर्दाश्त नही करेगा। उन्होंने कहा कहा कि पत्रकारों में आपसी फूट डलवाकर अधिकारी पत्रकारों को कमजोर करने का काम कर रहे हैं, लेकिन श्रमजीवी पत्रकार संगठन से जुड़े पत्रकार कमजोर नहीं है। संगठन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के निर्देश पर संगठन के महासचिव संजय चाणक्य ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। वरिष्ठ पत्रकार ज्योतिभान मिश्रा, एसएन शुक्ल, अजय मिश्रा व अनिल पाण्डेय को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि पवन मिश्रा को कोषाध्यक्ष व बीबी त्रिपाठी को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी कडी मे आदित्य श्रीवास्तव, शम्भू मिश्रा, परमेश्वर यादव व अजय त्रिपाठी को जिला सचिव और दीपक मिश्रा, अभय मिश्रा व रमन को उप जिला सचिव बनाया गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 10 दिसम्बर तक सभी पदाधिकारियों को जिले के समस्त तहसील का नए सिरे से गठन कर तहसील कार्यकारिणी की घोषणा करने का निर्देश दिया।

### विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

बैठक में नवनियुक्ति उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्रा, अनिल पाण्डेय, अजय मिश्रा ने प्रत्येक माह मासिक बैठक व संगठन की मजबूती पर जोर दिया। संगठन मंत्री बीबी त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष पवन मिश्रा 10 दिसम्बर तक सभी तहसील के गठन व 20 दिसम्बर तक सदस्यता शुल्क प्रदेश कार्यालय भेजकर समय से सदस्यों में आईकार्ड वितरण करने व खबरों को लेकर हो रहे पत्रकार उत्पीडन के मामले को गम्भीरता के मजबूती से आवाज बुलंद करने का सुझाव रखा। जिला सचिव आदित्य श्रीवास्तव, शम्भू मिश्रा, परमेश्वर यादव के अलावा अभय मिश्रा, एसबी सिंह व रमन आदि पत्रकारों ने संगठन के मजबूती, वास्तविक पत्रकारों को संगठन से जोडने व समय से सदस्यता शुल्क जमा करने के मुद्दे पर जोर दिया। संगठन के संरक्षक मिथिलेश्वर पाण्डेय ने 15 दिसम्बर तक प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न कराने की बात कही। वही सलाहकार समिति के वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश मणि त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा रखते यथाशीघ्र सभी तहसीलों में कार्यकारिणी गठन करने की बात कही।

## गोवंशों के संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

अवधनामा संवाददाता



- डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा भूसा पशु आहार स्वच्छ पेयजल शेड बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नवीन गौशालाओं के निर्माण कार्यो को लेकर समीक्षा किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको हैंड ओवर लेकर गोवंशों को संरक्षित कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत गो आश्रय स्थलों पर तिरपाल काऊ कोट बिछावन के लिए पराली तथा अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से समन्वय कर गौशालाओं पर पर्याप्त मात्रा में पराली भिजवाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से जनपद में संचालित सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहार भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही वहां पर गोवंशों हेतु पीने का स्वच्छ पानी एवं छांव की उचित व्यवस्था रहे जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनने की व्यवस्था है वहां पर अतिरिक्त शेड बनाया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि वह अपने गोवंशों को ना छोड़े यदि कोई गोवंश छोड़ने पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों के शतप्रतिशत ईयरटैगिंग करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सकों को नियमित गौशालाओं में जाकर बीमार गोवंशों की देखभाल व चिकित्सीय उपचार करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में रजिस्टरों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि जो भी अधिकारी गौशालाओं का निरीक्षण करने जाएं वह उसमें निरीक्षण टिप्पणी अवश्य अंकित करें एवं जो भी कमियां हैं उसका सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सेल्फी जनर्लिज्म का अब चल रहा है दौर

- चुनौतियों से भरी है आजकी पत्रकारिता : अशोक साहू
- सत्ता और पत्रकारिता का साथ संभव नहीं : राजखन्ना



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आदर्श मैरिज लॉन में रविवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका विषय था पत्रकार एवं पत्रकारित। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य और देशबंधु दिल्ली के कार्यकारी संपादक जयशंकर गुप्ता पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं इतिहासकार राज खन्ना ने किया और विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ यूएनआई के राज्य प्रभारी अशोक साहू रहे।पत्रकारों से मुखातिब मुख्य अतिथि जयशंकर गुप्ता ने कहा कि आजकी पत्रकारिता चुनौती है। अब सेल्फी जलनिज्म का दौर चल रहा है। सत्तापक्ष के विरुद्ध लिखने पर विपक्षी पार्टी का एजेंट कहा जाता है और विपक्ष के विरुद्ध लिखने पर सत्ता का एजेंट कहा जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार को सत्ता का दलाल नहीं होना चाहिए, उस पर उन्होंने अपना एक उदाहरण भी साझा किया। श्री गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में जहां पत्रकारिता कारपोरेट हो गई है वहीं चैनल आदि प्लेटफार्म पर संप्रदायिक जहर घोला और परोसा जा रहा है। अर्थ व्यवस्था कहा पहुंच गई है उससे आम आदमी को सरोकार नहीं रह गया है। उन्होंने समाज में महिलाए किस हाशिए पर पहुंच गई हैं इस पर भी चर्चा किया और अपना उदाहरण बताया, जहां उनकी आंखे तक छलक गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं इतिहासकार राज खन्ना ने कहा कि सत्ता और पत्रकारिता का साथ संभव नहीं है। पत्रकारिता का आज वो दौर है जिसे अंदर से भी खतरा और बाहर से भी खतरा है। अगर सत्ता नाराज होती है मुकदमे लाद कर जेल भेज देती है और विपक्ष भी सवाल सुनने को तैयार नहीं। विपक्ष सवाल करने पर जाति पूछता है, पिटाई करता है। उन्होंने ये भी कहा कि सत्य भी बट गया, मेरे लिए जो सत्य है आपके लिए वो सत्य नहीं है। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के यूएनआई प्रभारी अशोक साहू ने कहा कि वर्तमान समय की पत्रकारिता चुनौतियों से भरी है। कल संसाधन कम थे लेकिन कल के मुकाबले आज सनसाधन अधिक है। लेकिन लोगों को अब खबरों पर विश्वास नहीं रहा। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार रमाकांत बरनवाल, राजेंद्र यादव, कलीम खान एवं सत्य प्रकाश श्रीवास्तव को पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने में अहर्निश तत्परता के लिए अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष दर्शन साहू, महामंत्री संतोष यादव, वरिष्ठ पत्रकार केके तिवारी, डॉ0 अवधेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा,नीरज श्रीवास्तव, डॉ आरके सिंह, राजेश मिश्र, योगेश यादव, निसार अहमद, अनिरुद्ध चौरसिया, जय प्रकाश, नितेन विश्वास, असगर नकी, राम लखन मौर्य, राजबहादुर यादव, धर्मराज दूबे, संतोष मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, पवन दूबे, सरफराज अहमद, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। एवं आभार जिलाध्यक्ष ने व्यक्त किया।

## जनपद सुलतानपुर निवासी डॉ. अभिषेक सोनी ने विदेशों में लहराया परचम

**सुलतानपुर।** अगर इंसान को कुछ कर गुजरने की लालसा हो तो, कुछ भी असंभव नहीं होता है।इस बात को साबित किया शहर के दरियापुर निवासी अशोक सोनी के बड़े सुपुत्र डा अभिषेक सोनी ने, जो शुरू से ही पढाई में सबसे आगे रहा है।अभिषेक ने अपने माता पिता एवं गुरूजनो के मान सम्मान को सबसे पहले रखा जिसका परिणाम यह है की आज डा अभिषेक सोनी कनाडा देश में यू बी सी में वैज्ञानिक के पद पर रहते हुए अपशिष्ट कार्बन डाई आक्साइड को ईंधन और शर्करा जैसे रसायनों मे परिवर्तित करने के लिए एक उपकरण का अविष्कार किया।जो अपशिष्ट उष्मा को बिजली मे परिवर्तित करता है, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में उपनिवेशीकरण के लिए मंगल पर इसकी प्रयोज्यता को दर्शाता है। इसके अगले चरण में डा अभिषेक सोनी ने चटटानो से हाइड्रोजन उत्पादन पर काम करने के लिए एक शोध के लिए वैज्ञानिक के तौर पर अमेरिका की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी एम आई टी मे भी अपने रिसर्च को करने वाले है।

# सड़कों पर उतरे अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध प्रकट किया

- पुलिसबल होने के कारण अधिवक्तागण जाम लगाने में हुये असफल
- राष्ट्रपति के नाम एस.डी.एम को ज्ञापन सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** जिला जज गाजियाबाद के विरूद्ध अब तक कोई कार्यवाही न होने से गाजियाबाद वार के समर्थन में सोमवार को हरिओम यादव वार अध्यक्ष के नेतृत्व आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर सडकों पर जलूस निकाला। नारेबाजी कर रहे अधिवक्ताओं ने सड़क जाम करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस बल की चौकसी होने के कारण जाम नहीं लग सका। अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके उपरान्त राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम शिकोहाबाद को दिया। वक्ताओं ने कहा 29 अक्टुवर को जिला जज गाजियाबाद ने निहत्थे अधिवक्ताओं को पुलिस व्दारा कोर्ट रुम में पिटवाया था इस घटना से प्रदेश भर के अधिवक्ता आक्रोशित है गाजियाबाद में अधिवक्ताओं लगातार धरना-प्रदर्शन चल रहा है लेकिन आज तक न तो जिला जज के विरुद्ध कोई कार्यवाही हुई और न ही जिम्मेदार पुलिस आफीसर के विरूद्ध कोई कार्यवाही हुई। यह खेद का विषय है। न्यायिक अधिकारी न्याय देने के वजाय जब अधिवक्ताओ पर पुलिस लाठी की वर्षा करवा रहे हैं तो न्याय की कल्पना कैसे की जा सकती है। इस मौके पर हरिओम यादव, उम्मेद बाबू, अशोक कुमार, राहुल यादव, कपिल श्रीवास्तव, शिवकुमार शर्मा, के0पी0 सिंह, विनय, गोरव, विनोद कुमार, श्यामबाबू, सुभाष चंद्र, दिनेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, जय कुमार, कमलेश राजपूत, पंकज वघेल, सर्वेश, सोमेन्द्र वघेल, कमलेश, रक्षपाल सिंह, अनुज, कृष्ण औतर यादव, अनिल, रामभरत, महेश कुलश्रेष्ठ, अखिलेश यादव, आलोक श्रीवास्तव, नीरु यादव, रामकिशोर राजपूत, राजेश, सुनील श्रीवास्तव, ब्रजेश चन्द्र, गिर्राज सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन के विरुद्ध संचालित हुआ प्रवर्तन अभियान



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश के आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी व उप आबकारी आयुक्त, देवीपाटन प्रभार, गोण्डा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक एवं जिला आबकारी अधिकारी बहराइच के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद बहराइच के आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार क्षेत्र 6 मिहींपुरवा, विमल मोहन वर्मा आबकारी निरीक्षक नानपारा द्वारा मय स्टाफ अमित कुमार, पवन कुमार, सोनू कुमार द्वारा तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत राजापुर कतर्निया गांव के निकट स्थित कतर्निया झील के अंदर बने टापू पर अवैध शराब बनाने के अड्डों को ड्रोन कैमरे की सहायता से चिह्नित करके शराब बनाने के अड्डों को नष्ट किया गया। मौके पर बरामद लहन लगभग 1000 किलोग्राम को नष्ट किया गया। शराब बनाने के अड्डे से एक ब्लैडर ट्यूब में बरामद शराब लगभग 40 लीटर को कब्जे में लिया गया व आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

### खराब प्रगति के लिए 03 सचिवों को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

**बहराइच।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकासपरक योजनाओं की समीक्षा हेतु विकास खण्ड मुख्यालय पयागपुर में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने मानक से कम प्रगति पाये जाने पर ब्लाक के तीन सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा खण्ड विकास अधिकारी व ब्लाक मिशन मैनेजर (रा.आ.मि.) को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में अपेक्षानुरूप प्रगति में सुधार लाये जाने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग, फैमिली आईडी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज़-2 तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बैंक क्रेडिट लिंकेज आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति के संबंध में गहन समीक्षा की गई। ब्लाक के सबसे निम्न प्रगति वाले तीन सचिवों क्रमशः जगजीत पटेल, संजीत कुमार व दयानन्द को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ ही ब्लाक मिशन मैनेजर अतुल सिंह व बीडीओ दीपेन्द्र पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को मिले टैबलेट



**सुल्तानपुर/अमेठी।** सोमवार को राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आरआरएसआईएमटी) में पास आउट बैच 2023-24 के छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत यूपी सरकार द्वारा दिए गए टैबलेट बांटे गए। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह टेबलेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए और इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को टैबलेट के उपयोग से अपने ज्ञान में वृद्धि करने में सहायता मिलती है। सरकार का लक्ष्य है कि हर युवा आईटी के उपयोग से अच्छा करियर बना सकें। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रेनू मौर्य ने बताया कि कुल उपस्थित 63 छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया है।

### टैक्सी चालकों ने स्टैंड ठेकेदारों की मनमानी वसूली के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन

**सुलतानपुर।** ग्रामीणांचल से चलकर नगर पहुंचते ही टैक्सी स्टैंड पर दबंगों द्वारा अवैध वसूली शुरू कर दी जाती है,जिसके खिलाफ टैक्सी चालक लाम बंद हो गए।टैक्सी चालकों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की,साथ में ज्ञापन भी सौंपा।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया संस्थापक दत्तोपंत ठेगड़ी का जन्म दिवस

**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के पयागीपुर स्थित आर. डीएम.पब्लिक स्कूल में भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेगड़ी के जन्म दिवस पर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वी.सी. शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने करते हुए कहा संगठन दृण इच्छा शक्ति के बल पर एवं संवेदनशीलता पर चलता है, संख्या बल ही हमारी ताकत है। दीपक मिश्रा जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ ने कहा दत्तोपंत ठेगड़ी का जन्म 10 नवम्बर 1920 में महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी गाँव में हुआ था, उनके मन में बाल्यावस्था से देश के गरीबों एवं मजदूरों के लिए कुछ करने का जज्बा था, इसी कारण भारतवासी उन्हे राष्ट्र ऋषि की संज्ञा देते है। ठेगड़ी जी कहते थे मजदूर हकों का पैसा खाने वाला बरबाद हो जाता है। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक से लेकर देश के कई प्रांतो में विस्तारक के दायित्व पर रहे हैं। मौजूदा समय में इनके द्वारा बनाये गये संगठन भारतीय मजदूर संघ दुनिया में चीन को पछाड़ते हुए मजदूरों का पहले नम्बर का संगठन बन गया है।

### मत्स्य पालन पट्टा शिविर 20 नवम्बर को

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी, सदर ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों, उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों एवं शासनादेशों के अनुसार 20/11/2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सदर फिरोजाबाद के सभागार में निम्नलिखित तालाबों पोखरों का मलय पालन पट्टा/आवंटन करने हेतु शिविर मुख्यालय आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शासनादेशानुसार निम्नलिखित ग्रामों का दस वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन करने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिन-जिन तालाबों/ पोखरों/गडदों हेतु एक से अधिक पात्र व्यक्ति आयेंगे उन तालाबों के तालाबों/पोखरों/गडढ़ों का पट्टा/आवंटन की कार्यवाही नीलामी के माध्यम से की जायेगी। नीलामी की दशा में अधिकतम बोली दाता को अपनी बोली का 1/4 धनराशि तत्काल जमा करानी होगी, अन्यथा की दशा में उसकी जमानत धनराशि राजकीय कोष में जमा कर दी जायेगी। 02 हेक्टेयर से बडे तालाबों का पट्टा आवंटन पंजीकृत मछुआ समुदाय की सहकारी समिति को किया जायेगा। शिविर में आवेदन पत्रों एवं प्रार्थना पत्रों के साथ आय-जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# 'माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी' ने भारत एक्सपो इंटरनेशनल एजुकेशन नोएडा फेयर में प्रतिभाग लिया



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नोएडा में 3 दिवसीय भारत एक्सपो इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर का शुभारंभ हुआ ,जिसमें देश विदेश से टॉप क्लास यूनिवर्सिटी ने भाग लिया है ,इसी क्रम में उत्तराखंड के भीमताल स्थित 'माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी' ने भी फेयर में प्रतिभाग लिया है ,फेयर में यूनिवर्सिटी के स्पॉट पर स्टूडेंट्स की बहुत ज्यादा भीड़ रही , विश्विद्यालय की कुलपति डॉ स्वेता भोंसले ने पत्रकार वार्ता में बताया कि माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी अपने स्टूडेंट्स को कई विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम प्रदान कर रही है ,आज इंजियनियरिंग क्षेत्र में ।प् के ब्राइट फ्यूचर को देखते हुए विश्विद्यालय ने इसे प्रारंभ कर दिया है ,विश्विद्यालय में विश्वस्तरीय छात्रवास ,हाईटेक क्लासरूम ,प्रयोगशालाएं तथा बृहद पुस्तकालय हैं।विश्वविद्यालय के वोकेशनल एंड स्किल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर श्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि डच्न् ने पैरामेडिकल ,होटल मैनेजमेंट तथा कई क्षेत्रों में वोकेशनल कोर्स प्रारम्भ कर दिए हैं जहाँ स्टूडेंट्स अपना स्वर्णिम भविष्य तय कर सकते हैं। फेयर में विश्विद्यालय के चांसलर योगेश यादव यूनिवर्सिटी स्पॉट पर मौजूद रहे ,योगेश यादव के फेयर में मौजूदगी का पता जब उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को लगा तो वो खुद माइंड पॉवर यूनिवर्सिटी के स्पॉट पर पहुँचे तथा विश्विद्यालय के चांसलर योगेश यादव से मुलाकात करके उन्हें अच्छी शिक्षा पद्धति को बढ़ावा देने के लिये धन्यवाद दिया। विदित है कि योगेश यादव भारत में सबसे युवा चांसलर के तौर पर प्रसिद्ध हैं।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर टकराया नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन से टकराने से मौत

**टूंडला।** दिल्ली रेलखंड पर नॉर्थ ईस्ट एक्प्रेस से चमरौला स्टेशन के निकट एक मोर टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। आरपीएफ के जवानों ने उक्त मोर को वन विभाग के सुपर्द कर दिया। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से चमरोला स्टेशन पर मोर टकरा गया है जो इंजन के कैटल गार्ड में फंस गया था। गाड़ी खड़ी कर मोर को इंजन से निकाला गया तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। सूचनाकर वन विभाग के लोगों को बुलाया गया। आरपीएफ के कांस्टेबल गिरजेश कुमार ने उक्त मोर को वन विभाग के वनरक्षक विमल द्विवेदी को सुपर्द कर दिया।

### धनपत गंज ब्लॉक परिसर बना रणक्षेत्र



**सुल्तानपुर,धनपतगंज।** जनपद की धनपतगंज ब्लॉक में पूर्व ब्लाक प्रमुख मोनू से कोतवाल व बीडीओ की हॉट टॉक हो गई।समय से पहले बैठक में कार्यवाही का आरोप लगाते हुए समर्थकों के साथ खंड विकास अधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक धनपतगंज राम आशीष उपाध्याय से धक्का मुक्की की। सदन की बैठक जल्दी खत्म होने को मुद्दा बनाकर पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू ने परिसर में जमकर हंगामा किया। धनपतगंज ब्लाक का माहौल गरमा गया।धनपतगंज में क्षेत्र पंचायत बैठक के बाद जमकर हुआ हंगामा।धनपतगंज कोतवाल राम आशीष उपाध्याय से पूर्व प्रमुख की तीखी नोंकझोंक तथा धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस कर्मियों से मोनू व उनके समर्थक भिड़ गए।ब्लॉक परिसर में अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया। एसपी सोमेन बर्मा बोले उक्त मामले में सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### ओपन नेशनल आर्म बॉक्सिंग के खिलाड़ी हुए सम्मानित

**सुल्तानपुर,भदैया।** कोतवाली देहात थाना परिसर में ओपन नेशनल आर्म बॉक्सिंग के राष्ट्रिय खिलाड़ियों को थाना अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने सम्मानित किया। 18 से 20 अक्टूबर 2024 को चौक स्टेडियम लखनऊ में संपन्न हुई राष्ट्रीय आर्म बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जनपद सुल्तानपुर से सात खिलाड़ियों ने मैडल जीत कर जिले का नाम रौशन किया हैं। जिसमे सब जूनियर केटेगरी में मो. रेहान 56 किग्रा और राहिल खान 52 किग्रा में गोल्ड मैडल, प्राप्त किए हैं। इसके अलावा मो. उज़ैर (-48 किग्रा ), नूर मोहम्मद ((25 किग्रा ), गुल मोहम्मद (-32 किग्रा ), निहाल खान (-36 किग्रा ), और ताज मोहम्मद (-44 किग्रा ) में सिल्वर मैडल जीत कर सुल्तानपुर जिले का नाम रौशन किया। सभी खिलाड़ियों को कोतवाली देहात सुल्तानपुर के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुमार सिंह ने मैडल और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया।

# जैन समाज के लोगों ने निकाली भगवान की भव्य शोभायात्रा



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान जन्म कल्याणक के अवसर पर जिन भक्तों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में जिनभक्तो ने भाग लिया।

रथायात्रा नगर के एटारोड स्थित शांतिनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई जो सुभाष चौराहा, सब्जी मंडी, भारत माता चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, रामलीला मैदान, मैन बाजार होते हुए दीपा का चौराहा पहुंची। जहां से वापस उसी मार्ग से मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। रथयात्रा में साथ चल रहे ढोल नगाड़ों पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। रथयात्रा में पांच झांकी, छह घोड़ा गाड़ी, दो बैंड और एक हल्ला गाड़ी साथ चल रही थी। पांडेय जयंत जैन ने बताया कि पंचकल्याणक में तीर्थंकरों के जीवन के पांच कल्याणों को दिखाया जाता है, जिसमें गर्भ कल्याणक, जन्मकल्याणक, तपकल्याणक, ज्ञानकल्याणक और मोक्षकल्याणक हैं। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा उत्सव जैन समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। यह पंच कल्याणक महोत्सव 14 नवंबर तक चलेगा। रथयात्रा में प्रवीन जैन, देवेंद्र जैन, चेतन जैन, पांडेय जयंत जैन, अग्रज जैन, विशाल जैन, प्रमोद जैन, सचिन जैन निकुंज, अनिल जैन, रोबिन जैन, विकास जैन, विनोद जैन, नितिन जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद- लखीमपुर-खीरी

पत्रांक - 637/न0पं0नि0/नि0सू0-15वां/2024-25, दिनांक- 09.11.2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई -टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक-18.11.2024 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 12.11.2024 से दिनांक-18.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत- निघासन**
**जनपद- लखीमपुर-खीरी**



## कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 758/एस0बी0एम0/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 09/11/2024

**-: पुनः ई-निविदा सूचना :-**

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर निगम फिरोजाबाद में आई0ई0सी0 गतिविधियों हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में नागरिकों को जागरूक करने एवं शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर वॉल पेन्टिंग एवं वॉल राइटिंग कार्य 01 वर्ष ( 365 दिन) की अवधि तक अनुभवी फर्मो से कराये जाने हेतु ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/रामय | 12.11.2024, 01:00 PM |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 12.11.2024, 01:00 PM |
| 3. | निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 23.11.2024, 03:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 23.11.2024, 04:00PM |
| 5. | Financial Bid opening | After Approval, the Technical Bid |

नोटः- शेष नियम व शर्तें www.etender.up.nic.in एवं https//:etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**जोनल सैनेटरी ऑफीसर**
**नगर निगम फिरोजाबाद**


# उपायुक्त राज्यकर ने छविगृह स्वामियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** उपायुक्त प्रशासन राज्यकर बहराइच चन्द्रकेश गौतम ने बताया कि बहराइच के एकल छविगृह/मल्टीप्लेक्स छविगृह स्वामियों के साथ कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई समेकित प्रोत्साहन योजना-2024 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। छविगृह स्वामियों को बताया गया कि प्रदेश में बन्द सिनेमाघरों को पुनः संचालित कराने, संचालित सिनेमाघरों का पुनर्निर्माण/रिमॉडल करवाने, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में यथाशीघ्र मल्टीप्लेक्स खुलवाने तथा अन्य जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना-2024 लागू की गई है।

सहायक आयुक्त अजय कुमार वर्मा द्वारा छविगृह स्वामियों को समेकित प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने पर चित्रशाला सिनेमा स्वामी यशवेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि वह इस प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत अपने बन्द पड़े चित्रशाला थियेटर को तोड़कर उसके स्थान पर कामर्शियल कॉम्पलेक्स के साथ दो स्क्रीन मल्टीप्लेक्स का निर्माण करने के इच्छुक हैं। इसके लिए उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक में मौजूद सभी छविगृह स्वामियों एवं उनके प्रतिनिधियों का उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, बहराइच द्वारा आभार व्यक्त करते हुए मीटिंग समाप्त की गई।


## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **04.12.2024** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 12402024 दिनांक 08.11.2024 | |
| 2 | निविदा संख्या | 21/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 22/Sr.DEN-I/LKO/2024-25 | |
| 3 | कार्य का नाम | 1. लखनऊ : सहायक मण्डल इंजीनियर / मुख्यालय / लखनऊ के अधीन वरि0 खण्ड अभियन्ता / कार्य / चारबाग के अनुभाग में चारबाग स्टेशन के प्रथम श्रेणी नए एफओबी द्वितीय श्रेणी एफओबी और लगेज सब–वे पर पेंटिंग और अन्य विविध कार्य यानी क्षतिग्रस्त सुरक्षा स्क्रीन फर्श आदि की मरम्मत। | |
| | | 2. लखनऊ : सहायक मण्डल इंजीनियर / मुख्यालय / लखनऊ के अधीन वरि0 खण्ड अभियन्ता / कार्य / आलमबाग / पूर्व / लखनऊ के अनुभाग एनआरडीएच में डॉक्टर के चैंबर, पुरुष / महिला सर्जिकल वार्ड, ओपीडी क्षेत्र, पैथोलॉजी अनुभाग, ईएनटी अनुभाग, चिल्ड्रन वार्ड, फार्मेसी, इसके शौचालयों आदि सहित विभिन्न केबिनों की भारी मरम्मत। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 42,71,025.59 | |
| | | 2. Rs. 74,94,777.54 | |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 85,400.00 | |
| | | 2. Rs. 1,49,900.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 20.11.2024 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 04.12.2024 15:00 बजे | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3498/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बुंदेलखंड की शान हरे भरे पेड़ों के दुश्मन बने लकड़ी माफिया

- अंधाधुंध कटाई करके पर्यावरण व परिवेश के लिए बना खतरा
- पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से बारिश हुई कम, बढ़ रही बीमारियां

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** शासन द्वारा पर्यावरण को संरक्षण के लिए और जिले को हरा भरा बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती है। लेकिन वनाधिनियम का जिले में खुलेआम उल्लंघन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हरे भरे वनों की कटान बड़ी तेजी से की जा रही है। लेकिन अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए लकड़ी काटने वाली मशीन से लकड़ी माफ़ियाओ द्वारा दिन रात हरे भरे पेड़ो को काटकर जिले से अन्य जनपद में भेजकर चांदी काट शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे है।

ऐसा ही मामला जनपद के विकासखंड मुस्करा क्षेत्र में सामने आया है। जहां लकड़ी माफियाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से हरे भरे वनों को मिनटों में मशीन से काटकर ट्रैक्टर ट्राली में भरकर दिन रात विकास खण्ड के मुस्करा कस्बा व अन्य ग्रामीण क्षेत्रो के काट कर ग्राम बसवारी के पास, बड़े पैमाने पर लकड़ियों को डंप किया जाता है। और प्रत्येक दिवस 15 से 20 भारी भारी ट्रको में परिवहन कर लड़की भरकर जनपद से बाहर भेजी जा रही है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि एक दिन में कितने पेड़ो को नष्ट किया जा रहा है। और पूरे जनपद में बड़े पैमाने पर लकड़ी काटने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। लेकिन चन्द पैसों के लिए और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार का लक्ष्य और उद्देश्य, पूरा होता नही दिखाई दे रहा है। जिले के अधिकारियों का कहना है कि पेड़-पौधों को बचाने के साथ-साथ वन संपदा की सुरक्षा के लिए विभाग तत्परता से काम कर रहा है। और वन अधिनियम का उल्लंघन करने वालो पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। लेकिन एक लम्बे सिस्टम के चलते बीते एक साल से पेड़ो को काटकर मैदान बनाया जा रहा है। लेकिन कार्यवाही के नाम पर अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति करते नजर आ रहे हैं। प्रशासन लकड़ी व्यापारियों से सांठ गांठ के चलते यदि व्यापार इसी तरह से चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब घने जंगल बंजर भूमि में बदल जाएंगे।इस कटान को लेकर जनपद के समाजसेवियों व जागरूक लोगो ने कहा है कि शासन प्रशासन को चाहिए की जल्द से जल्द लकड़ी के अवैध कारोबार सहित दी गई लकड़ियों की छूट पर अंकुश लगाया जाए। और जो भी अधिकारी इसमें संलिप्त पाए जाते है तो उन अधिकारियो पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जा रहा प्रयास कितना सफल है। हरे पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें बंद किए बैठे हैं। सूचना देने के बाद भी थाना पुलिस और वन विभाग कार्यवाही करने को तैयार नहीं हैं। सूत्रों की माने तो स्थानीय प्रशासन लकड़ी माफियाओं से मोटी रकम वसूल रहे हैं। जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसके साथ साथ छूट पर काटी जा रही लकड़ी के पीछे रात के अंधेरे में प्रतिबंधित लकड़ी भी काटी जा रही है। जिसको रातों रात ट्रेको में भरकर अन्य जनपदों में भेज दी जाती है और आगे चलकर एक समय ऐसा आएगा जब हम सभी लोग ऑक्सीजन के सिलेंडर साथ में लेकर चलेंगे। पर्यावरण संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया है। निश्चित रूप से यदि जल्द से जल्द शासन प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। तो आने वाला समय हम सभी के लिए बहुत बड़ा संकट पैदा कर देगा। जनपद के स्थानीय लोगो व समाजसेवियों तथा जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी संबंधित अधिकारियों व शासन से अपील की है कि इस लकड़ी कटान को जल्द से जल्द बंद करा लकड़ी माफ़ियायो पर सख्त कार्यवाही कर पर्यावरण का संतुलन बनाने में मदद की जाय।इस संबंध में उपजिलाधिकारी मौदहा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारम्भ

**सोनभद्र।** परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय 29 वीं जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में हुई। जिसका शुभारंभ मुख्यअतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने किया। यहां पर जूनियर व प्राथमिक स्कूलों के बच्चों की अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के समापन में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से चयनित होकर आए बच्चों ने प्रतिभाग किया। जूनियर व प्राथमिक स्तर पर 200 से लेकर 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिसकस, जिमनास्टिक, कबड्डी, खो-खो, योग, वॉलीबाल, एकांकी, लोक नृत्य, समूह गान, अंताक्षरी आदि प्रतियोगितायें हुई। इस पूरे प्रतियोगिता में दसों विकास खंड के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता किया। जिसमें 19 क्रीड़ा व चार सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालीबाल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में विजेता बभनी व उप विजेता चोपन रही।

# उर्स के तीसरे दिन उमड़ा जायरीनों का सैलाब



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत बाबा निजामी का चार दिवसीय सालाना उर्स तीसरे दिन जायरीनों से खचाखच भरा रहा जिसमें तीसरे दिन कुरानख्वानी के साथ चादरपोशी व लंगर का सिलसिला दिन भर जारी रहा। वहीं देर रात आस्ताने में शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। क्षेत्र के कम्हरिया गांव स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हकीम अब्दुल्ला शाह बाबा निजामी र.अ. के 62वें सालाना उर्स के तीसरे दिन सुबह कुरानख्वानी हुई जिसके बाद दिन कम्हरिया में पांच जगहों पर दिनभर लंगर और चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। उर्स के तीसरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर पर माथा टेक दुआएं मांगते नजर आए। वहीं उर्स के दूसरे दिन देर रात तक कव्वालियों का आयोजन हुआ जिसमें हैदराबाद से आए कव्वाल शहंशाह खुशरू ब्रदर्स एवं रामपुर से आए राजा सरफराज खान ने शानदार कव्वालियां प्रस्तुत की। आज कुल के साथ चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन होगा। कमेटी द्वारा बाबा के दर को दुल्हन की तरह सजाया गया और मेले की सजावट आकर्षक का केंद्र रही।

# एनटीपीसी के 50 वर्षों की सफलता का जश्न: ममता शर्मा के जादू से झूमे दर्शक

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी के 50 वर्षों के जश्न के उपलक्ष्य में एनटीपीसी सिंगरौली में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड की चर्चित प्लेबैक सिंगर ममता शर्मा ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। ममता ने प्रसिद्ध हिंदी गानों पर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उनका हर गाना कार्यक्रम में विविध रंग भरने का काम कर रहा था, और दर्शक हर गीत के साथ झूम उठे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और एनटीपीसी गीत से हुई। इसके बाद गणपति वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आगाज हुआ। तत्पश्चात् मुंबई से आए सिंगर प्रज्योत सिंह ने अपने लोकप्रिय गानों ÷दिल से रे÷ और ÷तू जो मिला÷ से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद स्थानीय कलाकार साहिल मिश्र ने शंकर महादेवन द्वारा कंपोज़ किए गए गाने ÷मितवा कहे धड़कने तुझसे क्या?÷ का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे श्रोताओं से अपार सराहना मिली। कार्यक्रम में ममता शर्मा ने नए-पुराने कई लोकप्रिय गाने गाए जिसने समूचे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मौजूद आम दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी की 50 वर्षों की सफलता को धूमधाम से मनाते हुए सांस्कृतिक विविधता और ऊर्जा के उत्साह को दर्शाया गया। परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने अपने सम्बोधन में सभी को एनटीपीसी के 50 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं सहयोग व समर्पित भाव से योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही एनटीपीसी की गौरवशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस भव्य आयोजन में एनटीपीसी की उर्जांचल की तीनों इकाइयों के परियोजना प्रमुख, ई.सत्य फणि कुमार, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी विंध्याचल, पंकज मेदीरत्ता, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी रिहंद, राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, सरोजा फणि कुमार, अध्यक्षा, सुहासिनी संघ, अनीता मेदीरत्ता, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मंडल समिति, पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, सुनील प्रसाद सिंह, डाइरेक्टर, टेक्निकल, एनसीएल, आनंद कुमार सिंह, मेघा पावर परियोजना प्रमुख, आर पी सिंह, हिंडालको रेनूसागर पावर हेड, निशांत अग्रवाल, वीपी, सासन, सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन, एनटीपीसी सिंगरौली, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और आसपास की महिलाएं, पुरुष, बच्चे, और हजारों की संख्या में स्थानीय दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन ने किया।

# पन्ना छतरपुर के बाद बाँदा मे खनन से छलनी हो गयी केन

- पानी के लिये मची त्राही त्राही
- पूरी केन मे बडे बडे गड्ढों मे समाया पानी, म.प्र. से बाँदा तक विशाल जलधारा कई जगह नाली बन गयी

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** एक बार सोचकर देखिये बाँदा सहित कई गांवो को पानी देने वाली केन का अगर असतित्व समाप्त हो जाये तो क्या विकल्प है जिला प्रशासन के पास , जी हां स्थितियां और भविष्य तो यही बता रहा है कि जो स्थितियां अप्रैल मई मे होती थी वही स्थिति अभी नवंबर मे बन गयी है जो अप्रत्याशित है और इसके लिये जिला प्रशासन बिल्कुल भी तैयार नही था , जिसके परिणाम स्वरूप पूरे शहर मे त्राही त्राही हो रही है। बाँदा की लाइफलाइन कही जाने वाली केन नदी पर म.प्र मे निरन्तर पन्ना छतरपुर मे मौरंग का बडे पौमाने पर खनन हो रहा है और सबसे बडी बात है कि ये खनन नदी की जलधारा मे बडी बडी लिफ्टर मशीनो से किया जा रहा है , लिफ्टर मशीन का काम जलधारा के नीचे से साफ सुथरी मौरंग निकालना होता है जिससे नदी की जलधारा मे बडे बडे कई फिट गहरे गढ्ढे हो रहै है जिसके परिणाम स्वरूप नदी का पानी आगे ना जाकर इन गढ्ढों मे समा रहा है और जलधारा सिकुड कर समाप्त होती जा रही है। वहीं म.प्र. से निकलकर उ.प्र. मे आते ही केन के साथ जैसा म.प्र. के मौरंग खनन कारोबारी करते है वैसा ही उत्तर प्रदेश के बाँदा के नरैनी क्षेत्र मे हो रहा है , तरीका सभी का एक ही है पहले जलधारा से मौरंग निकालकर अपने निर्धारित पट्टे पर एकत्र कर लेना है जिससे अवैध खनन के कोई सबूत ना मिल सकें , फिर उसे ओवरलोड ट्रकों के द्वारा बेंचा जाता है। इस पूरे मामले मे पर्यावरण विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे मे रहती है जो जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नही करती है, जिससे जलीय जीव जंतुओ की असमय मृत्यु से नदी का पानी दूषित हो जाता है और वही पानी स्थानीय ग्रामीण पीते है और बीमार पड रहे है , कुछ यही हाल वन विभाग का भी है जो नदी के किनारे किनारे कई एकड मे फैला है वो भी खनन के मामले मे अपनी नीतियां चंद पैसों मे बेंच देते है जिससे उनके वन क्षेत्र की कई बीघो मे उगी जंगली बबूल जिसे स्थानीय भाषा मे झलासी कहते है काटकर नदी मे डालकर रास्ता बनाकर ट्रको का परिवहन किया जाता है।

# कृषि इंजीनियरिंग कालेज बन रहा उपलब्धियों का केंद्र

- अधिष्ठाता डा.एन.के.शर्मा ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

वहाज अली निहाल



**इटावा।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा.एन.के.शर्मा ने सोमवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय में विगत दो वर्षों में महाविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुये अवगत कराया कि किसी भी संस्थान का विकास उसके मुखिया पर निर्भर करता है। इसी कड़ी में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डा.आनन्द कुमार सिंह के विस्तृत दृष्टिकोण के क्रम में उनके अथक प्रयास से लगभग बीस वर्ष पुरानी समस्या को दूर कर दिया है। साथ ही संस्थान को उच्च गुणवत्ता के शिक्षक उपलब्ध कराना, सोलर रूफटॉप के लिये कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय को क्रमशःरू.20 लाख एवं 10 लाख उपलब्ध कराना, महाविद्यालयों में बृहद वृक्षारोपण एवं नियमित योग कक्षायें आयोजित करने का भी विशेष सहयोग प्रदान किया है। अधिष्ठाता एवं कुलपति के संयुक्त प्रयास से इन महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश लेने में इस बार काफी वृद्धि भी हुई है। अधिष्ठाता द्वारा महाविद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि, समस्त स्टाफ के लिए बायोमेट्रिक की अनिवार्यता, जी.पी.एस.तसवीरों द्वारा कक्षाओं में पठन-पाठन की निगरानी, सैद्धान्तिक कक्षाओं की अतिरिक्त व्यावहारिक प्रशिक्षण, आईसीएआर द्वारा अनुशंसित अण्डर ग्रेजुएट स्टूडेन्ट रेडी प्रोग्राम के क्रियान्वयन, विभिन्न प्रतिष्ठित आईसीएआर संस्थानों जैसे-एन.वी.एफ.जी.आर., लखनऊ और सी.आई.एफ.ई, मुम्बई के साथ छात्र हितों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के कारण सी.आई.एफ.ए., भुवनेश्वर, केन्द्रीय मत्स्य प्रौ.संस्थान, वेरावल गुजरात और केन्द्रीय खारा जल संस्थान, कोलकाता आदि के छात्रों को इनप्लांट प्रशिक्षण एवम अन्तिम वर्ष के छात्रों को पहली वार ट्रैक्टर उद्योग जैसे-सोनालिका ट्रैक्टर, एस्कार्ट ट्रैक्टर, जेन इरीगेशन आदि में हार्डकोर इन प्लांट ट्रेनिंग कराया जाना, कई बड़ी कम्पनियों द्वारा कैंपस इन्टरव्यू की व्यवस्था जिससे एसेन्चर, टी.सी.एस.जैसी कम्पनियों में प्लेसमेन्ट कराया जाना, गेट जे.आर.एफ. के लिये अलग से तैयारी कराया आदि शामिल हुआ है। इन सभी उपलब्धियों के लिए अधिष्ठाता ने सभी शिक्षक एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों के सहयोग की प्रसंशा की। इसी क्रम में महाविद्यालय के विशाल हरे भरे क्लीन एंड ग्रीन कैंपस में बॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल के सभी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक वन्यजीव रेस्क्यू हेल्पडेस्क की भी स्थापना महाविद्यालय परिसर में ही की गई है। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार डा.पी.के.एस.भदौरियों एवं प्रो0 डा. आशुतोष लोहवंशी, मीडिया प्रभारी मनीष सहाय भी उपस्थित रहे।

# डीपीएस ने ताईक्कांडो में 6 गोल्ड सहित जीते 13 मेडल

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित यूपी स्टेट ताईक्कांडो चैंपियनशिप फेडरेशन कप 2024- 25 में शानदार खेलों का प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड, 3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर अपने स्कूल और जनपद को पुनः गौरवान्वित किया है। राजधानी लखनऊ के चौक स्टेडियम में दिनांक 17 से 19 अक्टूबर तक यूपी स्टेट ताईक्कांडो फेडरेशन कप चैंपियनशिप आयोजित की गई थी जिसमे पूरे उत्तर प्रदेश के सीबीएसई के ईस्ट, वेस्ट, नॉर्थ एवम साउथ जोन के लगभग 1500 ताईक्कांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे स्कूल की खेल प्रशिक्षिक व ताईक्कांडो कोच÷आराधना तिवारी÷के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे इन नन्हें चैंपियंस ने स्टेट लेवल पर भी शानदार विजयश्री हासिल की है। इस स्टेट लेवल ताईक्कांडो चैंपियनशिप में ईस्ट वेस्ट, नॉर्थ, साउथ जोन के अंतर्गत आने वाले राज्यों के सभी सीबीएसई स्कूलों के बेहतरीन खिलाडी प्रतिभाग कर रहे थे लेकिन हमारे डीपीएस इटावा के इन नन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 3 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने विद्यालय के नाम दर्ज कर लिए। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 7 की छात्रा पावनी जैन ने गोल्ड मैडल जीता तो वही क्लास 7 की ही छात्रा अंशिका गोयल ने भी गोल्ड मैडल जीता। इसी क्रम में क्लास 6 की श्रेयांशी ने गोल्ड मेडल जीता तो क्लास 6 की ही दूसरी छात्रा प्रियांशी वर्मा ने भी गोल्ड पर ही निशाना लगाया। इसी प्रकार क्लास 3 की नन्ही चैंपियन आराध्या नगाइच ने गोल्ड मेडल जीता तो क्लास 8 के अरुणव कुमार ने भी गोल्ड जीतकर अपने स्कूल और जनपद का नाम रोशन किया। इसी क्रम में मेडल्स पर निशाना लगाते हुए क्लास 5 के छात्र आदित्य यादव ने सिल्वर मेडल जीता तो क्लास 5 के ही मेघांश यादव ने भी सिल्वर मेडल जीता। इसी क्रम में क्लास 7 के इशित यादव ने भी सिल्वर मेडल पर निशाना लगाया। अंत में क्लास 3 के नन्हे चैंपियन जैनाब अंसारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता तो क्लास 4 की छात्रा रुद्राक्षी कुशवाहा ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। इसी प्रकार से क्लास 3 के छात्र एलविश कुशवाहा और क्लास 5 के छात्र युग प्रताप सिंह ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। इस अवसर पर डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी नन्हें विजेता चैंपियंस को शानदार जीत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह हमारे विद्यालय के बच्चों की शिक्षा और खेल की संयुक्त विशिष्ट उपलब्धि भी है जो उनके आने वाले जीवन में उन्हें एक राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी भी अवश्य बनाएगी। चेयरमैन डॉ विवेक यादव , वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी विजेताओं सहित बच्चों की ताईकवांडो कोच आराधना तिवारी को उनकी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। समस्त डीपीएस परिवार में इन 13 मेडल्स की शानदार जीत के बाद खुशी का माहौल है।

## एनटीपीसी के 50वां स्थापना दिवस समारोह पर संगीत संध्या का आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल मे एनटीपीसी के 50वां स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 10 नवम्बर 2024 परियोजना के अम्बेडकर स्टेडियम मे भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवारजनों के साथ-साथ भारी संख्या मे दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर मोहम्मद दानिश (इंडियन आइडल फेम) और इशिता विश्वकर्मा (सारेगामापा की विजेता और इंडिया%स गॉट टैलेंट शो की रनर-अप) को आमंत्रित किया गया था, जिन्होनें अपनी-अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित सभी लोगो का भरपूर मनोरंजन किया और उन्होनें अपनी-अपनी कला के माध्यम से सबको आनंदविभोर कर दिया, जिसे सभी नें खूब सराहा। साथ ही कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) श्री ई. सत्या फणि कुमार एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा इस समारोह के आयोजन के लिए टीम विंध्याचल के प्रयासों की सराहना की गई।

# समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

- लोक सेवा आयोग अध्यक्ष नामित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को दिया

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी द्वारा अपनी 10 सूत्री मांग पत्र को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोक सेवा आयोग अध्यक्ष नामित ज्ञापन संबंधित को देखकर बुलंद की आवाज। अमरेश यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा सपा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 व समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को पूर्व की भांति आयोजित किया जाए जिसको लेकर ज्ञापन पत्र दिया गया। युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव, ने बताया कि उपर्युक्त विषयक परीक्षाओं की प्रक्रिया में संभावित परिवर्तन यथा एक से अधिक दिवस व अधिक पालियों में कराए जाने से परीक्षा परिणाम में नॉर्मलाइजेशन की व्यापक संभावना को देखते हुए समाजवादी छात्र सभा निम्न बिंदुओं पर अपनी चिंता माननीय राज्यपाल महोदया एवं आयोग को अवगत कराना चाहती है परीक्षा की अलग-अलग पालियों के प्रश्न पत्रों में प्रश्नों की प्रकृति (सरल व कठिन) के पहचान की कोई पद्धति नहीं है इस अंतर को नॉर्मलाइजेशन से भरा नहीं जा सकता है। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया लागू होने से उपर्युक्त परीक्षा परिणामों में भी व्यापक विसंगति आएगी। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया त्रुटि पूर्ण व विवादित रही है पूर्व में भी या विभिन्न परीक्षा परिणामों में व्यापक विसंगति उत्पन्न की है।

# विहिप ने सौंपा बाम्बेश्वर पर्वत स्थित मस्जिद के संबंध में ज्ञापन

- बाम्बेश्वर पहाड पर अवैध निर्माण बना विवाद की जड़

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** विश्व हिन्दू परिषद जिला बाँदा के तत्वावधान मे बाँदा नगर के छाबी तालाब स्थित मस्जिद के ध्वस्तीकरण के सम्बंध में जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। विहिप जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी के बताया कि बाँदा नगर के छाबी तालाब वह कैलाशपुरी में बामदेवेश्वर पर्वत स्थित है। महर्षि बामदेव की तपस्थली होने तथा महर्षि बामदेव द्वारा पर्वत की गुफा में शिवलिंग की स्थापना किए जाने के कारण यह पर्वत धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जो बांदा नगर का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है और पर्वत पर बना हुआ भगवान शंकर का विशाल मंदिर हिंदू आस्था का केंद्र है पर्वत के निचले स्तर पर मोहल्ला छवि तालाब के एरिया में हिंदू बस्ती है जहां अधिकांश बाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं इस व हिंदू बस्ती के मध्य कोराना काल में जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त किए बिना व मस्जिद निर्माण के लिए निर्धारित कानूनी मापदंडों का उल्लंघन करके कुछ लोगों द्वारा एक मस्जिद का निर्माण कराया गया है। मस्जिद में बाहरी लोग आकर रुकते हैं तथा अवांछित गतिविधियां संचालित होती हैं यह मस्जिद हिंदू बस्ती के मध्य बनाई गई है जिसका मुख्य उद्देश्य मस्जिद के आसपास रहने वाले वाल्मीकि समाज के हिंदुओं का धर्मांतरण करना संगठन को बामदेश्वर पर्वत क्षेत्र वह हिंदू बस्ती के मध्य बनी अवैध मस्जिद कतई स्वीकार नहीं है। क्योंकि भविष्य में पर्वत पर बने मंदिर की पवित्रता एवं सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है। अतः आपसे अनुरोध है कि इस अवैध मस्जिद की जांच कराकर मस्जिद को ध्वस्त करने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करें। यदि प्रशासन द्वारा एक माह के भीतर प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है तो विश्व हिंदू परिषद मस्जिद को ध्वस्त करने हेतु कारसेवा करने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद विभागाध्यक्ष अशोक ओमर जी, विभाग मठ मन्दिर प्रमुख शान्तनु चतुर्वेदि, जिला मंत्री दीपू दीक्षित, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश चौरसिया, सह प्रचार प्रसार प्रमुख सुजीत कुमार, सेवा प्रमुख लक्ष्मीकांत गुप्ता, नगर अध्यक्ष सनी धुरिया, महेंद्र चौहान, जिला संयोजक केपी प्रजापति, सह संयोजक देवराज राजपूत सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करे शिकायत: रूबी प्रशाद

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 0, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 1, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 1, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन

- जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** समग्र शिक्षा के अन्तर्गत महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के आदेश के क्रम में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय महिला महाविद्यालय, हमीरपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी घनश्याम मीना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा दीप प्रज्जवलन, सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं कार्य क्रम की अवधारणाए प्रस्तुत कर कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त आये हुए मुख्य अतिथियों का बैच अलंकरण एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विज्ञानपरक कार्यक्रमों से सोचने समझने तथा प्रयोगात्मक ज्ञान में अभिवृद्धि होती है विज्ञान से तार्किक ज्ञान में वृद्धि होती है, उन्होने वर्षा जल संचयन, जैविक कृषि एवं नयी तकनीकि पर बने माडलो को देखकर खुशी जाहिर की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों की प्रशंसा करते हुए जीवन में ज्ञान को विज्ञान से जोड़ते हुए जीवन के सतत विकास का दीपक हमेशा जलाये रखने का आर्शीवाद प्रदान किया। कार्यक्रम में विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं विज्ञान मॉडल की प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्र आशिक कम्पोजिट विद्यालय (1-8) सिलौली मौदहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं माडल प्रतियोगिता में संविलियन कन्या उच्च प्रा0वि0 अतरार सुमेरपुर की छात्रा नेहा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसका मॉडल रेडियो फिक्रेंसी आइडेन्टीफिकेसन सिस्टम पर आधारित था। प्रथम पांच विजेताओं को टेलीस्कोप एवं विज्ञान किट सभी बच्चों को उपलब्ध करायी गयी। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के प्रथम पांच विजेताओं को टैबलेट स्मार्ट फोन÷ देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में नगर शिक्षा अधिकारी द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के संयोजक आलोक त्रिपाठी जिला समन्वयक द्वारा सभी आये हुए शिक्षक एवं बच्चों का धन्यवाद दिया और सहयोग की आकांक्षा के इस अवसर पर अभिषेक त्रिपाठी, अखिलेश शुक्ला, रमाकान्त पाण्डेय ब्रिजमोहन यादव, उमाशंकर प्रजापति, नरेन्द्र राजपूत, विनयशुक्ला आशुतोष गोस्वामी सत्येन्द्र, राजेश कुमार, वरुता यादव, राम कृष्णशुक्ल रावेन्द्र सिंह गौर, अशोक पाल, का सराहनीय सहयोग रहा।

# बिना चिंता कराइए उपचार, हॉस्पिटल का पैसा देगी सरकार : योगी

## जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मदद मांगने आए लोगों को मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

अवधनामा ब्यूरो

- मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर में 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं
- अधिकारियों को दिए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को आत्मीय भरोसा दिया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इस दौरान अफसरोंको निर्देशित किया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम विधानसभा उपचुनाव प्रचार करने के बाद गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार पूर्वाह्न झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज मेदांता अस्पताल में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के भी कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# कृषि मंत्री ने की खेत तालाब योजना की समीक्षा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा सोमवार को कृषि निदेशालय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक, वर्षा जल संचयन की खेत तालाब योजना, पं0 दीनदयाल किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत बीहड़ सुधार के कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक की परियोजना को भूमि संरक्षण की पं0 दीनदयाल योजना, खेत तालाब योजना तथा आरएडी योजना के साथ समन्वित उपचार कर जल संचयन, मृदा संरक्षण, अजीविका संवर्द्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक कर माडल वाटरशेड में अनुकरण कर जलागम विकास किया जाए। उन्होंने सभी योजनाओं के लक्ष्य को तेजी से भौतिक प्रगति के निर्देश दिये, जिससे किसानों को किसी प्रकार की सिंचाई समस्या का सामना न करना पड़े तथा उनके खेतों का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाई जा सके। इस योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर की स्थापना हेतु उद्यान विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से तकनीकी स्वीकृति एवं त्रिपक्षीय अनुबंध के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि खेत तालाब खोद चुके सभी लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भूमि संरक्षण अधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर की जाए।

# शिया वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

- बोर्ड कर्मियों के अनुसार पिछले 41 महीनों का वेतन नहीं मिला



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों ने वेतन को लेकर सोमवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। बोर्ड कर्मियों के अनुसार पिछले 41 महीनों का वेतन नहीं मिला है, जिसमें वर्तमान बोर्ड के समय का 4 महीने का वेतन शामिल है। इसके अलावा पूर्व के बोर्डों का 37 महीनों का वेतन बकाया है। समय से वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने गंभीर वित्तीय संकट उत्पन्न हो गये हैं। वहीं बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि वर्तमान बोर्ड के समय का 4 महीने का वेतन बकाया है। बोर्ड में पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति होते ही कर्मचारियों के वेतन की समस्या का समाधान कराया जाएगा। बोर्ड कर्मचारियों के अनुसार बोर्ड कर्मियों ने बोर्ड चेयरमैन को वेतन के संबंध में हाल ही में बीती 6 नवम्बर को चेयरमैन को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें समय से वेतन न मिलने की वजह से हो रही परेशानियों का जिक्र करते हुए बकाया वेतन जारी कराने की मांग की गयी थी। इससे पूर्व भी कई बार वेतन को लेकर अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके प्रतिमाह समय से वेतन न मिलने से बच्चों के स्कूल की फीस, दवा, घर का किराया आदि सब कुछ प्रभावित हो रहा है। वहीं रोजमर्रा की जरूरतों और आर्थिक तंगी को लेकर अवसाद का सामना भी करना पड़ रहा है। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीज अहमद ने पिछले महीने निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को बोर्ड के वित्तीय संकट का जिक्र करते हुए कर्मचारियों के वेतन आदि को लेकर अनुदान दिये जाने का पत्र भेजा था। उस पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि बोर्ड में पूर्णकालिक सीईओ न होने की वजह से कर्मचारियों के वेतन संकट है। उनके कार्यकाल के 4 महीने का वेतन बकाया और शेष बकाया पूर्व के बोर्डों के कार्यकाल का है। वर्तमान सीईओ शिया-सुन्नी दोनों वक्फ बोर्डों के प्रभार के साथ ही तकनीकी शिक्षा विभाग का काम भी देख रहे हैं, जिसके चलते उनका बोर्ड में कम आना होता है। बोर्ड कर्मियों का वेतन वक्फ से मिलने वाले 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष अंशदान से दिया जाता है। ऐसे में बोर्ड में पूर्णकालिक सीईओ की तैनाती बहुत जरूरी है। श्री जैदी ने कहा कि बोर्ड में पूर्णकालिक सीईओ की नियुक्ति होने के साथ ही वेतन की समस्या दूर हो जाएगी।

### अयोध्या में भास्कर भवन को होगा जीर्णोद्धार

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या स्थित भास्कर भवन का 2.95 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए 2 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इससे आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं मिलेंगीं। इस बात की जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मौजूदा वर्ष 2024 में जनवरी से जून के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 33 करोड़ पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 11 करोड़ पर्यटकों ने अयोध्या का दौरा किया। इसी को ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग अयोध्या में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भास्कर भवन का विशेष महत्व है। यह तीर्थ स्थान ऋषि-मुनियों की तपोस्थली रही है। राम नवमी, दशहरा, दुर्गा पूजा और पूर्णिमा आदि अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इसको देखते हुए पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। भवन में 2.95 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार के साथ-साथ हॉर्टिकल्चर, लैंडस्केपिंग कराई जाएगी।

# भगवान बुद्ध ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ समता का सन्देश दिया : असीम अरूण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग (उ.प्र.) एवं पर्यटन विभाग (उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के अन्तर्गत 'पालि साहित्य सम्मेलन-2024' का आयोजन 09 से 11 नवम्बर की अवधि में बुद्ध विहार शान्ति उपवन, आलमबाग (लखनऊ) में संपन्न हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन, समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि मैडम रिनचेन ल्हामो, सदस्य एन.सी.एम. दिल्ली, हरगोविन्द बौद्ध, का0 अध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान तथा मुख्य वक्तृता डॉ दीपक वोहरा, विशेष सलाहकार, मेड इन भारत, अफ्रीका थे। सम्मेलन के तीसरे दिन (समापन दिवस) के कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन के तीसरे दिन 11 नवंबर को चार सत्रों में 30 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनकी अध्यक्षता प्रो0 अरूण कुमार यादव, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने की। आपने बताया कि पालि भाषा बौद्ध धर्म के समझने के लिए तथ्यात्मक आधार बनी हुई है।

समापन कार्यक्रम में हरगोविन्द बौद्ध जी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा बताया कि पालि भाषा जो लुप्तप्राय हो रही थी, उसको जनमान्य की भाषा बनाये जाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान कर एक सार्थक प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 दीपक बोरा ने पावर पॉइंट्स प्रजेंटेशन (पी0पी0टी0) के माध्यम से बौद्ध धर्म की वर्तमान में उपयोगिता तथा विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत किया। आपने बताया कि भारत के नागरिक अपने लिए ही नही, बल्कि पूरी दुनियां के लिए जीते हैं। यहाँ के हर नागरिक में भारत बसता है। मैडम रिनचेन ल्हामो बताया कि भगवान बुद्ध के वचनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री ने पालि भाषा को शास्त्रीय दर्जा प्रदान किया इसके साथ ही बौद्ध शिक्षा एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार निरन्तर सार्थक प्रयास कर रही है।

### अनुसूचित जनजातियों के चौमुखी विकास हेतु सरकार कटिबद्ध

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अनुसूचित जनजातीय के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे- आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है।

प्रदेश के समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए संचालित ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' की जानकारी देते हुए बताया कि ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को किया। इस योजना से देशभर में 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों से संतृप्त किया जा रहा है।

# डॉ. बिन्नो रिज़वी को निशान ए उर्दू अवॉर्ड से किया गया सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की तरफ से यौमे उर्दू के मौक़े पर जश्न-ए शीरी ज़बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नगर निगम निदेशालय में वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी डॉ. बिन्नो अब्बास रिज़वी को, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की तरफ से निशान ए उर्दू अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. बिन्नो रिज़वी द्वारा ग़ज़ल पर लिखी गई किताब जदीद उर्दू ग़ज़ल रियायत व इक्तिराआत की भी रस्म ए इजरा किया गया। जिसमें शहर की उर्दू अदब से जुड़ी हुई कई अहम हस्तियां शामिल थीं। आपने अर्थशास्त्र में और उर्दू में मास्टर करने के बाद पीएचडी की डिग्री लखनऊ विश्वविद्यालय से हासिल की है। इस सिलसिले में डॉ बिन्नो ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि। उनको सन 1996 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन गवर्नर मोती लाल बोरा द्वारा उन्हें वाइस चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। बिन्नो रिज़वी अपनी समाज सेवा के लिए भी जानी जाती हैं। उन्हें समाजसेवियों की तरफ से अनेकों अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें भारतीय नारी सम्मान, प्राइड ऑफ वूमेन अवॉर्ड, वूमेन अचीवर अवॉर्ड, शान-ए-अवध और अन्य प्रमुख अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है।

# आरडीएसओ द्वारा अनुकम्पा अदालत का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ में कोमृतक कर्मचारियों के आश्रितगणों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी परिवादों के निपटान हेतु अमर नाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/आरडीएसओ के मार्गदर्शन में अनुकम्पा अदालत का आयोजन किया गया।

आश्रितगणों एवं परिवादियों ने उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपना परिवाद प्रस्तुत किया। अनुकम्पा अदालत द्वारा सभी परिवादियों के परिवादों कोबड़े धैर्य से सुना गया और रेलवे बोर्ड के नियमो के परिपेक्ष्य मे उसका सन्तोषजनक समाधान किया गया एवं संबंधित नियमों की प्रतियाँ भी प्रदान की गयी। सभी परिवादी पूर्ण रूप से संतुष्ट हुए और उन्होंने अपनी समस्याओ के सौहार्दपूर्ण समाधान पर लिखित रूप से संतुष्टि प्रदान की।

# धूमधाम से मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती

अवधनामा ब्यूरो



- मौलाना अबुल कलाम आजाद की कुर्बानियों को कभी बुलाया नहीं जा सकता : डॉ अम्मार रिज़वी

**सीतापुर/लखनऊ।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री अब्दुल कलाम आजाद बड़े हर्ष उल्लास के साथ मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ ह्यूमैनिटीज साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सभागार हाल में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के सचिव व पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी व डॉक्टर मोहम्मद रिजवान आदि ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात जन्मदिवस पर एक कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसको संबोधित करते हुए डॉ अम्मार रिज़वी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद की कुर्बानियों को कभी बुलाया नहीं जा सकता उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद देश के बंटवारे के खिलाफ थे वह नहीं चाहते थे कि देश का बंटवारा हो उन्होंने प्रधानमंत्री पद को भी अस्वीकार किया था उनके जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मोहम्मद रिजवान प्रोफेसर प्रदीप वर्मा डॉक्टर जफर अब्बास ने भी संबोधित किया इंस्टिट्यूट की ओर से अम्मार रिजवी ने मुख्य अतिथि डॉ मोहम्मद रिजवान को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शशी प्रभा ने किया इस अवसर पर डॉक्टर मंजू शुक्ला डॉक्टर देवकी जौहरी राजेश सिंह डॉक्टर अंकुर सिंह डॉक्टर अफशिन रिजवी इरफान मंसूरी अनुज जैन पप्पू रिज़वी सुनीता गौतम अंजू सिंह अर्पित शुक्ला सहित तमाम समाजसेवी और छात्र-छात्राएं व अध्यापक मौजूद रहे।

# न्यायालय के फैसले का सम्मान करे संवैधानिक पदों पर बैठे लोग

## अमुवि के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व बिहार के सहप्रभारी शाहनवाज आलम ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नकारात्मक टिप्पणी करने को उच्चतम न्यायालय की अवमानना बताया है। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में अमुवि के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर फैसला सुनाया था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के खैर विधानसभा में प्रचार के दौरान अमुवि के अल्पसंख्यक दर्जे के खिलाफ टिप्पणी की थी। श्री आलम ने अपने बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करना और उसे क्रियान्वित करना संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की जिम्मेदारी होती है। अगर उच्चतम न्यायालय ने एएमयू के अल्पसंख्यक चरित्र के पक्ष में फैसला दिया है तो मुख्यमंत्री को इस पर सवाल उठाने के बजाए उसका सम्मान करना चाहिए। अगर वे इसके खिलाफ टिप्पणी करते हैं तो इसका मलतब है कि मुख्यमंत्री न्यायपालिका की अवमानना कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। श्री आलम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय सिर्फ फैसला देकर आंख बंद नहीं कर सकता, उसे अपने फैसलों की अवमानना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करना चाहिए। श्री आलम ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान बनाने और स्वायत्त तरीके से संचालित करने का अधिकार देता है।

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती

**लखनऊ।** आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आजाद की 137वीं पुण्यतिथि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने मौलाना आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौलाना आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि आजाद भारत और स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना आजाद के बहुमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका एक-एक कदम देश को आजाद कराने और राष्ट्र के निर्माण को समर्पित था। हमें उनके समर्पण और बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता बृजेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, रविन्द्र पटेल, नावेद नकवी, अन्नू सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# उ. रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्री प्रबंधन में पाई सफलता

## इस त्यौहारी सीज़न के दौरान, उत्तर रेलवे ने 6 करोड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान की, 3500 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां संचालित कीं

अवधनामा ब्यूरो



- यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के बड़े प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत देश भर में 7,724 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया, जिससे 20 करोड़ यात्रियों को मिली सुविधा

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे ने दीवाली और छठ पूजा के दौरान अभूतपूर्व यात्री संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। इस अवधि में उत्तर रेलवे ने लगभग 6 करोड़ यात्रियों को सुविधाएं दीं। यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए, उत्तर रेलवे ने 3,500 से ज़्यादा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया, जिससे 6 करोड़ यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सकी। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के समग्र प्रयास का हिस्सा है, जिसमें देश भर में 7,724 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया गया, जिससे 20 करोड़ यात्रियों को सफर की सुविधा मिली।

गौरतलब है कि भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर 2024 को एक दिन मे 3 करोड़ से अधिक यात्रियों को यात्रा कराई जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, ÷हम इस त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती संख्या को सफलतापूर्वक संभालते हुए यात्री परिवहन में एक नया मानक स्थापित करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और संतुष्टि बनी रहेगी, और हम कुशल और परेशानीमुक्त रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। त्यौहारों के इस मौसम में उत्तर रेलवे ने विशेष प्रबंध किए। रेलवे स्टेशनों पर एक मिनी कंट्रोल स्थापित कर यात्रियों की लगातार निगरानी की गई। घोषित विशेष रेलगाड़ियों के अलावा, मांग के अनुसार अनारक्षित रेलगाड़ियां भी चलाई गई ताकि यात्रियों को स्टेशन पर ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े।

महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों को प्लेटफॉर्मो पर जाने से रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। इन क्षेत्रों में यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ी स्क्रीन पर रेलगाड़ी की जानकारी और मनोरंजन की व्यवस्था, अतिरिक्त विशेष टिकट काउंटर, एटीवीएम, आरपीएफ हेल्पडेस्क, और प्लेटफॉर्मो तथा रेलगाड़ियों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला स्टाफ सहित अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की गई।

मनीला रस्सियों का उपयोग करके प्लेटफॉर्मो पर भीड़ को व्यवस्थित किया गया, और आरपीएफ कर्मियों ने हाथ से पकड़े जाने वाले लाउडस्पीकर का उपयोग करके जीएस कोचों में यात्रियों के प्रवेश को नियंत्रित किया। आरक्षित कोचों में अवैध प्रवेश को रोकने, ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर रोक, धूम्रपान और गंदगी पर नियंत्रण जैसे कड़े उपाय किए गए। टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भीड़ प्रबंधन के लिए फुटओवर ब्रिज, प्रवेश/निकास, प्लेटफॉर्म, बुकिंग ऑफिस और अन्य स्थानों पर की गई।

प्लेटफॉर्मो पर खान-पान के लिए फूड स्टॉल लगाए गए और जनता खाना भी उपलब्ध कराया गया। विशेष रेलगाड़ियों और अतिरिक्त कोचों की समय-समय पर घोषणाएं की गई। संचालन की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तर रेलवे ने स्टेशन प्रबंधकों को आखिरी मिनट में प्लेटफॉर्म बदलने से बचने का निर्देश दिया। त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के लिए विशेष प्लेटफॉर्म आवंटित किए गए। उत्तर रेलवे ने यात्री सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी और स्टेशनों व रेलगाड़ियों में कड़े यात्री प्रबंधन उपाय लागू किए। रेलवे के समर्पित कर्मचारियों ने यात्रियों के लिए एक आसान और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम किया।